RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 80
नई दिल्ली, सोमवार, 23 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




शमी की उमरान को सलाह
स्पोर्ट्स-12

# कुछ लोग खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं: किरेन रिजिजू

● केंद्रीय कानून मंत्री ने पूर्व जज का वीडियो साझा कर उनके विचारों का समर्थन किया, कहा-यह एक न्यायाधीश की आवाज है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कानून** मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के विचारों का समर्थन करने की कोशिश की, जिन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद न्यायाधीशों की नियुक्ति का फैसला कर संविधान का अपहरण किया है।

हालिया समय में उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर सरकार और न्यायपालिका के बीच टकराव बढ़ा है। रिजिजू ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरएस सोढ़ी (सेवानिवृत्त) के एक साक्षात्कार का वीडियो साझा करते हुए कहा कि यह एक न्यायाधीश की आवाज है और अधिकांश लोगों के इसी तरह के समझदारीपूर्ण विचार हैं। न्यायमूर्ति सोढ़ी ने कहा कि कानून बनाने का अधिकार संसद के पास है। कानून मंत्री ने यह भी कहा, वास्तव में अधिकांश लोगों के इसी तरह के समझदारीपूर्ण विचार हैं। केवल कुछ लोग हैं, जो संविधान के प्रावधानों और जनादेश की अवहेलना करते हैं और उन्हें लगता है कि वे भारत के संविधान से ऊपर हैं।

मंत्री ने ट्वीट किया, भारतीय लोकतंत्र की असली खूबसूरती इसकी सफलता है। लोग अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से खुद पर शासन करते हैं। चुने हुए प्रतिनिधि लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं और कानून बनाते हैं। हमारी न्यायपालिका स्वतंत्र है और हमारा संविधान सर्वोच्च है। साक्षात्कार में न्यायमूर्ति सोढ़ी ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत कानून नहीं बना सकती, क्योंकि उसके पास ऐसा करने का ( शेष पेज 8 )

## मोदी ने सीजेआई के विचारों को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● प्रधान न्यायाधीश ने कोर्ट के निर्णयों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने में एआई तकनीक की मदद लेने का दिया है सुझाव

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के जोर देने की रविवार को सराहना की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, हाल में एक कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय के फैसलों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने की बात कही।

उन्होंने इसके लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का भी सुझाव दिया। यह एक प्रशंसनीय विचार है, जो कई लोगों की मदद करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश के संबोधन के संबंधित वीडियो क्लिप को भी साझा किया। अतीत में प्रधानमंत्री ने न्यायिक निर्णयों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराकर आम आदमी के लिए अधिक सुलभ बनाने की लगातार हिमायत की है।

मोदी ने एक अन्य ट्वीट में कहा, भारत में कई भाषाएं हैं, जो हमारी सांस्कृतिक जीवंतता को बढ़ाती हैं। केंद्र सरकार भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रयास कर रही है, जिसमें इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे विषयों को अपनी मातृभाषा में पढ़ने का विकल्प शामिल है।

# राहुल की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: कांग्रेस

● जम्मू में दोहरे बम धमाके एक दिन बाद पाटी ने दिया बयान, कहा- राहुल बनिहाल में गणतंत्र दिवस मनाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** सांबा, जम्मू



जम्मू कश्मीर के सांबा में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी

**जम्मू** के बाहरी इलाके में दो बम विस्फोटों में नौ लोगों के घायल होने के एक दिन बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यात्रा बृहस्पतिवार शाम पंजाब होते हुए जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में दाखिल हुई थी। शनिवार को एक दिन के विराम के बाद यात्रा रविवार को हीरानगर से शुरू हुई और 23 जनवरी को जम्मू पहुंचेगी।

यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। पार्टी नेताओं के अनुसार, गांधी जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे बनिहाल में लोगों के साथ गणतंत्र दिवस मना सकते हैं। गांधी परिवार की सुरक्षा के बारे में रमेश ने कहा कि आतंकवाद पर पार्टी का रुख स्पष्ट है और आतंकवाद के षड्यंत्रकारियों या प्रायोजकों से निपटने में कोई समझौता नहीं होगा। सांबा के चक नानक में रमेश ने संवाददाताओं से कहा, गांधी की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम सुरक्षा एजेंसियों के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं। हीरानगर से 21 किमी की दूरी तय करने के बाद यात्रा रात के लिए सांबा में रुकेगी।

पार्टी की जम्मू कश्मीर प्रभारी रजनी पाटिल, जम्मू कश्मीर कांग्रेस प्रमुख विकार रसूल वानी और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार समाप्त होगी। वानी ने कहा, राहुल गांधी केंद्र शासित प्रदेश में यात्रा कर रहे हैं और गणतंत्र दिवस पर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे बनिहाल में तिरंगा फहरा सकते हैं। जम्मू के बाहरी हिस्से के एक व्यस्त इलाके में शनिवार को दो विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मरम्मत की एक दुकान में खड़ी एसयूवी और पास के कबाड़खाने में एक वाहन में विस्फोट करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया था।

हमले की निंदा करते हुए पार्टी प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में यात्रा का अंतिम चरण सुरक्षा एजेंसियों के परामर्श से तय किया गया था। उन्होंने कहा, हम अपने नेता की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं। एक दिन पहले दोहरे विस्फोट से सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठा है। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हैं और अपना काम संतोषजनक ढंग से कर रही हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं के मद्देनजर सरकार का यह दावा झूठा साबित होता है कि आतंकवाद को खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा, 31 दिसंबर को, उन्होंने (सुरक्षा एजेंसियों ने) दावा किया था कि आतंकवाद का ( शेष पेज 8 )

# शाहरुख ने फोन कर फिल्म पठान के खिलाफ प्रदर्शन पर जताई चिंता



● असम के मुख्यमंत्री ने अभिनेता को किसी अप्रिय घटना न होने देने का दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अभिनेता शाहरुख खान ने रविवार को फोन पर उनसे बात करके शहर में फिल्म पठान के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों पर चिंता जताई है। शर्मा ने शाहरुख को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार फिल्म के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बारे में पता करेगी और सुनिश्चित करेगी कि फिर से कोई अप्रिय घटना ना हो।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ने कहा था कि कौन हैं शाहरुख खान? मैं उनके या उनकी फिल्म पठान के बारे में कुछ नहीं जानता। मुख्यमंत्री ने फिल्म के खिलाफ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के हिंसक प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर यह टिप्पणी की थी। गौरतलब है कि शुक्रवार को शहर के नारेंगी सिनेमाघर पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धावा बोल दिया था, जहां फिल्म का प्रदर्शन होना है। दक्षिणपंथी समूह के कार्यकर्ताओं ने फिल्म के पोस्टर फाड़ दिए थे और उन्हें आग के हवाले कर दिया था।

शर्मा ने अपने ट्वीट में कहा है, बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने मुझे फोन किया और आज तड़के दो बजे हमने बातचीत की। उन्होंने गुवाहाटी में अपनी फिल्म के प्रदर्शन के दौरान हुई घटना पर चिंता जताई। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हम पता करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कोई अप्रिय घटना न ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में रविवार को गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी के लिए पूर्वाभ्यास करतीं असम की कलाकार। फोटो: रंजन डिमरी

# पुलिस बल को अधिक संवेदनशील बनाया जाना चाहिए: प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि पुलिस बल को अधिक संवेदनशील बनाया जाना चाहिए और पैदल गश्त जैसे पारंपरिक पुलिस तंत्र को और मजबूत करते हुए उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। पुलिस महानिदेशकों, महानिरीक्षकों के 57वें अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने क्षमताओं का लाभ उठाने और सर्वोत्तम तरीकों को साझा करने के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने अप्रचलित आपराधिक कानूनों को निरस्त करने, राज्यों में पुलिस संगठनों के लिए मानकों के निर्माण सुझाव दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने पुलिस बल को अधिक संवेदनशील बनाने और उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। उन्होंने अधिकारियों द्वारा लगातार दौरे कर सीमा के साथ-साथ तटीय सुरक्षा को मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एजेंसियों में डाटा विनिमय को सुचारू बनाने के लिए राष्ट्रीय डाटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने सुझाव दिया कि जहां पुलिस बल को बायोमेट्रिक्स आदि जैसे तकनीकी समाधानों का और अधिक लाभ उठाना चाहिए, वहीं पैदल गश्त जैसे पारंपरिक पुलिस तंत्र को और मजबूत करने की भी आवश्यकता है।

मोदी ने जेल प्रबंधन में सुधार के लिए जेल सुधारों का भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उभरती चुनौतियों पर ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,621 | |
| निफ्टी | 18,027 | |
| सोना | 57,025 | /10g |
| चांदी | 69,208 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उपेंद्र कुशवाहा ने नहीं खोले पत्ते

**पटना।** जद-यू संसदीय बोर्ड के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को पार्टी के प्रति बढ़ती असंतोष की भावना पर विराम लगाया, लेकिन अपनी रणनीति को लेकर पत्ते अभी नही खोले है। कुशवाहा कुछ जांच के लिए राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती है और यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं ने उनसे मुलाकात की थी। कुशवाहा ने यह स्पष्ट किया कि 100 प्रतिशत से अधिकतय है कि वह भाजपा के कभी सदस्य नही बनेंगे। उन्होंने हालांकि नाराजगी व्यक्त की कि उनकी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के विलय के लगभग दो साल बाद भी ऐसा प्रतीत होता है कि लोग आश्वस्त नहीं है कि मै पूरी तरह से जद (यू) के साथ हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ दिया था।

# लॉस एंजिलिस में फायरिंग, 10 की मौत



अमेरिका के लॉस एंजिलिस में फायरिंग के बाद घटना स्थल पर जांच को पहुंची पुलिस

**एपी।** मोंटेरी पार्क

● दस लोग जख्मी, आरोपी अभी पकड़ से बाहर

**अमेरिका** के लॉस एंजिलिस में लूनर न्यू ईयर (चंद्र नववर्ष) का जश्न मनाए जाने के बाद शनिवार देर रात गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। गोलीबारी करने वाला संदिग्ध व्यक्ति फरार है। पुलिस ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस शेरिफ विभाग के कैप्टन एंडक्यू मेयर ने रविवार को कहा कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, तो लोग चिल्लाते हुए बाहर निकल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी डांस बॉलरूम में गए और अग्निशमन कर्मियों ने घायलों का इलाज किया। मोंटेरे पार्क में लगभग 60,000 लोग रहते हैं। यह लॉस एंजिलिस शहर से लगभग 16 किलोमीटर दूर है।

सेउंग वोन चोई, जो क्लैम हाउस सीफूड बारबीक्यू रेस्तरां के मालिक हैं, जहां से गोलीबारी हुई थी। चोई ने लॉस एंजिलिस टाइम्स को बताया कि तीन लोग उनके रेस्तरां में आए और उनसे दरवाजे ( शेष पेज 8 )

# बोस के वे 2300 शहीद सैनिक, जो भुला दिए गए

● आजाद हिंद फौज के बहादुर युद्धबंदी सन 1945 में 25/26 सितंबर की मध्यरात्रि को पश्चिम बंगाल में हुए थे अंग्रेज सेना की गोलियों के शिकार

● अभी तक अफवाह ही बताई गई घटना के बारे में शोधकर्ता तामल सान्याल ने निकाली पुख्ता जानकारी

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली




नेताजी की जयंती की पूर्व संध्या पर पुरी में रेत से उनका चित्र बनाकर श्रद्धांजलि दी गयी

**आजाद** हिंद फौज और उसके महान नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की वीरतापूर्ण लड़ाई की कहानियां तो इतिहास दोहराता रहा है, परंतु भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) के नाम से भी मशहूर सुभाष की इस सेना के उन 2300 सैनिकों को भुला दिया गया, जिन्हें सन 1945 में 25/26 सितंबर की मध्यरात्रि को पश्चिम बंगाल स्थित बैरकपुर के पास नीलगंज में ब्रिटिश-इंडियन आर्मी द्वारा मार डाला गया था।

हाल ही में शोधकर्ता तामल सान्याल ने तीन साल की कड़ी मेहनत के बाद आईएनए के उन गुमनाम सैनिकों के बारे में एक से बढ़कर एक जानकारी निकाली है जो ब्रिटिश कैद के दौरान बंगाल में नरसंहार में मार दिए गए थे। आईएनए के बारे में कई कहानियां लिखी गई हैं। यहां तक कि इसके क्रांतिकारी नेताओं के बारे में कुछ फिल्में भी बनाई गई हैं, लेकिन इस पूरे प्रकरण में एक ऐसा अध्याय भी है, जो अब तक लोगों की नजरों में नहीं आ पाया। सान्याल के शोध से पता चला है कि द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद ब्रिटिश सेना ने अविभाजित बंगाल में तीन युद्ध बंदी (पीओडब्ल्यू) शिविर संचालित किए थे। भारत-बर्मा सीमा और उत्तर पूर्वी भारत से पकड़े गए आईएनए के सैनिकों को वहीं रखा गया था।

इन युद्धबंदी शिविरों में विशेष पिंजरे बने हुए थे, जिसके अंदर आईएनए कैदियों को रखा गया था और उन पर सशस्त्र संतरी चौबीसों घंटे निगाह रखते थे। ये तीनों शिविर पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बैरकपुर के पास स्थित बारासात, नीलगंज और झिकोरगछा (अब बांग्लादेश के जैसोर जिले में) में स्थित थे। नीलगंज शिविर के अवशेष अभी भी मौजूद हैं। बाद में 1953 यहां केंद्र सरकार ने सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर जूट एंड एलाइड फाइबर्स (सीआरआईजेएएफ) का निर्माण इस कैंप की जगह कर दिया। बाद में यह भी कहा गया कि इस कैंप की जगह यह प्रतिष्ठित संस्थान अंग्रेजों द्वारा किए गए आईएनए के सैनिकों के नरसंहार को छिपाने-दबाने के लिए बनाया गया। सान्याल ने द पायनियर को बताया ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 23 जनवरी, 2023



# पत्नी के प्रेमी की हत्या कर शव के किए 20 टुकड़े

## हैवानियत ऐसी कि सिर को धड़ से अलग कर डाला, मृतक युवक के गुप्तांग भी काट दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

खोड़ा में बोरियों में मिले युवक के शव के टुकड़े हैवानियत की कहानी बयां कर रहे हैं। उन्हें देखकर रोंगटे खड़े होने वाला सच उजागर हुआ है। हत्यारोपित ने मृतक के गुप्तांग को काट दिया था। सिर को धड़ से अलग करके उसे पसलियों में डाल दिया था। दोनों हाथ और पैर काटकर अलग कर दिए थे। पुलिस ने टुकड़ों को बंटोर कर पोस्टमार्टम व अन्य जांचों के लिए भेजा है।



सबूतों के तलाश में जुटी गाजियाबाद पुलिस।

पुलिस ने बताया कि युवक और हत्यारोपित की पत्नी पूर्व में इंदिरापुरम में काम करते थे। वहीं पर दोनों की जान पहचान हुई थी। करीब दो साल पहले दोनों भाग गए थे। उसके पति ने पुलिस से शिकायत की थी। दोनों राजस्थान से बरामद हुए थे। बच्चों की वजह से उसने पत्नी को फिर से अपने साथ रख लिया था। उसके बाद से युवक राजस्थान में ही रहने लगा था। वह एक.दो माह में यहां आता-जाता रहता था।

पुलिस ने बताया कि हत्यारोपित ने इस महिला से दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी के उसकी एक बेटी है। दूसरी पत्नी से दो बेटी व एक बेटा है। कुछ दिन पहले उसकी पहली पत्नी की बेटी रेखा चाय से जल गई थी। उसकी छोटी बेटी ने बताया कि वह युवक घर पर आया था। उसके लिए चाय बनाने के दौरान बड़ी बहन जली थी। पत्नी से संबंध और बेटी के जलने की बात उसे नागवार गुजरी। उसने युवक की हत्या करने की योजना बनाई। बृहस्पतिवार को उसे अंजाम दे दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार सुबह हत्यारोपित की पत्नी अस्पताल से पहुंची तो युवक नहीं मिला। वह घर के बाहर रोने लगी। कहा कि उसका भांजा आया था। वह गायब हो गया है। मोहल्ले वालों ने उसे पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। उसने लोधी चौक पुलिस चौकी में इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। शनिवार दोपहर तक वह नहीं मिला तो फि र से घर के बाहर चीखने.चिल्लाने लगी और पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत की। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का राजफाश हुआ।

जिस स्थान पर युवक के शव के टुकड़े मिले हैं वह राष्ट्रीय राजमार्ग.नौ के किनारे हैं। उसके बगल से सर्विस रोड जाती है। सामने मकान बने हैं।

थोड़ी दूरी पर लोधी चौक पुलिस चौकी है। इस स्थान के आसपास पुलिस की गश्त भी होती रहती है। बावजूद इसके हत्यारोपित ने युवक के शव के टुकड़ों को बोरियों में भरकर बृहस्पतिवार रात में वहां फेंक दिया।

बृहस्पतिवार और शुक्रवार रात, शनिवार दोपहर तक शव के टुकड़ों से भरीं बोरियां वहां पड़ी रहीं। पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। इससे पुलिस की गश्त और सतर्कता की पोल खुल गई। पुलिस की जांच में आया है कि हत्यारोपित मूल रूप से रजापुरा, संभल का रहने वाला है। उसकी पहली पत्नी की करीब 11 साल पहले मौत हो गई थी। उसके बाद उसने इस महिला से शादी की थी। करीब डेढ़ साल से खोड़ा में परिवार के साथ किराए पर रहता था। उसके घर में पहले से ही गड़ासा रखा था। पुलिस ने उससे पूछताछ की है। उसने बताया कि बृहस्पतिवार रात में ही युवक की हत्या की। उसके शव को फेंककर घर आ गया। उसे हत्या करने का कोई मलाल नहीं है।

खोड़ा के रिक्शा चालक ने बृहस्पतिवार रात में पत्नी के प्रेमी की घर में गड़ासे से काटकर हत्या कर दी। उसके शव के 20 टुकड़े करके चार बोरियों में भरकर घर से करीब तीन सौ मीटर दूर सिंचाई विभाग के खाली जमीन में एकत्रित कूड़े के ढेर में फेंक दिया। शनिवार को शव के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बेटे के साथ मिलकर महिला की हत्या, शव सड़क पर फेंका

● अवैध संबंधों के चलते की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में शादीशुदा पुरूष दोस्त ने बेटे के साथ मिलकर कार में शादीशुदा प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश रोड पर फेंककर एक्सीडेंट का रूप दे दिया। इतना ही नहीं, उसने एक ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर पीटा। उससे हत्या की बात कबूल करवाई। जब महिला के पति को यह बात पता चली तो उसने ट्रक ड्राइवर पर एफ आईआर करवा दी।

इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम किराया। इसमें पता चला कि महिला की मौत गला दबाने से हुई है। इसके बाद पुलिस ने बॉयफ्रेंड और उसके बेटे को उठाया। उसने सख्ती से पूछताछ की, तो जुर्म कबूल कर लिया। फिलहाल पुलिस ने बॉयफ्रेंड चरन सिंह, उसके बेटे रोहित और उसके दोस्त संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कविनगर थाना क्षेत्र का है। डीसीपी निपुण अग्रवाल के मुताबिक, मृतक महिला का नाम मोनिका है। वह नोएडा में के गिरधरपुर सुनारसी गांव की रहने वाली थी। इसी गांव के रहने वाले चरन सिंह से उसका 7 साल से अफेयर चल रहा था। इस बात की जानकारी चरन के घरवालों को हो गई थी। इससे उसका बेटा रोहित और अन्य परिजन नाराज चल रहे थे।

इधर, चरन सिंह पर मोनिका मकान खरीदकर देने का दबाव बना रही थी। इसकी भी जानकारी चरन के बेटे रोहित को हो गई थी। रोहित ने पिता से कहा कि कहा कि तुमने पहले ही हमारी जिंदगी नरक बना रखी है, मोनिका कुछ इलाज करो वरना मैं तुम्हें भी नहीं छोड़ूंगा। इस पर बाप.बेटे ने मोनिका का मर्डर करने की प्लानिंग बनाई। इसमें अपने दोस्त संदीप को भी शामिल किया।

# शराब के नशे में धुत दो युवकों ने एसीपी से मारपीट कर चश्मा तोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

● सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर चल रहा था अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी क्षेत्र स्थित सुदामापुरी पुलिया के समीप शराब के नशे में धुत दो युवकों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट की और एसीपी का चश्मा तोड़ दिया।

मामला बढ़ता देख भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बिसरख कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सचिन भरतवाल व संदीप के रूप में हुई है। दोनों गौर सिटी के 16 वीं एवेन्यू में रहते है। आरोपितों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। दरअसल, उच्च अधिकारी के आदेश पर शनिवार रात आठ से दस बजे के बीच सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था।

सुदामापुरी पुलिया के समीप पुलिस सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले लोगों को पकड़ रही थी। उसी दौरान सचिन व संदीप ने कार से भागने की कोशिश की। पुलिस ने दौड़ाया तो आरोपितों ने कार रोकर अभद्रता की। मौके पर मौजूद एसीपी ने समझाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उनका चश्मा तोड़ दिया।

बता दें कि इससे पहले अल्फा कामर्शियल बेल्ट व दादरी में अभियान के दौरान शराब के नशे में धुत युवक पुलिस से भिड़ चुके हैं। ऐसे मामलों पर पुलिस को और सख्ती करने की जरूरत है। एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा विशाल पांडेय ने बताया कि पुलिस सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। तभी संदीप व सचिन ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

# सुपरनोवा के 43वें फ्लोर से कूदकर युवक ने दी जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा की सबसे ऊंची इमारत सुपरटेक सुपरनोवा की 43वीं मंजिल से गिरने के बाद दिल्ली के एक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट की कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 43वीं मंजिल से प्रॉपटी कंसल्टेंट की गिरने से मौत हो गई।

पुलिस ने कहा कि सलाहकार ने सेक्टर 94 में सुपरटेक सुपरनोवा बिल्डिंग का दौरा किया। 175 मीटर ऊंची यह इमारत नोएडा की सबसे ऊंची इमारत है। यह एक आवासीय-सह-व्यावसायिक स्थान है जिसकी ऊपरी मंजिलें अभी भी निर्माणाधीन हैं। पुलिस प्रवक्ता ने कहा पीड़ित दिल्ली के रानी बाग इलाके में रहता था। सुपरनोवा इमारत में एक संपत्ति देखने आया था। ऐसा संदेह है कि उसने इमारत की 43वीं मंजिल से छलांग लगा दी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि कंसल्टेंट ने एक प्रॉपर्टी ब्रोकर से मुलाकात की थी और साथ में बिल्डिंग का दौरा किया था। हालांकि, घटना के समय वह 43वीं मंजिल पर अकेला था। अधिकारी ने कहा कि सेक्टर 126 थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पति ने आत्महत्या करने से पहले बनाया वीडियो

● मौत के पीछे पत्नी को बताया जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के लोनी स्थित राहुल गार्डन कालोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने फ ांसी लगाने से पहले अपना एक वीडियो बनाया और आत्महत्या के लिए पत्नी को जिम्मेदार बताया है।

मृतक के परिवार वालों ने पत्नी व उसके मायके वालों के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया



और मामले की जांच शुरू कर दी है। राहुल गार्डन कालोनी में रहने वाले 30 वर्षीय प्रदीप परिवार के साथ रहते थे। वह पेशे से वाहन चालक था।

मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया कि प्रदीप की शादी करीब सात वर्ष पहले हुई थी और उसकी दो साल की बेटी भी है, लेकिन प्रदीप की पत्नी किसी व्यक्ति से फोन पर बात करती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा रहता था। वहीं, युवक के भाई ने बताया कि प्रदीप की पत्नी अपने मायके वालों को बुलाकर उसके साथ मारपीट कराती थी।

13 जनवरी को भी दोनों बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद वह बेटी को लेकर अपने मायके चली गई थी। बाद में प्रदीप पत्नी को लेने के लिए उनके घर भी पहुंचे थे, लेकिन पत्नी ने साथ आने से इनकार कर दिया।

प्रदीप मानसिक तनाव में चल रहे थे। शुक्रवार रात को घर में पंखे में साड़ी बांधकर प्रदीप ने फांसी लगा ली। सुबह दरवाजा नहीं खुलने पर परिवार के अन्य सदस्यों को अनहोनी की आशंका हुई। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की तफ्तीश की जा रही है।

# गाजियाबाद में 46 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी में कारोबारी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर निदेशालय गाजियाबाद की टीम ने 46 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी में दिल्ली के लोहा कारोबारी अमित गुप्ता को गिरफ्तार किया है।

आरोपी को शनिवार को मेरठ कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। टीम के मुताबिक, लोहा कारोबारी अमित गुप्ता की दो फर्म हैं। इन फर्मों में अमित ने कई अन्य मुखौटा फर्मों से 46 करोड़ रुपए का कारोबार दर्शाया। टीम ने सेल कंपनियों की जांच की तो पता चला कि सभी इनवॉइस फ र्जी हैं, जो बिना माल सप्लाई किए ही काटी गई हैं। ये दोनों फर्में लोहा एवं निकेल खरीद से जुड़ी हुई थीं। टैक्स चोरी की शिकायतों पर सीजीएसटी टीम ने पोर्टल पर गोपनीय तरीके से इसकी छानबीन की। जांच में सारे आरोप पुष्ट हुए। इसके बाद कारोबारी अमित गुप्ता को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

# रेस्टोरेंट में स्टंट करने से मना करने पर कुर्सियां फेंकी

**नोएडा।** सेक्टर-46 की ग्लोरी मार्केट में दबंगों ने फिट फूडी रेस्टोरेंट चलाने वाले भाई-बहन को पीटा है।

कुछ युवक उनके रेस्टोरेंट के आगे स्टंट कर रहे थे। भाई-बहन ने स्टंट करने से रोका। इस पर युवक भड़क गया और रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की। फिलहाल, इस मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को पहचान करने का प्रयास कर रही है। यह घटना थाना-39 इलाके में 19 जनवरी की रात हुई है। पूरी वारदात का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

# पंजाब का तस्कर पकड़ा मिले बाज और चील

● पाकिस्तानी बॉर्डर से गाजियाबाद में बेचने आया था

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एनिमल फॉर पीपल्स संस्था ने तस्करी के लिए लाए गए पांच बाज और एक चील सहित पंजाब के व्यक्ति को पकड़ा है। दावा है कि पाकिस्तानी बॉर्डर पर इन पक्षियों की तस्करी देश की जासूसी के लिए होती है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस पूछताछ कर रही है।

एनिमल फ ॉर पीपल्स के गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि गाजियाबाद.दिल्ली में पक्षी तस्कर सक्रिय हैं। कस्टमर बनकर उन्होंने दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति से संपर्क साधा और बाज खरीदने की बात कही। इस व्यक्ति ने पंजाब के तस्कर का नंबर दिया।

गौरव गुप्ता ने कस्टमर बनकर पंजाब निवासी तस्कर से फ ोन पर बात की। उसने कहा था कि वो जब भी गाजियाबाद आएगा तो फोन कर लेगा। रविवार दोपहर में तस्कर ने गौरव गुप्ता से गाजियाबाद के मोहननगर मेट्रो स्टेशन पर आ जाने के लिए कहा। एनिमल लवर अपनी टीम के साथ पहुंच गए और तस्कर को दबोच लिया। उसके पास से पांच बाज और एक चील बरामद हुई। आरोपी की पहचान दवनीश सिंह संधू के रूप में हुई। वो पंजाब में पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक का रहने वाला है। गौरव गुप्ता का कहना है कि ये बाज पूरी तरह ट्रेंड हैं। पाकिस्तानी बॉर्डर पर इनका प्रयोग जासूसी के लिए किया जाता है।

# संक्षिप्त समाचार



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

### रजिस्ट्री की मांग को लेकर खरीदारों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घर खरीदारों ने आज एक बार फिर प्रदर्शन किया। रजिस्ट्री की मांग और जिन्हें घर नहीं मिला है उन्हें घर दिलवाने की मांग को लेकर घर ख़रीदारों का प्रदर्शन लगातार आठवें हफ़्ते भी रविवार को जारी रहा। इस आंदोलन में लगातार घर ख़रीदारों की संख्या बढ़ रही है और कई सोसायटी से लोग शामिल हो रहे हैं। बायर्स के द्वारा चल रहे प्रदर्शन में कई ऐसे घर खरीदार विरोध प्रदर्शन में आ रहे हैं, जिन्हें 13 साल बाद भी घर नहीं मिला है। आंदोलन में शामिल अनुपमा, अमित दयाल, स्निग्ध सिंह, अमित वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, अनुराग खरे, महेश यादव, चंदन सिन्हा, महेश विष्ट, आशीष का कहना है कि हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार रजिस्ट्री शुरु नहीं कर देती है ।

### गौतमबुद्ध नगर में 3 शातिर चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-टू पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों ने एक कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है। दरअसल, 3 जनवरी को फेस 2 थाना क्षेत्र के होजरी कॉम्प्लेक्स में चोरों ने एक फैक्ट्री में चोरी को अंजाम दिया था। चोर कंपनी से करीब साढ़े तीन लाख रुपए के तांबे के तार व अन्य सामान चोरी करके फरार हो गए थे। इस दौरान एक सीसीटीवी फुटेज में चोर चोरी करते हुए भी कैद हुए थे। इसके बाद मामले में पुलिस से शिकायत की गई। रविवार को थाना फेज 2 पुलिस ने एनएसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास से 3 चारों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके नाम कृष्णा, राजपाल और इस्लामुद्दीन है। इनके कब्जे से 7 किलो 600 ग्राम तांबे का तार, 11 किलो 600 ग्राम तांबा और घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी भी बरामद हुई है। फेस 2 प्रभारी ने बताया कि इन लोगों के द्वारा कुछ दिन पहले ही चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस द्वारा तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फैक्ट्री का गेट गिरने से छात्र की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में रविवार शाम बेकरी फैक्ट्री का भारी-भरकम गेट गिरने से उसके नीचे दबकर मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि बच्चे के सिर का मांस बाहर निकल आया। परिजनों ने इसे लेकर खूब हंगामा किया। इस मामले में फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफतहरीर दी जा रही है। साहिबाबाद क्षेत्र में शहीदनगर जी-507 निवासी 10 वर्षीय प्रिंस पुत्र अरविंद रविवार शाम दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। वो बेकरी फैक्ट्री के गेट पर खड़ा होकर फील्डिंग कर रहा था। बेकरी फैक्ट्री के बाहर लोहे का भारी.भरकम गेट लगा हुआ है। अचानक ये गेट इस बच्चे के ऊपर गिर गया। आसपास काम कर रहे चार मजदूर दौड़े और लोहे का गेट उठाने की कोशिश की, लेकिन भारी होने की वजह से वो टस से मस नहीं हुआ। इसके बाद और लोग इकट्ठा हुए और फिर गेट को हटाकर बच्चे को बाहर निकाला। उसको तत्काल नरेंद्र मोहन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि फैक्ट्री का ये गेट पहले से लूज था। इस बारे में शिकायत की गई थी कि गेट को ठीक कराया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। साहिबाबाद एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि साहिबाबाद क्षेत्र में 10 वर्षीय बच्चे पर लोहे के गेट गिर जाने से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई, जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 11900000054) राम कुमार (कर्जदार) हरीश कुमार (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 7,16,514/– (रूपए सात लाख सोलह हजार पांच सौ चौदह मात्र) एनपीए (14–10–2022) | प्लॉट नंबर 136, पाकेट–एच, सेक्टर–20, यीडा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–203207 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 11900000305) कमल कांत (कर्जदार) वेद प्रकाश खुराना (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 7,85,505/– (रूपए सात लाख पिच्यासी हजार पांच सौ पांच मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एच–1403, 14वां तल, प्लॉट नंबर जीएच–01, होम्स 121, सेक्टर–121, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–203207 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 09200001046) अबरार वसीम (कर्जदार) अफशा (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 18,98,090/– (रूपए अठारह लाख अठ्ठानवे हजार नब्बे मात्र) एनपीए (09–10–2022) | यूनिट नंबर 405, चतुर्थ तल, टावर जे, ऑफीसर सिटी–1, ग्राम नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच–58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 |
| (फरीदाबाद सेक्टर–19 शाखा का एलसी नंबर : 19900041151) चारूमिता (कर्जदार) गौरव चौहान (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 12,46,499/– (रूपए बारह लाख छियालीस हजार चार सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर के 1 1201, 12वां तल, पटेल नियोटाउन जीएच–03, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (फरीदाबाद सेक्टर–19 शाखा का एलसी नंबर : 19900042134) सुमित शर्मा (कर्जदार) आशालता सामंत (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 55,12,287/– (रूपए पचपन लाख बारह हजार दो सौ सतासी मात्र) एनपीए (30–07–2021) | फ्लैट नंबर 806, 8वां तल, नालंदा हाइट्स, ताज नगरी फेज–2, फतेहाबाद रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश–283111 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700041552) गोपाल त्रिपाठी (कर्जदार) चंद्र प्रकाश त्रिपाठी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 30,73,120/– (रूपए तीस लाख तिहत्तर हजार एक सौ बीस मात्र) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर 1001, 10वां तल, टावर ए2, जियोटेक ब्लेसिंग, प्लॉट नंबर जीएच–16ए, सेक्टर–01, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर : 19000000629) सुकान्तो बांक (कर्जदार) बाबू बांक (सह–कर्जदार 1) प्रियंका बांक (सह–कर्जदार 2) | 27–12–2022/रू. 16,82,339/– (रूपए सोलह लाख बयासी हजार तीन सौ उन्तालीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, टावर–के, ब्लॉक–जे, दिल्ली 99 भोपुरा टीला मोड़, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201005 |
| (दिल्ली–सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600044855) जतिन दोसाज (कर्जदार) महमूद अहमद (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 50,04,616/– (रूपए पचास लाख चार हजार छह सौ सोलह मात्र) एनपीए (30–07–2021) | फ्लैट नंबर ई–114, 11वां तल, टावर ई, मीडोज विस्टा फेज–2, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 27900000233) प्रमोद कुमार (कर्जदार) नीतू सिंह (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 9,66,160/– (रूपए नौ लाख छियासठ हजार एक सौ साठ मात्र) एनपीए (08–11–2022) | सम्पत्ति सं. एसएफ–3, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर बी–3/10, (रियर आरएचएस) डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500000217) वेद प्रकाश वर्मा (कर्जदार) मधु बाला (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 15,88,378/– (रूपए पंद्रह लाख अठासी हजार तीन सौ अठहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 2/45–ए, प्रथम तल, प्रेम गली, बाबरपुर, शाहदरा, दिल्ली–110032 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 27900000333) अजय कुमार राय (कर्जदार) सुनीता राय (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 9,18,896/– (रूपए नौ लाख अठारह हजार आठ सौ छियानवे मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर 212, भू तल, सेक्टर–चाई फाई, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (द्वारका शाखा का एलसी नंबर : 27300000017) राजेश कुमार (कर्जदार) राकेश कुमार सैनी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 28,51,446/– (रूपए अठ्ठाईस लाख इक्यावन हजार चार सौ छियालीस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | मकान नंबर बीके–1/70, प्रथम एवं द्वितीय तल छत के अधिकार सहित, शालीमार बाग, नई दिल्ली–110088 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर : 19000000664) विक्रम (कर्जदार) कमला सक्सेना (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 11,79,076/– (रूपए ग्यारह लाख उनासी हजार छहत्तर मात्र) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर सी–801, 8वां तल, टावर सी, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700044528) सत्यानंद सिंह (कर्जदार) कंचन सिंह (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 39,22,654/– (रूपए उन्तालीस लाख बाईस हजार छह सौ चौवन मात्र) एनपीए (30–07–2021) | फ्लैट नंबर 202, द्वितीय तल, टावर पी 5 प्राइम रेजीडेंसी, सेक्टर–32, करनाल, हरियाणा–132001 |
| (फरीदाबाद शाखा का एलसी नंबर : 12900000712) कमल किशोर भारती (कर्जदार) प्रेम लता भारती (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 7,55,962/– (रूपए सात लाख पचपन हजार नौ सौ बासठ मात्र) एनपीए (03–02–2020) | 708, एसआरएस पाम होम्स, टावर ए 6, सेक्टर–7, पलवल, फरीदाबाद, हरियाणा–121102 |
| (गुरूग्राम शाखा का एलसी नंबर : 13000000823) संजीव कुमार (कर्जदार) रानी कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 5,11,398/– (रूपए पांच लाख ग्यारह हजार तीन सौ अठ्ठानवे मात्र) एनपीए (03–02–2020) | फ्लैट नंबर 1201, 12वां तल, टावर ए 1, टाइप ए, एसआरएस पाम होम्स, सेक्टर–7, पलवल, फरीदाबाद, हरियाणा–121102 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 11900001449) मनोज अग्रवाल (कर्जदार) अमित कुमार अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 10,32,230/– (रूपए दस लाख बत्तीस हजार दो सौ तीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर एफ–1, प्लॉट नंबर 390, प्रथम तल (एलएचएस) खन्ना नगर, ग्राम लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13300001104) अमन कुमार (कर्जदार) भक्ति कोछड़ (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 94,89,469/– (रूपए चौरानवे लाख नवासी हजार चार सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (01–04–2021) | फ्लैट नंबर 302, टावर नंबर 01, प्राइम रेजीडेंसी, सेक्टर–32, करनाल, हरियाणा–132001 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13300001105) हरि कृष्ण ढोंडियाल (कर्जदार) मीना (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 60,91,340/– (रूपए साठ लाख इक्यानवे हजार तीन सौ चालीस मात्र) एनपीए (30–07–2021) | फ्लैट नंबर 201, द्वितीय तल, टावर नंबर पी–4, प्राइम रेजीडेंसी, सेक्टर–32, करनाल, हरियाणा–132001 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13300001107) महेन्दर सिंह (कर्जदार) सरिता कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 28,52,049/– (रूपए अठ्ठाईस लाख बावन हजार उन्चास मात्र) एनपीए (30–07–2021) | फ्लैट नंबर 101, टावर नंबर 8, प्राइम रेजीडेंसी, सेक्टर–32, करनाल, हरियाणा–132001 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13300001108) पुष्येन्द्र कुमार (कर्जदार) सीमा सिंह (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 48,30,363/– (रूपए अड़तालीस लाख तीस हजार तीन सौ तिरेसठ मात्र) एनपीए (30–07–2021) | फ्लैट नंबर 102, टावर नंबर पी–6, प्राइम रेजीडेंसी, सेक्टर–32, करनाल, हरियाणा–132001 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700043148) अजीत सिंह (कर्जदार) सुदेश देवी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 14,88,781/– (रूपए चौदह लाख अठासी हजार सात सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (08–11–2022) | जनता फ्लैट 271, भू तल, सीएटी सी सेक्टर–16 बी पाकेट बी, द्वारका, नई दिल्ली–110075 |
| (दिल्ली–सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600042551) आशु ओस्वाल (कर्जदार) ललित ओस्वाल (सह–कर्जदार 1) साहिल ओस्वाल (सह–कर्जदार 2) | 27–12–2022/रू. 67,42,494/– (रूपए सड़सठ लाख बयालीस हजार चार सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 11, द्वितीय तल, पाकेट ई–2, सेक्टर–7, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500000635) गीता देवी (कर्जदार) राम चन्द्र (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 24,17,185/– (रूपए चौबीस लाख सत्रह हजार एक सौ पिचासी मात्र) एनपीए (09–10–2022) | सम्पत्ति सं. 38, भू तल, ब्लॉक एवं पाकेट डी–7, सेक्टर–6, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर : 19000001038) अनिल कुमार (कर्जदार) उषा (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 12,07,526/– (रूपए बारह लाख सात हजार पांच सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर एस–7, फ्लैट नंबर जी–4, जीएफ रियर आरएचएस, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–1, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201012 |
| (द्वारका शाखा का एलसी नंबर : 27300000144) बालेन्द्र कुमार (कर्जदार) रबीन्द्र कुमार (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 44,73,969/– (रूपए चौवालीस लाख तिहत्तर हजार नौ सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर बी–537–ए, प्रथम तल, ग्राम बसई दारापुर, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली–110015 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500000845) राकेश कुमार (कर्जदार) सुमित्रा देवी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 11,76,597/– (रूपए ग्यारह लाख छहत्तर हजार पांच सौ सत्तानवे मात्र) एनपीए (29–09–2022) | प्लॉट नंबर 564, तृतीय तल रियर साइड ब्लॉक–सी, पुराना प्लॉट नंबर 42 बी, खसरा नंबर 113/6, ग्राम पालम, महावीर एन्क्लेव पार्ट–III, नई दिल्ली–110045 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 13100001434) इंदु बाला (कर्जदार) राजेन्द्र गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 16,53,610/– (रूपए सोलह लाख तिरेपन हजार छह सौ दस मात्र) एनपीए (30–10–2022) | प्लॉट नंबर 2138–2139, भू तल, वार्ड नंबर 12, शोरा कोठी सब्जी मंडी, नई दिल्ली–110007 |
| (दिल्ली–सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600042775) जय कुमार दुबे (कर्जदार) रिंकी देवी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 15,29,628/– (रूपए पंद्रह लाख उन्तीस हजार छह सौ अठ्ठाईस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | मकान नंबर 763, प्रथम तल, ब्लॉक बी, बुनकर कालोनी, अशोक विहार फेज–5, नई दिल्ली–110091 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 19700043728) नवल त्यागी (कर्जदार) नरेश कुमार (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 26,92,768/– (रूपए छब्बीस लाख बानवे हजार सात सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एच नंबर 216/348 (नया) एच नंबर 3869/31 (पुराना) खसरा नंबर 5580/31, राजेन्द्र पार्क, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 27900001306) सरीफ खान (कर्जदार) मरजीना बीबी (सह–कर्जदार 1) मनजय कुमार पांडे (सह–कर्जदार 2) | 27–12–2022/रू. 15,71,882/– (रूपए पंद्रह लाख इकहत्तर हजार आठ सौ बयासी मात्र) एनपीए (08–11–2022) | एसएफ–4, द्वितीय तल, एमआईजी फ्लैट छत के अधिकार के साथ, रियर साइड एलएचएस प्लॉट नंबर सी–1/6, ब्लॉक सी–1, डीएलएफ अंकुर विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201101 |
| (चंडीगढ़ मेट्रो शाखा का एलसी नंबर : 13500003371) सुनील खुराना (कर्जदार) ऋचा खुराना (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 1,07,306/– (रूपए एक लाख सात हजार तीन सौ छह मात्र) एनपीए (08–11–2022) | प्लॉट नंबर 439, गुलमोहर सिटी, कौली माजरा लालरू मोहाली, चंडीगढ़–160036 |
| (चंडीगढ़ मेट्रो शाखा का एलसी नंबर : 13500004666) मुकुल कुमार (कर्जदार) रेशमा देवी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 5,06,869/– (रूपए पांच लाख छह हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 307 (कालोनी प्लान के अनुसार), गुलमोहर वैली, हंडेसरा रोड, ग्राम कौली माजरा लालरू पटियाला, पंजाब–140602 |
| (हरिद्वार शाखा का एलसी नंबर : 28600000540) मुकेश कुमार (कर्जदार) कमलेश पत्नी मुकेश कुमार (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 5,78,493/– (रूपए पांच लाख अठहत्तर हजार चार सौ तिरानवे मात्र) एनपीए (09–06–2022) | प्लॉट नंबर 18, खसरा नंबर 2020, कृष्ण नगर, ग्राम सलेमपुर महदूद 2, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तरांचल–249407 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

तिथि : 23–01–2023
स्थान : दिल्ली

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# गणतंत्र दिवस परेड में चमकेगा देश का गौरव

## राजधानी स्थित कर्तव्य पथ पर दिखेंगी 17 राज्यों व छह मंत्रालयों-विभागों की झांकियां

**संजय राय।** नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस में दमकेगा देश का गौरव। इस साल कुल 23 झांकियां शामिल होंगी। इनमें 17 झांकियां विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की जबकि चार विभिन्न सरकारी मंत्रालयों और विभागों की होंगी।

हिमाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान दिल्ली इत्यादि राज्यों की झांकी अबकी बार परेड में नहीं होगी। खास बात यह कि इस साल सभी झांकियों की थीम अलग-अलग रहेगी। हालांकि अधिकांश झांकियों का विषय नारी शक्ति है।

दिल्ली कैंट स्थित राष्ट्रीय रंगशाला में रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी रंगशाला के विशेष कार्य अधिकारी राकेश पांडेय ने दी। उनके साथ रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी मरीन मई और झांकी प्रभारी राजीव भी मौजूद थे। पांडेय ने बताया कि इस साल परेड में गृह मंत्रालय दो झांकी प्रदर्शित करेगा, जिनमें स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की एक-एक झांकी शामिल होगी।

पांडेय ने बताया कि सभी झांकियों का चयन रक्षा मंत्रालय द्वारा गठित 10 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया है। बृहस्पतिवार 26 जनवरी को पहली बार कर्तव्य पथ पर निकाली जाने वाली इन झांकियों को 27 मिनट का समय दिया गया है।

### राज्यों की झांकियां

1. आंध्र प्रदेश – मकर संक्रांति, 2. अरुणाचल प्रदेश – पर्यटन / आध्यत्मिकता, 3. असम – देशभक्ति और आध्यत्मिकता, 4 दादर नागर हवेली और दमन दीव – आदिवासी संस्कति, 5. गुजरात-स्वच्छ और हरित ऊर्ता, 6. हरियाणा – कुरुक्षेत्र में गीता उपदेश, 7. जम्मू एंड कश्मीर – पर्यटन एंड तीर्थाटन, 8. झारखंड – देवगढ़ का वैद्यनाथ मंदिर, 9. केरल – नारीशक्ति, 10. लद्दाख – पर्यटन और सांस्कृतिक विविधता, 11. महाराष्ट्र – नारी शशक्तिकरण, 12. तमिलनाडु – नारी शक्ति और संस्कृति, 13. त्रिपुरा- महिलाओं की सहभागिता के साथ सतत विकास, 14. उत्तर प्रदेश – अयोध्या दीपोत्सव, 15. उत्तराखंड – देवभूमि / मंदिर, 16. पश्चिम बंगाल – दुर्गा पूजा इन कोलकाता, 17. कर्नाटक – नारी शक्ति,

### मंत्रालयों व विभागों की झांकियां

18. गृह मंत्रालय (2 झांकी), 19. कृषि मंत्रालय, 20. शहरी विकास मंत्रालय 21. सीपीडब्ल्यूडी, 22. संस्कृति मंत्रालय।



कर्तव्य पथ में बिखरी कश्मीर की लोक संस्कृति। सभी फोटो: रंजन डिमरी

## देखने को मिलेगी दीपोत्सव की भी झलक

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के बाद इस साल कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में भारतीय सेना के शौर्य और जवानों के करतब हर किसी को वाह कहने पर मजबूर करेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, झारखंड, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल समेत इनमें 17 झांकियां विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और चार विभिन्न सरकारी मंत्रालयों और विभागों शानदार झांकियों की झलक भी देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर निकाली जाने वाली इन झांकियों को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्तर प्रदेश और हरियाणा को चयन के अंतिम दौर में जगह मिली। जबकि प्रतिस्पर्धा में शुरूआत से मजबूत दावेदार माने जा रहे मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ को अंतिम दौर में निराशा हाथ लगी। मध्य प्रदेश को लगातार तीसरे साल इस प्रतिस्पर्धा से बाहर होना पड़ा है। हालांकि मध्य प्रदेश ने इसके लिए इस बार खासी तैयारी की थी



और उज्जैन में बने नए महाकाल लोक की थीम को रखा था। इन झांकियों को 23 जनवरी को निकाली जाने वाली रिहर्सल परेड में शामिल होना है।

सूत्रों के अनुसार, कई दौर की प्रतिस्पर्धा में पांचवें चरण तक सिर्फ 14 राज्य रह गए थे, लेकिन छठवें चरण में इनमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश ने नए सिरे से जगह बनाई है, जबकि पहले चरणों में दौड़ से बाहर हो चुके महाराष्ट्र और लद्दाख ने भी फिर से मजबूत वापसी के साथ जगह बनाई। उत्तर प्रदेश ने अंतिम समय में जिस थीम के आधार पर इस प्रतिस्पर्धा में जगह बनाई है, उनमें अयोध्या में सरयू किनारे होने वाले दीपोत्सव के उल्लास को प्रमुखता से दर्शाया गया है। मालूम हो कि अयोध्या में सरयू किनारे आयोजित होने वाले इस दीपोत्सव में वर्ष 2022 में करीब 16 लाख दिए एक साथ जलाए गए थे। इस आयोजन को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी जगह मिली है। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर इस बार फिर कर्तव्य पथ पर दिखेगा हरियाणा का गौरव। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के थीम पर तैयार की गई है झांकी भगवान श्री कृष्ण का विराट स्वरूप होगा झांकी का मुख्य आकर्षण। हरियाणा के इतिहास में पहली बार हुआ है जब लगातार दूसरे साल प्रदेश की झांकी शामिल हो रही है।

## कर्तव्य पथ पर दिखी विविधता में एकता

**लद्दाख**



**दमन एंड द्वीप**



**हरियाणा**



# निजी स्कूल शिक्षकों को विदेश भेज सकते हैं तो सरकार क्यों नहीं: सीएम

- विदेश में प्रशिक्षण लेकर आए स्कूलों के शिक्षकों से मिलने के बाद केजरीवाल ने किया एलजी से सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का टकराव जारी है। केजरीवाल ने एलजी से सवाल किया कि अगर निजी स्कूल शिक्षकों की विदेश में ट्रेनिंग करा सकते हैं तो सरकार क्यों नहीं।

त्यागराज स्टेडियम में रविवार को सीएम फिनलैंड, कैम्ब्रिज और सिंगापुर में प्रशिक्षण के लिए भाग लेने वाले सरकारी स्कूल के शिक्षकों के साथ बातचीत की।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा लंबे समय से यह धारणा रही है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने की कोई जरूरत नहीं है। पहली बार वह दिल्ली के शिक्षकों को दुनिया का सर्वोत्तम प्रशिक्षण दिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा क्रांति में हमारे टीचर्स को मिली ट्रेनिंग ने अहम भूमिका निभाई है।

सरकारी स्कूलों में बिजनेस ब्लॉस्टर्स, हैप्पीनेस क्लासेज, देशभक्ति क्लासेज समेत अन्य नए-नए कोर्सेज चालू हो रहे हैं। दिल्ली में शिक्षा का पूरा नैरेटिव बदल रहा है। शिक्षा का मतलब यह नहीं है कि रट्टा मार लो। शिक्षा क्रांति की कई उपलब्धियां हैं। अब आलोचक भी मानते हैं कि दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में बदलाव हुआ है।

### विदेश के बजाय गोवा के स्कूलों में भेजें : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा आप सरकार ने ऐसा भ्रम बना दिया है कि मानो दिल्ली में आज विश्व की सबसे अच्छी नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध है जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। शिक्षकों को फिनलैंड भेजकर प्रशिक्षण की बात करने वाले केजरीवाल सरकार को पहले भाजपा शासित गोवा के स्कूलों में भेजे। रामवीर बिधूड़ी ने कहा है कि उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली सरकार को शिक्षा के मॉडल पर आइना दिखाने के बाद आप नेताओं की बौखलाहट है।

# होटल को 23 लाख का चूना लगाने वाला धरा

- महमेद शरीफ ने यूएई के शाही परिवार का सदस्य बनकर होटल लीला में महीनों उड़ाई दावत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की पुलिस टीम ने धोखाधड़ी करने के आरोप में महमेद शरीफ को गिरफ्तार किया है। शरीफ पर धोखाधड़ी कर होटल लीला पैलेस में रहने और वहां से लाखों का सामान चुराकर भागने का आरोप है। शिकायतकर्ता और होटल के महाप्रबंधक अनुपम दास गुता ने थाना सरोजनी नगर में एक मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति महमेद शरीफ 1 अगस्त 2022 से लीला पैलेस, में रुका हुआ था और वह 20 नवंबर 2022 को कीमती सामान के साथ होटल से भाग निकला। उस पर होटल का 23 लाख 46 हजार 413 रुपए का बिल बकाया है।

पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसीपी सुरेंद्र सिंह की देखरेख में टीम का गठन किया गया, जिसमें रणवीर सिंह, इंस्पेक्टर संजय कुंडू, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार को शामिल किया गया। इसके बाद पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई। सर्विलांस के जरिए आरोपी महमेद शरीफ को 19 जनवरी को कर्नाटक से गिरफ्तार कर लिया गया। छानबीन में पता चला कि शरीफ ने फर्जी बिजनेस कार्ड के साथ होटल में चेक इन किया था और खुद को संयुक्त अरब अमीरात की सरकार का एक अधिकारी बताया था। होटल में चेक इन करने पर संयुक्त अरब अमीरात का निवासी कार्ड भी दिया था। लगभग साढ़े तीन महीने रहनेके बाद आरोपी 20 लाख रुपये का पोस्ट डेटेड चेक जमा करके होटल से कीमती सामान लेकर भाग गया लेकिन खाते में पैसा अपर्याप्त होनेके कारण चेक बाउंस हो गया था। जिससे होटल के अधिकारियों को यह पता चला गया था कि उनके साथ बड़ा धोखा हुआ है।

## दवा उत्पाद बेचने के नाम पर लोगों से ठगी

**नई दिल्ली।** दवा उत्पाद बेचने के नाम पर लोगों से ठगी करने के आरोप में हिमाचल प्रदेश से 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के परवाणू निवासी हिमांशु गौतम के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि ठगी के शिकार एक पीड़ित ने अपनी शिकायत में कहा कि उसे एक फार्मा कंपनी से एक संदेश और फोन आया था जिसमें अस्पतालों को दवा की आपूर्ति करने का दावा किया गया था। शिकायत के अनुसार, इसके बाद आरोपी हिमांशु ने शिकायतकर्ता को उत्पादों का ऑर्डर देने के लिए राजी किया। इसके एवज में शिकायतकर्ता ने उसे 94,000 रुपए का भुगतान किया। हालांकि पैसे दिए जाने के बाद उत्पादों की खेप शिकायतकर्ता के पास नहीं पहुंची। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने कहा कि जांच के दौरान, पुलिस ने उस नंबर के सभी विवरणों का विश्लेषण किया, जिसके जरिए आरोपी ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया था और उसके ठिकाने का पता लगाया जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया फोन जब्त कर लिया गया है।

# जी-20 के लिए सज रहे पार्क, लगेंगी पब्लिक आर्ट

- एलजी ने लाजपत नगर में विकसित पार्क का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



साल के अंत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने तैयारियां तेज कर दी है।

इसी क्रम में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-5 के पास के मार्केट के बीच में पार्क का उदघाटन किया। दिल्ली नगर निगम ने दावा किया कि जी -20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से पहले पब्लिक आर्ट स्थापित करने संबंधी कार्य तय समय में पूरा कर लेगा। इस संदर्भ में निगम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में एमसीडी द्वारा लाजपत नगर के खाली पड़ी बंजर भूमि पर लगभग 860 वर्गमीटर भूमि में पार्क विकसित किया गया है।

पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए पत्थरों से बनी हुई हाथी की कलाकृति भी लगाई गई हैं। इसके साथ ही निगम ने साउथ एक्सटेंशन भाग 2 मार्केट में एक चबूतरे पर मोरों की दो सुंदर कलाकृतियां लगा कर सेल्फी प्वाइंट के रूप में विकसित किया है। दिल्ली नगर निगम ने इनके अतिरिक्त कुछ अन्य स्थानों पर सुन्दर कलाकृतियां लगाने की योजना बनाई है।

यह कलाकृतियां मुख्यत- जीके 2 एम ब्लॉक मार्केट, साउथ एक्सटेंशन भाग 2 मार्केट, लाजपत नगर 2 मार्केट में स्थित हरित पट्टियां, पीवीआर साकेत, करोल बाग मार्केट, चांदनी चौक, सूरजमल विहार मार्केट, डिफेंस कॉलोनी 2 मार्केट में स्थित एंफीथियेटर,गोल चक्कर पर स्थित पार्किंग एवं पार्क, पंजाबी बाग मार्केट, अरबिंदो प्लेस भाग 2, हौज खास मार्केट, प्लाजा मार्केट वसुंधरा एनक्लेव, सीएससी-3 डीडीए मार्केट मयूर विहार फेज 3, मालवीय नगर मार्केट कुदसिया पार्क, पूसा चौराहा, पूसा द्वीप, शंकर रोड के आरंभ आदि स्थानों पर लगाई जाएंगी।

## लोगों के सहयोग से संवारे जाएंगे पार्क

**नई दिल्ली।** लोगों के सहयोग से संवारे जाएंगे दिल्ली के पार्क। पर्यावरण मित्र पहल के तहत पार्कों की स्थिति में सुधार लाने के लिए रविवार को दिल्ली सरकार की सलाहकार रीना गुप्ता ने लोगों के साथ पार्कों की सफाई का अभियान चलाया। पर्यावरण मित्र कार्यक्रम के तहत आसपास के लोगों ने एक समूह बनाकर राजेंद्र नगर स्थित विवेकानंद (सिंधी) पार्क की सफाई कर सौंदर्यीकरण का काम किया।

सफाई कार्य के साथ-साथ, पर्यावरण मित्रों ने संकल्प लिया कि वह 26 जनवरी को अपने आस-पड़ोस के पार्कों की सफाई करेंगे। इसके साथ ही पर्यावरण के सुधार के लिए अपने स्तर पर कदम उठाते रहेंगे। वह पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक स्वयंसेवकों को शामिल करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



हेल्थ केयर से जुड़े लोगों को सम्मानित करती बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री।

### बढ़ते हार्ट अटैक पर विशेषज्ञों की चर्चा

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड वाइड एचीवर द्वारा आयोजित हेल्थ केयर समिट और अवार्ड्स 2023 में बढ़ते हार्ट अटैक (दिल का दौरा) के मामलों पर हेल्थ केयर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किया। एक्सपर्ट ने बताया की कोरोना महामारी के बाद से लोगों की दिल की बीमारी की वजह से ज्यादा जान जा रही है, जिस तरह लोगों की जीवनशैली में अचानक बदलाव हुए हैं। समिट के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने हेल्थकेयर सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले हॉस्पिटल, डॉक्टर और इस क्षेत्र से जुड़े अन्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समिट में 50 से ज्यादा डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। यूनाइटेड मेडिसिटी हॉस्पिटल को बेस्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑफ द ईयर उत्तर प्रदेश के लिए सम्मानित किया गया। हॉस्पिटल के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी को पुरस्कृत किया।

### संयुक्त परिवार पर संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली।** आदर्श शिक्षण संस्थान के द्वारा अशोक विहार फेस 2 स्थित आदर्श सदन में रविवार को संयुक्त परिवार सुख का अधार के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों युवा दंपती मौजूद थे। संगोष्ठी का उद्घाटन करने वाले अनिल गुप्ता सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत ने कहा कि संयुक्त परिवार वटवृक्ष का छांव है संयुक्त परिवार व्यक्ति को जिम्मेदार, कामयाब बनाने के साथ ही परेशानी व तनाव से लड़ने की ताकत देता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता नीलम बक्शी ने संयुक्त परिवार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे परिवार के सदस्य जहां एक ओर सफलता व समृद्धि के द्वार खोलते हैं तो वहीं दूसरी ओर एकता व सुरक्षा के ढाल बन कर विकट परिस्थितियों में एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता सतीश गर्ग,सुरेंद्र पाल गुप्ता, बृजमोहन गर्ग,दर्शन लाल बजाज, घनश्याम अग्रवाल, उषा गोयल , अर्चना गर्ग, सुनीता बिंदल, विनीता यादव, सुमन गर्ग , बबीता गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### ई-टूर के संचालन के लिए मिलेगा परमिट

**नई दिल्ली।** नगर निगम ने अपनी पब्लिक साइकिल शेयरिंग (पीबीएस) और शेयर्ड माइक्रो मोबिलिटी सिस्टम (एसएमएमएस) नीति के तहत सार्वजनिक बाइक स्टैंड के लिए ई-टूर के संचालन के लिए परमिट देने की पहल की है। इस प्रक्रिया में युलु बाइक्स प्रा. लिमिटेड ने दिल्ली की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने के लिए निर्देशित ई-टूर की शुरूआत कि है। युलु ई-बाइक्स के सहयोग से रविवार को शाहजहांनाबाद के गेटों की निर्देशित विरासत यात्रा का शुभारंभ किया गया। अतिरिक्त आयुक्त एए ताज़ीर ने विरासत यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर युलु ई-बाइक संस्थापक आरके मिश्रा, केशव पुरम जोन के उपायुक्त नवीन अग्रवाल और अतिरिक्त उपायुक्त आरपी सेल अमित भारद्वाज भी उपस्थिति थे। इस पहल से शहर के पर्यटक स्थलों के लिए परिवहन लॉजिस्टिक्स प्रदान करने की जी 20 की तैयारियों में इजाफा होगा।

# सड़क निर्माण में घटिया काम कराने पर नपे चार इंजीनियर व एक ठेकेदार

## निगमायुक्त पीसी मीणा ने दिए कार्रवाई करने के दिए निर्देश

### सराय अलावर्दी चौक से लेग-2 तक सड़क निर्माण का है मामला

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम।

**शहर** में सराय अलावर्दी चौक से लेग-2 तक सड़क निर्माण में घटिया कार्य करवाने के मामले में 4 इंजीनियरों व एक ठेकेदार के खिलाफ नगर निगम आयुक्त ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इनमें तीन इंजीनियरों के खिलाफ चार्जशीट, एक आउटसोर्स इंजीनियर की सेवाएं समाप्त तथा ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सराय अलावर्दी चौक से लेग-2 तक सड़क निर्माण का कार्य करवाया गया था, जिसमें घटिया कार्य करवाने की शिकायत निगम को प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर नगर निगम गुरुग्राम की विजिलेंस विंग ने जांच शुरू की तथा सड़क निर्माण के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे गए। लैब रिपोर्ट के अनुसार निर्माण कार्य मापदंडों के आधार पर नहीं पाया गया। विजिलेंस द्वारा की गई जांच के अनुसार कार्यकारी अभियंता मनदीप धनखड़, सहायक अभियंता दीपक कुमार व कनिष्ठ अभियंता अनदीप के द्वारा यह कार्य करवाया गया था।

इस घटिया कार्य के भुगतान की भी अनुशंसा की गई थी। इन तीनों इंजीनियरों के खिलाफ हरियाणा सिविल सेवा (सजा और अपील) नियम-2016 के नियम-7 के तहत चार्जशीट करने, आउटसोर्स आधार पर कार्यरत कनिष्ठ अभियंता नीरज की सेवाएं समाप्त करने तथा ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह को ब्लैक लिस्ट करने की सिफारिश की गई थी। नगर निगम की विजिलेंस विंग ने अपनी जांच में इन सभी को नगर निगम गुरुग्राम को 44,97,573 रुपये का नुकसान पहुंचाने का भी जिम्मेदार माना है।

निगमायुक्त पीसी मीणा ने विजिलेंस जांच रिपोर्ट के आधार पर उक्त चारों इंजीनियरों तथा ठेकेदार के खिलाफतुरंत कार्रवाई करने तथा राशि की वसूली करने के निर्देश एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई को दिए हैं।

### आरयूबी की सर्विस रोड नीचे बनाने की मांग

**चंडीगढ़।** पिंजौर-कालका के पुराने हाईवे पर बन रहे रेलवे लाइन पर आरयूबी की ड्राइंग में बदलाव के चलते व्यापारियों और कई कालोनी वासियों ने सात दिन में दूसरी बार आरयूबी निर्माण स्थल पर रोष प्रदर्शन करते हुए नई ड्राइंग के विरोध में नारेबाजी की और पिंजौर की तर्ज पर कालका की ओर आरयूबी की सर्विस रोड नीचे से बनाने के लिए सम्बंधित विभाग और सरकार से मांग की।

कालोनी वासियों की ओर से समाजसेवी बलराज शर्मा के साथ स्थानीय व्यापारियों और ड्रीमवल्ड व खुराना कालोनी वासियों ने नई ड्राइंग के विरोध में रोष प्रदर्शन किया, लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। बलराज शर्मा ने बताया कि करीब एक दर्जन भी नहीं है लोग जिनके लिए आरयूबी में कालका की ओर सर्विस रोड की ड्राइंग में बदलाव किया जा रहा है। नई ड्राइंग से करीब हजारों लोगों का रास्ता प्रभावित होगा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# खट्टर सरकार विश्वविद्यालयों के प्राइवेटाइजेशन की फ़िराक में: सुरजेवाला

### बोले गरीबों को शिक्षा से वंचित करने का षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**कांग्रेस** महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा के विश्वविद्यालयों की पढ़ाई को सेल्फ फाइनेंस कोर्सेस में बदलने की मंशा पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बयान पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का निजीकरण कर सरकारी शिक्षा पर ताला लगाने की भाजपा-जजपा सरकार की दुर्भावना उजागर हो गई है। विधार्थी वर्ग को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का ये घिनौना षड्यंत्र है।

रणदीप ने कहा कि हरियाणा के सैंकड़ों सरकारी विद्यालयों पर ताले लगाने के बाद खट्टर सरकार ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में भी प्राइवेटाइजेशन का मॉडल% लागू करके उच्च शिक्षा को औने-पौने दामों पर बेचने का अभियान छेड़ दिया है। उन्होंने इसे गरीब व कमेरे वर्ग को शिक्षा से वंचित करने का षड्यंत्र करार दिया। कहा कि प्रदेश के युवा इस शिक्षा विरोधी साज़िश के खिलाफ खट्टर-दुष्यंत चौटाला की जोड़ी को कभी माफ़ नहीं करेंगे।

सरकार जानती है कि यदि साधारण घरों के बच्चे इसी प्रकार आगे बढ़ते रहे तो इनकी झूठ और लूट की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी और इसीलिये खट्टर सरकार प्रदेश के गरीब-दलित और किसान-कमेरे परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित रखकर इनको व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के झूठे ज्ञान में उलझाए रखना चाहती है।

उन्होंने कहा कि समाज के हर नागरिक को सरकारी अनुदान पर स्तरीय शिक्षा उपलब्ध करवाना हर लोकतांत्रिक सरकार की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है।

इसी दायित्व का निर्वहन करते हुए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने प्रदेश में कई शानदार सरकारी विश्वविद्यालय स्थापित किए थे जहां हर गरीब-वंचित परिवार का बच्चा 500 रुपये महीना से भी कम औसत फीस पर उच्च शिक्षा हासिल कर सकता है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि खट्टर सरकार जब से सत्ता में आई है तभी से उच्च शिक्षण संस्थानों को दुकानों में बदलने की साज़िश रचने में जुटी है।

## हरियाणा सीएम का भ्रष्टाचार पर बड़ा वार

# 48 नॉन परफॉर्मर-भ्रष्ट कर्मचारी किए बाहर; कुछ की समय से पहले रिटायरमेंट

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार पर बड़ा फैसला किया है। सरकार द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ा फैसला लेते हुए 48 नॉन परफॉर्मर और भ्रष्ट कर्मचारियों पर सख्त एक्शन लिया है। सीएम ने पिछले 8 वर्षों में 50 से 55 साल की उम्र के 48 अधिकारियों, कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। कुछ कर्मचारियों ने प्री मैच्योर रिटायरमेंट भी ली है।

**ये कर्मचारी-अधिकारी शामिल**

जिन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें असिस्टेंट प्रोफेसर, सब इंस्पेक्टर, हॉर्टिकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर, इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ऑफिसर, नायब तहसीलदार, ग्रेड्ड़ सुपरवाइजर, मैनेजर, रेजिडेंट ऑडिट ऑफिसर, जूनियर ऑडिटर, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, डिप्टी इंजीनियर, क्लर्क, असिस्टेंट, हवलदार, पियुन, गोडाउन कीपर आदि पदों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल है। बाहर करने का ये रहा पैमाना

इन अधिकारियों, कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार में शामिल होने, ड्यूटी से अनुपस्थित रहने, नॉन-परफॉर्मिंग, लापरवाही बरतने और जाली सर्टिफिकेट बनाने आदि कारणों के चलते कार्रवाई की गई है।

# पिछड़े, वंचित व शोषित वर्ग को समर्पित है सरकार: डा. सुधा

### विपुल वर्ल्ड सोसाइटी में डॉ. सुधा यादव ने अभिनंदन समारोह में कही यह बात

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**भाजपा** केंद्रीय संसदीय बोर्ड व चुनाव समिति की सदस्य एवं पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बनी है। भाजपा की आठ साल की सरकार में देश को नई दिशा मिली। आज भारत को कई राष्ट्र उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। यह बात उन्होंने फाजिलपुर रोड पर विपुल वर्ल्ड सोसायटी में अपने अभिनंदन समारोह में कही।

समारोह का आयोजन विपुल वर्ल्ड सोसायटी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष जयवीर यादव ने किया। डॉ. सुधा यादव ने जयवीर यादव को शुभकामनाएं देते हुए मान सम्मान देने के लिए ग्रामीणों और आरडब्ल्यू प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों और आरडब्ल्यू प्रतिनिधियों ने डॉ. सुधा यादव को भारतीय संस्कृति की प्रतीक पगड़ी पहनाकर



गुरुग्राम के फाजिलपुर रोड स्थित विपुल वर्ल्ड सोसाइटी में पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव का अभिनंदन करते लोग।

सम्मानित किया महिलाओं ने डॉ. सुधा यादव को शाल भेंट कर स्वागत किया। डॉ. सुधा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आने के पहले दिन ही कहा था कि मेरी यह सरकार देश के पिछड़े, जरूरतमंद, वंचित और शोषित वर्ग को समर्पित होगी। उस घर में पानी के लिए नल हो, शौचालय हो और उस घर में रहने वाले हर आदमी की चिकित्सा की सुविधा के लिए आयुष्मान कार्ड हो। इस परिकल्पना को साकार करने का भाजपा की सरकार ने काम किया। दूसरी तरफ एम्स का निर्माण हो, राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हो नई ट्रेनों का निर्माण और संचालन हो। विकास की गंगा बहाने का काम किया। कार्यक्रम में भाजपा के महामंत्री महेश यादव, मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और दादरी के प्रभारी कमल यादव, शैलेश पांडे, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, अर्जुन शर्मा, निवर्तमान पार्षद कुलदीप यादव, राकेश यादव, चेयरमैन बेगराज यादव, युवा मोर्चा के महामंत्री नीरज यादव, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मुकेश जैलदार, भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# आज अपने शहर को चमकाएगी डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत

### हरियाणा भर में चलाया जा रहा है सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

**पूज्य** गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के बागपत आश्रम में पधारने और परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का पावन अवतार महीना डेरा सच्चा सौदा हरियाणा की साध-संगत 23 जनवरी सोमवार को अनूठे तरीके से सेलिब्रेट करेंगी।

सोमवार को डेरा सच्चा सौदा के लाखों श्रद्धालु एक साथ पूरे हरियाणा में सफाई अभियान चलाकर प्रदेश को स्वच्छता की सौगात देंगे। सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदेश के 22 जिलों के 7422 गांवों, शहरों, कस्बों, तहसील व नगरों में सफाई अभियान चलाएंगे। गुरु के आगमन को लेकर संगत में खुशी का माहौल है। इस खुशी को मनाते हुए साध-संगत हरियाणा को सफाई अभियान चलाकर प्रदेश को स्वच्छ करेंगे। साध-संगत अपने-अपने एरिया में सफाई अभियान की तैयारियों में जुटी हुई है। बता दें कि 25 जनवरी को डेरा सच्चा सौदा के दूसरे गद्दीनशीन परम पिता शाह सतनाम जी महाराज ने अवतार धारण किया था। इस दिन को डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत हर साल मानवता भलाई के कार्य कर मनाती है। इसी के तहत सोमवार 23 जनवरी को हरियाणा राज्य की साध-संगत पूरे प्रदेश में सफाई अभियान चलाकर प्रदेश को स्वच्छता की सौगात देंगी।

# जैन बारादरी में नेत्र जांच शिविर में 300 से अधिक लोगों ने कराई जांच

### भगवान पार्श्वनाथ चैरिटेबल मेडिकेयर सेन्टर की ओर से लगाया गया शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

**भगवान** पार्श्वनाथ चैरिटेबल मेडिकेयर सेन्टर की ओर से रविवार को जैन बारादरी जैकबपुरा में निशुल्क आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। इस शिविर में 300 से अधिक लोगों ने नेत्रों की जांच कराकर परामर्श लिया। साथ ही जरूरतमंदों को दवाइयां व चश्में भी निशुल्क वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में कैनफिन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने शिरकत की।

यह शिविर किरन माला जैन नवल (रोहतक) की याद में लगाया गया। शिविर के आयोजक उमेश जैन, पंकज जैन, राजबाला जैन, दीपमाला जैन, वैशाली नवल, डा. संगीता गुप्ता रहे। मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट का भी इसमें सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में आहूजा आई एवं डेंटल इंस्टीट्यूट भीम नगर के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों के नेत्रों की जांच की। डा. मोंगिया व उनकी टीम ने भी शिविर में सेवाएं दी। आहूजा नेत्र अस्पताल से त्रिलोक आहूजा ने लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक मिथ्याओं को छोड़कर हमें मरणोपरांत नेत्रदान करना चाहिए।



गुरुग्राम के जैन बारादरी में आयोजित शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

इस अवसर पर प्रधान नरेश कुमार जैन, उप-प्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक कुमार जैन, सह-मंत्री जैनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन के अलावा मेडिकेयर सेंटर कार्यकारिणी सदस्य डा. एनके जैन, निर्दोष जैन, नरेंद्र जैन, अभय जैन, विनय जैन का भी काफी सहयोग रहा। शिविर में समाजसेवी गगन गोयल, कामकाजी महिला आवास से वार्डन कविता सरकार, मानवता स्वास्थ्य शिक्षा फाउंडेशन से पंकज रोहिल्ला, डा. केएल गर्ग, हरकिशन जैन, सुखदेव, राजीव जैन गन्नोर, प्रमोद जैन, बाबूराम जैन, नरेश जैन, बलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# एमडीआर के विरोध में आज स्थानीय नागरिक एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

### सेंटर बनने से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के नागरिक अस्पताल में एमडीआर सेंटर का बनने से पहले स्थानीय नागरिकों का विरोध होना शुरू हो गया है। स्थानीय नागरिक इस संबंध में सोमवार को अनाज मंडी में एक बैठक करने के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने स्थानीय नागरिक अस्पताल में एमडीआर सेंटर बनाने की योजना तैयार की है। जिसको लेकर नागरिक अस्पताल में हलचल शुरु हो गई है। लेकिन स्थानीय नागरिकों को अस्पताल में एमडीआर सेंटर बनाने की जैसे ही जानकारी मिली है। वैसे ही आम लोगों ने इसका विरोध करना शुरु कर दिया है। इस संबंध में शहर की संघर्ष समिति की एक बैठक शनिवार को पंजाबी धर्मशाला में सतबीर पहलवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध जताते हुए आम लोगों को इस सेंटर के निर्माण का विरोध करने में जोड़ने का फैसला लिया। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष सतबीर पहलवान ने बताया कि एमडीआर टीबी संक्रमित बीमारी है। इसके रोगी सेंटर में जांच कराने के लिए आएंगे। एमडीआर से ग्रस्त रोगियों का आसपास और बाजारों में तथा सार्वजनिक स्थानों से गुजरना होगा। एमडीआर एक छूत की बीमारी है। यह बीमारी रोगी के थूक से भी फैलती है। इसका संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है। जिससे स्थानीय लोगों के भी इस बीमारी से ग्रस्त होने की आशंका है। उन्होने बताया कि सोमवार को अनाज मंडी में समिति ने शहरवासियों की बैठक बुलाई है। बैठक में एमडीआर का कड़ा विरोध करने से लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि ज्ञापन सौंपने के बाद प्रशासन इसको नहीं रोकता है तो शहर के बाजारों को बंद करके आम नागरिक सड़कों पर उतरेगा। उन्होने दृढ़ शब्दों में कहा कि किसी भी सूरत में एमडीआर सेंटर को नागरिक अस्पताल में स्थापित नहीं होने दिया जाएगा।

# अब की बार किसान सरकार : किसानों ने 2024 के लिए तैयार किया चुनावी नारा

## कहा किसान पहले भी धरना देकर दर्ज कर चुके हैं जीत

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी धरने में पहुंचे।

तीसरे दिन के गन्ना समर्थन मूल्य वृद्धि पर शुगर मिल के बाहर चल रहे किसानों के धरने पर देर शाम पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि 2024 में किसान खुद की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालो से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और सरकार को बनाने में किसानो का अहम योगदान रहा है। मगर सरकार ने कभी भी किसानो के हित के बारे में नहीं सोचा। इस धरने से पहले भी भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने समय-समय पर किसानो की कई मांगो हेतु धरना दिया है, हर बार किसानो ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे है कि खेतो में पक्की खड़ी फसल खराब हो रही है और हर किसान के वंशज बाहरी देशो की तरफ रुख कर रहे है, क्योंकि भारत में सरकारें ने किसानो का जीना मुश्किल कर रखा है। किसान की फसल और नसल दोनों खतरे में है। इसलिए किसानो को 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावो में भाजपा सरकार का विरोध करना ही होगा। भारतीय किसान यूनियन कोर कमेटी शाहाबाद के नेतृत्व में चल रहे धरने पर रविवार को सेंकड़ों किसानो ने उपस्थिति दर्ज करवाई। धरने पर किसानो द्वारा चाय पकोड़े का लंगर हर समय जारी रहा। शुगर मिल कर्मचारी भी आए। रविवार को धरने पर कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी, भाकियू के प्रवक्ता राकेश बैंस, प्रदेश कार्यकारी सदस्य जसबीर सिंह मामूमाजरा, युवा अध्यक्ष पंकज हबाना, जिला प्रधान कृष्ण कलालमाजरा, ब्लॉक प्रधान हरकेश खानपुर, सुखविंदर, बलवान चनारथल, कुलदीप दिनारपुर, हाकम सिंह, सूरा रतनगढ़, सुनील हबाना, बख्शा राम खेड़ा और विक्रम दाऊ माजरा सहित सैंकडो किसान मौजूद रहे।

# दुनिया को गीता के शाश्वत संदेश से रूबरू कराएगी हरियाणा की झांकी

## गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का होगा थीम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गणतंत्र** दिवस समारोह में इस बार कर्तव्य पथ पर हरियाणा की झांकी के माध्यम से पूरी दुनिया श्रीमद् भगवत गीता के शाश्वत संदेश से रूबरू होगी। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरी बार हरियाणा की झांकी का चयन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ कमेटी द्वारा किया गया है जिसका थीम-अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव है। इस झांकी के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप के भी दर्शन होंगे।

गणतंत्र दिवस परेड में हरियाणा की झांकी में भगवान श्रीकृष्ण को अर्जुन के सारथी के रूप में सेवा करते हुए और उन्हें गीता का ज्ञान देते हुए दिखाया गया है। झांकी की पहली झलक आध्यात्मिकता, कला और इतिहास के दर्शन कराती है। ट्रैक्टर खंड की शुरुआत में भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप के दर्शन होते हैं। जैसा कि युद्ध भूमि पर



उन्होंने अर्जुन के सामने प्रदर्शित किया था। विराट स्वरूप की प्रदर्शित प्रतिमा में अग्नि, नृसिंह, गणेश, शिव, विष्णु, ब्रह्मा, अश्विनी कुमार, हनुमान और परशुराम दिखाए गए हैं। दिव्य सर्प सिर ढके हुए हैं। श्री विष्णु दाहिने हाथ में तलवार, त्रिशूल, कमल, सुदर्शन चक्र और बाएं हाथ में शंख, बरछा, धनुष, नाग, गदा आदि लिए हुए हैं। नीचे का पूरा भाग शेषनाग व लहरों को गोलाकार आकार दिया गया है।

चार घोड़ों के साथ एक भव्य रथ भी बनाया गया है।

ट्रेलर अनुभाग में पीछे की ओर कुरुक्षेत्र युद्ध क्षेत्र में चार घोड़ों के साथ एक भव्य रथ बनाया गया है। रथ, घोड़ों और सभी तत्वों को गहन विवरण के साथ दर्शाया गया है। अर्जुन और श्रीकृष्ण के रथ पर सवार मूर्तियों को रंगीन बनाया गया है, जबकि ट्रेलर के बाकी हिस्से को एक ही पार्थिव छाया में बनाया गया है। झांकी में घोड़ों से लेकर रथ तक और यहां तक कि जमीन की धूल भी, हर एक विवरण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। ट्रेलर के किनारों पर बना पैटर्न महाभारत युद्ध के विभिन्न दृश्यों को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विषेशज्ञ कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों व मंत्रालयों की झांकियों के चयन की प्रक्रिया नवंबर माह में शुरू की जाती है, जिसमें सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश व मंत्रालय अपने-अपने थीम की प्रस्तुति देते हैं। पिछले वर्ष भी खेलों में नंबर वन हरियाणा की थीम पर आधारित झांकी के माध्यम से हरियाणा की खेल उपलब्धियों को सशक्त तरीके से देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया गया था।

कुरुक्षेत्र को दुनिया के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से एक

कुरुक्षेत्र को दुनिया के सबसे प्राचीन तीर्थ स्थलों में से एक जाना जाता है। यहां पवित्र नदी सरस्वती के तट पर वेदों और पुराणों की रचना हुई। लगभग 5159 वर्ष पहले महाभारत युद्ध के पहले दिन भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में अर्जुन को श्रीमद्भगवद्गीता का शाश्वत संदेश दिया, इसीलिए कुरुक्षेत्र की पहचान गीता के जन्मस्थल के रूप में होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब वर्ष 2014 में कुरुक्षेत्र आए थे तो उन्होंने कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में पहचान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उनकी इसी सोच को मूर्त रूप देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में गीता स्थली को न केवल अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जा रही है, बल्कि देश के साथ-साथ विदेशों में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन इसी कड़ी के तहत किया गया है।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति आज मनाएगी नेताजी की जयंती

### स्वतंत्रता सेनानी हॉल में होगा जयंती कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कपूर सिंह दलाल, विजेंद्र सिंह ठाकरान।

**स्वतंत्रता** सेनानी उत्तराधिकारी समिति की एक बैठक सेक्टर-43 स्थित समिति के कार्यालय में हुई। बैठक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में कपूर सिंह दलाल अध्यक्ष, रोशन लाल यादव उपाध्यक्ष, महासचिव विजेंद्र सिंह ठाकरान, लेखराज सिंह राघव कोषाध्यक्ष, राजेश्वर ठाकरान संरक्षक, बलजीत सरपंच सुखराली, बलजीत सिंह हुल, धर्मेंद्र जांघू दौलताबाद आदि ने भाग लिया। बैठक में महासचिव विजेंद्र सिंह ठाकरान ने प्रस्ताव रखा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाई जाए। इस विषय पर सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हाल सिविल लाइन में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस जयंती समारोह के लिए, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया।

समिति ने यह भी फैसला लिया है कि स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानियों के लिखे जाने वाले नामों की सूची समारोह में प्रदर्शित की जाएगी। यह सूची मुख्य सचिव हरियाणा सरकार से प्राप्त हुई है। समिति ने सभी स्वतंत्रता सेनानी परिवार के उत्तराधिकारियों, देश प्रेमियों एवं देशभक्तों से अनुरोध किया है कि नेताजी की जयंती समारोह 23 जनवरी 2023 को सुबह 11:00 बजे स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हाल गुरुग्राम में पहुंचें।

# आजाद हिंद फौज के गुमनाम जवानों को हर हाल में मिले सम्मान

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में शिलालेख पट्ट व म्यूजियम बनवाने के लिए लिखा सीएम को मांग पत्र

कविता। फरीदाबाद

**देश** में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 126 वें जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता भगवान फोगाट सीएम और डिप्टी सीएम से गुमनाम जवानों को स्वतंत्रता सेनानियों का दर्जा दिलवाने को प्रयासरत है। उनका कहना है कि फरीदाबाद, पलवल और गुरूग्राम के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों का रिकॉर्ड गुरूग्राम प्रशासन तक पहुंचाये हुए उन्हें काफी समय हो गया है। लेकिन उनके



गुरुकुल इंद्रप्रस्थ का फाइल फोटो



भगवान फोगाट

परिवारों तक यह रिकॉर्ड प्रशासन द्वारा नहीं पहुंचाया।

**फरीदाबाद से गहरा नाता:** अरावली के गोद में बसे गुरुकुल इंद्रप्रस्थ से नेताजी का गहरा नाता था। आजादी के समय यह गुरुकुल भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व राम प्रसाद बिस्मिल जैसे शहीदों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र था। सुभाष चंद्र बोस यहां आठ दिन भूमिगत भी रहे थे। गुरुकुल के प्राचार्य ऋषिपाल ने बताया कि सत्य सनातन वैदिक संस्कृति की रक्षा करने और क्रांतिकारी राष्ट्र भक्तों को तैयार करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने 1916 में गुरुकुल की स्थापना की थी।

**लड़ रहे हैं लड़ाई:** सामाजिक कार्यकर्ता भगवान फौगाट ने बताया कि आजाद हिंद फौज के गुमनाम रहें हरियाणा के जवानों का रिकॉर्ड, गौरवपूर्ण इतिहास राष्ट्रीय अभिलेखागार में पाया गया है। इनका रिकॉर्ड उन्होंने सालों की मेहनत से ढूंढकर राज्य व जिला प्रशासन और राज्य स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति कार्यालयों तक पहुंचाया है। सभी उपायुक्तों को कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव कई बार पत्र लिख चुके हैं।

**मिला है आश्वासन:** फौगाट ने बताया कि अंग्रेजी सेनाओं द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के आधार पर आजाद हिंद फौज के सभी जवानों कि पहचान करना आसान नहीं था। अत: वे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी रह गए हैं। अगर सरकार द्वितीय विश्व युद्ध के अंग्रेजी सेना के जवानों कि यूनिट आर्मी नंबर, नाम, पता दिलवाये तो वह अपने अनुभव के आधार पर सैकड़ों जवानों का आजाद हिंद फौज राष्ट्रीय अभिलेखागार कार्यालय से तलाश कर दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने उनको स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देने का आश्वासन दिया है।

**म्यूजियम बनाए जाएं:** भगवान फोगाट ने सीएम से प्रत्येक जिले में हरियाणा के आजाद हिंद फौज के सेनानियों का शिलालेख पट्ट एवं उनकी यादों को चिरस्थाई बनाने को म्यूजियम सुभाष पार्क भव्य रूप से बनाने की मांग की। हरियाणा के अनेक जवानों ने आजाद हिंद फौज में हिस्सा लिया था, वह आज तक गुमनाम हैं।

# बीपीटीपी में वैध मकान तोड़ने वाले निगम अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश

## विधायक राजेश नागर ने पीड़ितों को हुए नुकसान की भरपाई करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीपीटीपी** सेक्टर 85 ई ब्लॉक में नक्शा पास करवाकर बनाए मकानों में भी नगर निगम ने तोड़फोड़ कर दी तो लोगों ने विधायक राजेश नागर से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। जिसपर विधायक राजेश नागर ने तुरंत ही मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और बिल्डर बीपीटीपी के अधिकारियों को फोन कर लोगों की टूटफूट को सही करने और जरूरी कंपनसेशन दिलवाने के लिए कहा।



बीपीटीपी सेक्टर 85 में नगर निगम द्वारा तोडे गए मकानों का जायजा लेते विधायक राजेश नागर।

विधायक राजेश नागर ने इस बारे में निगमायुक्त से भी बात की और इस मामले में दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। निगमायुक्त ने निष्पक्षता से मामले के बारे में पता कर कार्रवाई करने की बात कही और कल बीपीटीपी बिल्डर के अधिकारियों और स्थानीय आरडब्ल्यूए के सदस्यों को संयुक्त आयुक्त से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा। विधायक राजेश नागर ने बताया कि यहां सर्विस क्लास के लोग रहते हैं उनका कोई भी नुकसान बिल्डर या नगर निगम की गलती से हुआ है, उसे उन्हें ही दूर करना होगा। जबकि स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने यहां सेक्टर 85 के ई ब्लॉक गली नंबर 23 में जो भी मकान बनाए हैं वह पूरी तरह से डीटीपी द्वारा नक्शा और अनुमति लेकर बनाए गए हैं । यहां की सड़कें डीटीपी से प्लान मंजूरी के बाद बनवाई गई हैं। इसके साथ ही यहां पर सड़क, पानी, सीवर और गैस की लाइनें भी पड़ी हुई हैं जिनका भारी नुकसान होने की आशंका है। लोगों ने बताया कि नगर निगम ने उनके गेट और बाहर की बाउंड्री बुरी तरह से तोड़ फोड़ दी हैं जबकि उनके सभी निर्माण मंजूरशुदा नक्शे के द्वारा कराए गए हैं। लेकिन नगर निगम अब किसी पुराने राजस्व नक्शे में रास्ता होने की बात कह कर और तोड़फोड़ करने की बात कह रहा है। इस प्रकार उन्हें आर्थिक नुकसान तो हुआ ही है साथ ही सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचा है।

स्थानीय लोगों ने विधायक राजेश नागर को बताया कि बिल्डर कई बार बोलने के बावजूद भी इस मामले में कोई सुध नहीं ले रहा है क्योंकि नगर निगम से बात करने के लिए वह ही पूरी तरीके से अधिकृत है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि लोगों का बिना मतलब नुकसान करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि वह अपने संबंधित क्षेत्रों में बिना जांचे परखे इस प्रकार की कार्यवाही ना करें, जिससे उन्हें भविष्य में विभागीय कार्यवाही का सामना ना करना पड़े। वह कोई भी कार्रवाई पूरी छानबीन करने और नोटिस देने के बाद ही करें।

# परिजनों संग महिला की हत्या करने के आरोपी पति और देवर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने हत्या के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अनिल तथा सुनील का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद की सुभाष कॉलोनी के रहने वाले हैं। आरोपी सुनील आरोपी अनिल का भाई है। 19 जनवरी को आदर्श नगर थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी अनिल ने अपने परिजनों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। महिला के भाई की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी अनिल तथा सुनील को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अनिल की शादी वर्ष 2010 में उस महिला के साथ हुई थी। महिला के परिजनों ने बताया कि उसका पति आरोपी अनिल अदानी कंपनी में ड्राइवरी की नौकरी करता है तथा शराब पीने का



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक अनिल और सुनील

आदी है और नशे की हालत में वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी पत्नी पर शक करता था और शक के कारण उसने कई बार अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। मृतक महिला के ससुराल और मायके के बीच कई बार पंचायत भी हो चुकी है। इसी ग्रह कलेश के चलते आरोपी ने भाई के साथ मिलकर गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जिन्हें क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ करके उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

### शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान



शिविर में रक्तदान करते दाता।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से बल्लभगढ़ मुकेश कॉलोनी में समाजसेवी जितेंद्र बंसल व मोनिका बंसल के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा नेता टिप्पर चंद शर्मा ने रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह लोग मानवता की बेमिसाल सेवा कर रहे हैं। इससे पहले जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विजेंद्र सौरोत का समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल व शिविर संयोजक जितेंद्र बंसल ने शॉल भेंट कर स्वागत किया। केदारनाथ अग्रवाल ने शिविर में सहयोग करने के लिए कपिल सिंगला, व्यापारी संगठन के प्रधान प्रदीप गुप्ता , संजू भढ़ाना, अमित सैनी, प्रदीप, गुलशन बंसल, अरुण द्विवेदी, सतवीर शर्मा, कृष्ण कुमार गोयल, अतुल सिंगला, शिवम बंसल, जितेंद्र सिंगला, ललित गोयल आदि का आभार प्रकट किया

### बैंक में असफल सेंधमारी का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने बैंक में सेंधमारी करके लूट का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रोबिन है। जो फरीदाबाद के सिलाखरी गांव का रहने वाला है। 21 जनवरी को धौज थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने ग्रामीण बैंक में सेंधमारी करके पैसे लूटने का प्रयास किया था परंतु पैसे नहीं मिले तो आरोपी ने मोबाइल चोरी कर लिया। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी को पैसों की आवश्यकता थी। इसलिए आरोपी तीन-चार दिन पहले बैंक में लोन लेने के लिए गया था परंतु बैंक ने लोन देने से मना कर दिया तो आरोपी ने बैंक से पैसे लूटने का प्लान बनाया। बैंक बंद होने के बाद रात के समय आरोपी आरी पेचकस लेकर बैंक के पास पहुंचा और बैंक में जंगला आरी से काटकर बैंक के अंदर घुस गया। इसके पश्चात आरोपी ने वहां पर अलमारी और दराज खंगाल मारे परंतु उसे पैसे नहीं मिले क्योंकि पैसे बैंक के चेंबर में रखे जाते हैं जिसके बारे में आरोपी को नहीं पता था। आरोपी ने स्ट्रांग रूम का ताला खोलने की कोशिश की परंतु वह उसमें भी सफल नहीं हो पाया।

### शिव पुराण पढ़ने एवं सुनने से मन होता है शुद्ध : डॉ. सिंह



**फरीदाबाद।** शिव महिमा की कथा का आयोजन दुर्गा मंदिर एनआईटी नंबर-5 की प्रबंधन कमेटी के द्वारा किया गया है। जिसमें देश के महान संत आचार्य डॉ संतोष महाराज शिव महिमा का गुणगान कर रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् समाजशास्त्री दार्शनिक प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि आचार्य संतोष बहुत ही सरल सहज और उदार ह्रदय के संत हैं। जो बाहरी दिखावे से परे हैं तथा फूल पत्ती खाकर अपनी गुजर-बसर करते हैं। इसलिए उनके विचार भी अति उत्तम है। डॉ एमपी सिंह ने कहा कि शिव देवों के देव महादेव हैं और इनको महाकाल भी कहा जाता है। जिनके गुणगान करने से और सोमवार को व्रत रखने से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। इसीलिए अधिकतर शिव भक्त सोमवार को व्रत व पूजन करते हैं। डॉ एमपी सिंह ने कहा कि शिव पुराण सुनने से पहले और सुनने के बाद किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए और उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करना चाहिए इस अवसर पर अखंड पीठ हनुमान मंदिर सेक्टर 16 के पीठासीन संत ओम प्रकाश, महंत मोहित शर्मा तथा पटौदी से आए हुए महान संत ईश्वर दास का भी दुर्गा मंदिर प्रबंधन कमेटी के द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया तथा संगीतमय कथा में सभी शिव भक्तों ने अत्यधिक आनंद लिया तथा नाच गाकर अपनी हाजिरी लगाई।

### पालतू पशुओं के स्वास्थ्य जांच को लगाया शिविर



**फरीदाबाद।** सेक्टर-88 स्थित एसआरएस रेजिडेंसी में एक पेट अवेयरनेस कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवेयरनेस कैम्प में पैट्स की जांच व नि:शुल्क उपचार की सुविधाएं वहां के निवासियों को उपलब्ध करवाई गई। यह कैम्प देवास्य एनिमल हॉस्पिटल और एसआरएस रेजिडेंसी आरडब्ल्यूए के सहयोग से लगाया गया। कैम्प के कोडिनेटर अनगीरा पांडे ने बताया कि इस अवेयरनेस कैम्प में 55 पैट्स डॉग्स तथा बिल्लियों का चैकअप और वैक्सीनेशन किया गया। साथ ही इसमें 20 आवारा कुत्तों को भी वैक्सीन लगाई गई। इस मौके पर एसआरएस सोसायटी के सुप्रिया, भावेश और टीम ने लोगों को एनीमल्स के प्रति जागरूक करते हुए कैम्प में पूरा सहयोग किया। इस अभियान में एसआरएस रेजिडेंसी के आसपास की सोसायटियों के लोगों ने भी आकर अपने पालतू जानवरों को वैक्सीन लगाई। कैम्प में डॉ. चैतन और बीपी सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर सर्वोदय फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ. अंशु गुप्ता ने लोगों को जानवरों के प्रति जागरूक किया और भविष्य में उन्हें इस तरह के कैम्प लगाने का भी आश्वासन दिया है। ताकि जानवरों के स्वास्थ्य को ठीक रखा जा सके।

### नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की टीम ने दुष्कर्म तथा ब्लैकमैलिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अभय है। जो यूपी के फर्रुखाबाद एरिया में स्थित सीडे चकरपुर गांव का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की एसपीआर सोसाइटी में रह रहा था। एक महीने पहले महिला थाना सेंट्रल में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने पीड़िता को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने फ्लैट पर बुलाया। युवती जब वाशरूम गई तो आरोपी ने प्लान के तहत युवती को जाल में फसाने की कोशिश की। युवती जब बाहर आई तो आरोपी ने युवती से झूठ कहा कि उसने उसकी अश्लील वीडियो बना ली है और वह इसे इंटरनेट पर वायरल कर देगा। लड़की डर गई और उसने आरोपी से वीडियो डिलीट करने की गुहार लगाई परंतु आरोपी नहीं माना और उसे ब्लैकमेल करके उससे करीब 12000 रुपये ऐंठ लिए। इसके पश्चात आरोपियों उससे और पैसे मांगने लगा। युवती के पास पैसे नहीं थे तो उसने अपनी मां के सोने के झूमके आरोपी को लाकर दे दिए।

# एचआईवी के प्रति लोगों को किया जागरूक



रागनी के जरिए एचआईवी का प्रचार करती करमजीत एंड पार्टी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नेकपुर** और खेड़ी गुजरान में एचआईवी एड्स अभियान पर करमजीत एंड पार्टी ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने ग्रामीणों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कलाकारों ने रागनी और नुक्कड़ नाटक का मंचन करते हुए एचआईवी के फैलने के कारणों और एचआईवी से बचाव के कारणों पर बारिकी से प्रकाश डाला।

इस बारे में करमजीत ने कहा कि वह लगातार सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रचार कर रहे है। इस कडी में इस बार भी उन्हें जिला स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से जागरूकता के लिए भेजा गया है। वह लोगों को जागरूक तो कर रही रहे है। साथ ही जिला स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल हेल्थ टीम के जरिये लोगों के सैम्पल भी करवा रहे है। ताकि एचआईवी की बीमारियों से ग्रस्त मरीज सामने आए और उनका इलाज जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

# पार्क फ्लोर के निवासियों ने जलाई समझौते की कॉपियां

## आरडब्ल्यूए और बीपीटीपी बिल्डर के एग्रीमेंट को रद्द करने का उठाया मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पार्क** फ्लोर दो के निवासियों ने बीपीटीपी के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। लगातार 85 दिन तक धरना देने के बाद आरडब्ल्यूए के प्रधान और सचिव पर बिल्डर से मिलकर एक तरफा एग्रीमेंट साइन करवाने का आरोप लगाया है। प्रधान और सचिव के खिलाफ अन्य आरडब्ल्यूए के सदस्य एक जुट हो गए हैं। रविवार को एग्रीमेंट के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि वह कोर्ट में इसके खिलाफ केस डालेंगे।

**यह है पूरा मामला:** आरडब्ल्यूए के उप प्रधान कर्मवीर सिंह, अशोक, पूर्व प्रधान आरपी उन्नीयाल, टीआर गुप्ता व अन्य लोगों ने रविवार की दोपहर को पार्क फ्लोर दो सोसायटी में बनाए गए चिल्डर्न पार्क में प्रदर्शन



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते पार्क फ्लोर दो के निवासी

किया। उन्होंने बताया कि हमने 85 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया था।

इस दौरान हम एनसीडीआरसी में केस डालने की तैयारी कर रहे थे। प्रधान राजीव भारद्वाज ने एक वकील से फीस भी तय कर ली थी। लेकिन अचानक हमारे प्रधान व सचिव ने बिल्डर के साथ मिलकर एक एक तरफा एग्रीमेंट साइन कर दिया। जोकि सोसाइटी के लिए हर तरह से हानिकारक है। उन्होंने बिल्डर के हक में बनाकर सारे अधिकार बीपीटीपी को दे दिए हैं। इस एक तरफा एग्रीमेंट के अनुसार कोई भी निवासी, वर्तमान आरडब्ल्यूए और आने वाली आरडब्ल्यूए भी बिल्डर बीपीटीपी के खिलाफ आवाज नहीं उठा सकती है। जिसके विरोध में वह प्रदर्शन कर रहे है। इस मौके पर गुस्साए निवासियों ने एग्रीमेंट की कॉपियां जलाई और आरडब्ल्यूए के प्रधान, सचिव और बीपीटीपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जमीन कम का मुद्दा: प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्हें 31 एकड़ जमीन में से 11 एकड़ जमीन मिली है। शेष जमीन बिल्डर ने बेच दी। ऐसे में उन्हें पार्क, क्लब और जोगिंग ट्रेक की सुविधाएं उपलब्ध हुई। सोसायटी के जनरेटर कक्ष के ऊपर चिल्डर्न पार्क बनाकर खानापूर्ति कर दी गई। जोकि पूरी तरह से गलत है। ऐसे में वह अपनी जंग लड़ने के तैयार हो गए है। ताकि किया गया एग्रीमेंट रद्द करवा सके।

# पार्किंग, सीवर और पेयजल लाइन की मिली सौगात

## आधुनिक तकनीकी से 65 लाख रुपये की धनराशि से पार्किंग विकसित होगी

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**कैबिनेट** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दूंगा। बल्लभगढ विधान सभा क्षेत्र को प्रदेश में विकास कार्यों के लिए रोल मॉडल बनाने जा रहा है। हरियाणा के परिवहन, खनन, कौशल विकास एवं हायर एजुकेशन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज रविवार को बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 वासियों को मार्केट में पार्किंग के आधुनिक तकनीकी से विकसित करने की सौगात देते हुए यह बात कही।



सेक्टर तीन में विकास कार्य का शिला न्यास करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार विकास कार्यों की लिए धन की कोई कमी नहीं छोड़ रही है। बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र आधुनिक तकनीकी से विकसित करने के लिए सरकार प्रयास रत है। लघु सचिवालय, राजकीय महिला कालेज, माडल स्कूल, गर्ल स्कूल, सड़कें, बेहतर सीवरेज सिस्टम, गन्दे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई लाइन, रैनीवैल, ट्यूबवेल, बिजली आपूर्ति और दूधिया रोशनी की लाइटिंग सहित बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए आमूल-चूल परिवर्तन किया जा रहा है। जल्द ही बल्लभगढ़ सोहना रेलवे पूल को दोहरी करण करने, मुजेसर आरयूबी बनाने जा रहा है और बल्लभगढ़ को मुम्बई बडोदरा एक्सप्रेस हाइवे तथा जेवर एयर पोर्ट के साथ क्नेक्टीविटी, आगरा राष्ट्रीय राज मार्ग पर पुल बनाने व बल्लभगढ़ मोहना लोड पर एलिवेटिट का कार्य का शुभारंभ होने जा रहा है। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को सेक्टर- 3 पुलिस चौकी रोड पर पॉकेट 2 में बनाई जाने वाली मार्किट के लिए पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी है। यह पार्किंग हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की जाएगी। वहीं पार्किंग पर करीब 65 लाख रुपये की धनराशि की लागत आएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने ऊंचा गांव की सूबेदार कालोनी में सैनिक स्कूल से लेकर सेक्टर 62 तक पीने के पानी की पाइप लाइन और सीवर लाइन डालने के कार्य का भी शिलान्यास स्थानीय लोगों के हाथों नारियल तुड़वाकर किया।

# स्ट्रैन्थ लिफ्टिंग एसोसिएशन ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में 5वें स्ट्रैन्थ लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा सब जूनियर एवं सीनियर मैन तथा वूमैन प्रतियोगिता सेक्टर 16 किसान भवन में आयोजित की गई। फरीदाबाद स्ट्रैन्थ लिफ्टिंग एसोसिएशन की जरनल सैक्टरी नीलम पहलवान द्वारा प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस नेता नितिन सिंगला एवं विशिष्ट अतिथि फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण और सेक्टर-8 साइबर थाना प्रभारी नेहा राठी एवं बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला ने शिरकत की। अतिथियों के वहां पहुंचने पर नीलम पहलवान ने फूल मालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। सेक्टर 8 साइबर थाना प्रभारी नेहा राठी ने कहा कि नीलम पहलवान मेरी बहन की भांति है और नीलम पहलवान के जज्बे को देखते हुए इन्हें मैंने फरीदाबाद में हर संभव सहायता करने का प्रयास किया। क्योंकि जब यह सफल होंगी तो, हमारे देश-प्रदेश का नाम रोशन होगा।



सेक्टर-16 स्थित किसान भवन में स्ट्रैन्थ लिफटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग अतिथियों को सम्मनित करते एसोसिएशन पदाधिकारी।

प्रतियोगिता में प्रदेश के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेल जजमेन्ट हरियाणा की स्ट्रैन्थ लिफटिंग खेल के जरनल सैक्टरी टीम इण्डिया के चीफ कोच मि संदीप कड़वासरा ने व गुरुग्राम के जरनल सैक्टरी मि नरेश कुमार व कृष्णा प्रजापति का भी जोरदार स्वागत किया। स्ट्रेंथ लिफ्टिंग स्टेट चैंपियनशिप 58 किलोग्राम हिमानी गोल्ड 63 किलोग्राम गुंजन गोल्ड, 70 किलोग्राम नीलम सिंह गोल्ड, 59 किलोग्राम में, बॉयज राजाराम सिल्वर 79 किलोग्राम में हरीश शर्मा, ब्रॉन्ज मेडल 85 किलोग्राम, करण बेनीवाल ब्रोंज मेडल, 60 किलोग्राम करण ब्रोंज मेडल रमेश चौधरी, वरिष्ठ उपप्रधान मुकेश चौधरी, फीवा महासचिव गुरमीत सिंह देओल, सह कोषाध्यक्ष सरदार रणजीत सिंह, पूर्व प्रधान जीतराम वशिष्ठ एवं बलजीत सिंह के साथ-साथ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जोगिंदर सिंह द्वारा दिए गए। मंच संचालक द्वारा बताया गया कि, जाट संस्था एवं फीवा के आर्थिक सहयोग व आर्शीवाद से प्रतियोगिता सम्म्पन हुई। गुरमीत सिंह देओल की पूरी टीम ने नीलम पहलवान को 21000 रुपये अनुदान के रूप में भेंट किये। इस प्रतियोगिता में आए हुए सभी खिलाड़ियों, कोच व अतिथियों के लिए 2 दिन तक रहने और खाने की व्यवस्था किसान भवन के संरक्षक रमेश चौधरी व फीवा के पूर्व प्रधान एवं मंशा ग्रुप के चेयरमैन बलजीत सिंह द्वारा की गई थी।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 23 जनवरी, 2023



## भाजपा की परीक्षा

### मोदी की सलाह

**इस** वर्ष होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा इसके अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लिए परीक्षा की तरह हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं को यह परीक्षा शानदार ढंग से पास करने की दिशा में उल्लेखनीय सलाह दी है। हाल ही में आयोजित भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे 'अप्रासांगिक मुद्दों', जैसे फिल्मों आदि पर टिप्पणी न करें क्योंकि इससे विकास का एजेंडा नेपथ्य में चला जाता है। संभवत: मोदी की सलाह शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' पर पैदा विवाद के संदर्भ में है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म के बारे में काफी हंगामा मचा था, पर आखिरकार सेंसर बोर्ड ने विवादास्पद अंश हटाने का आदेश दे दिया। प्रधानमंत्री को भाजपा की 'छवि' की बहुत चिन्ता है और वे देश-दुनिया में घटने वाली घटनाओं तथा उनके संदर्भ में भाजपा-विरोधियों के प्रयासों पर पैनी नजर रखते हैं। विपक्षी नेता और मीडिया का एक हिस्सा उनसे हर विवादास्पद मुद्दे पर बयान देने की मांग करता है, पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस प्रकार की भ्रामक बहसों में उलझने के बजाय खामोशी से अपने विकास एजेंडे पर काम करते रहते हैं। उन्होंने भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा शुरू किए अनेक जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों को सभी लाभार्थियों तक पहुंचाने का आह्वान किया है। हालांकि, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भाजपा के सशक्त होने तथा खासकर 2014 में केन्द्र की सत्ता में आने से पहले मीडिया व खासकर बालीवुड फिल्म निर्माताओं का एक हिस्सा हिंदू धर्म व उससे जुड़े संस्कारों व कर्मकांडों की निन्दा-आलोचना कर पूरे समाज की छवि खराब करता था। अब देश-दुनिया में उभर रहा 'हिंदुत्व' यह स्थिति स्वीकारने को तैयार नहीं है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हिंदू-विरोधी भावनायें पैदा करने वाले कुछ बालीवुड निर्माताओं को इस बात से भी गहरा धक्का लगा है कि आज दक्षिण भारत की अनेक फिल्में उन पर भारी पड़ रही हैं। दक्षिण भारत के निर्माताओं ने हमेशा प्राचीन हिंदू साम्राज्यों, हिंदू धर्म व उससे जुड़ी सांस्कृतिक परंपराओं को सम्मान दिया है। आज तकनीक के चलते ये फिल्में हिंदी समेत अन्य भारतीय भाषाओं के दर्शकों तक पहुंच रही हैं और इनका स्वागत हो रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को समाज के सभी वर्गों से जुड़ने और उनके बीच जाने का आह्वान किया है। इन वर्गों में पसमांदा मुसलमान, ईसाई व अन्य अल्पसंख्यक तथा हाशिए पर पड़े समुदाय हैं। इससे स्पष्ट है कि भाजपा जनता के बीच अपना आधार और व्यापक करना चाहती है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पिछले लगभग नौ साल में केन्द्र सरकार तथा भाजपा की राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं से समाज के सभी वर्गों को लाभ हुआ है। इन योजनाओं को लागू करने में धर्म, जाति, पंथ या समुदाय का कोई भेदभाव नहीं किया गया है। स्वाभाविक रूप से भाजपा को इसका लाभ चुनावी रूप से भी मिला है। इससे भाजपा-विरोधियों में भयानक हताशा व निराशा व्याप्त है। विपक्ष की अधिकांश पार्टियां अब तक जाति व समुदाय की राजनीति कर एक जाति से दूसरी जाति को लड़ा कर अपना 'वोटबैंक' तैयार करती थीं तथा भाजपा को केवल सवर्ण हिंदुओं व शहरियों की पार्टी बताती थीं। अब भाजपा के प्रति समाज के सभी वर्गों का बढ़ता विश्वास देख कर उनकी नींद उड़ गई है। इनमें अनेक फिल्म निर्माता, उदारवादी बुद्धिजीवी व उनके मीडिया समर्थक भी शामिल हैं। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सभी चुनाव जीतने का आह्वान किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश में भाजपा इसी रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

# कठोर परिश्रम पर भाजपा का विश्वास

भाजपा के लिए राजनीति सत्ता पर कब्जे का माध्यम न होकर जनता की सेवा का साधन है। इसके लिए उसने दशकों तक कठोर परिश्रम किया है।

**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)





भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने इस बात की पुष्टि की है कि पार्टी जनता की सेवा के लिए है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के समापन भाषण ने पार्टी का 'रोडमैप' तय कर दिया है जिसके माध्यम से वह निस्वार्थ सेवा द्वारा जनता के साथ अपने संबंध और गहरे करना चाहती है। इसी भावना से भाजपा ने कार्यकर्ताओं को जनता के उन वर्गों के बीच काम के लिए प्रेरित किया जो कोविड-19 वैश्विक महामारी से पीड़ित थे। यह पार्टी नेतृत्व के विचारों में केन्द्रीय स्थान पर है। भाजपा के लिए राजनीति सत्ता पर कब्जे का माध्यम नहीं है। पार्टी ने जनता की सेवा का लंबा रास्ता चुना है। भाजपा ने इसके लिए दशकों तक परिश्रम किया है।

पार्टी की केन्द्रीय विचारधारा कार्यकर्ताओं व समर्थकों को आपस में जोड़ती है। इस विचारधारा में भारत का राष्ट्रहित सर्वोच्च है। इस प्रकार 'राष्ट्र प्रथम' केवल एक नारा न बन कर भाजपा का 'धर्म' बन गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक ने इसकी पुन: पुष्टि की है। विपक्ष को इस पर गहराई से गौर कर भाजपा के कामकाज के बारे में अनेक सबक लेने चाहिए। भाजपा ने कभी राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 'शार्टकट' नहीं अपनाए हैं। भाजपा ने राष्ट्रीय हितों से समझौते करने के बजाय हमेशा लंबा रास्ता अपनाया है। विपक्षी दलों को भाजपा से यह प्रमुख सबक सीखना चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व कर रहे हैं। कोई नहीं जानता कि इस यात्रा का क्या उद्देश्य है क्योंकि इसके पीछे कोई दृष्टिकोण नहीं है। कांग्रेस कभी आंदोलन की राजनीति में शामिल नहीं रही है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस को सत्ता में रहने की आदत पड़ गई थी और उसके नेताओं ने कभी जनता के साथ जाने पर विचार नहीं किया था। इसके उलट भाजपा ने अनेक आंदोलनों का नेतृत्व किया तथा कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र को खतरे में डालने वाले आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी ने यह दिखाने का प्रयास किया कि वे सुपरिचित चेहरों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। लेकिन वे विडंबनाओं व विरोधाभासों से नहीं बच सके। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन से बातचीत की। राजन अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए जो सलाह दे सकते थे, वह काम मोदी सरकार ने पहले ही पिछले आठ साल में कर दिया है। इसके बावजूद राहुल गांधी को उनके साहचर्य से प्रसन्नता हुई, जैसे कि उनके 'उच्चस्तरीय' विचार-विमर्श से कोई ऐसा नया आर्थिक समाधान सामने आ रहा है जिसके बारे में पहले नहीं सुना गया है। जनता ने यात्रा का उचित ही मजाक उड़ाया क्योंकि यह सारहीन थी। बिना किसी दृष्टिकोण के यात्रा निरर्थक है।

इसके उलट, प्रधानमंत्री मोदी एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ देश का नेतृत्व कर रहे हैं। जनता ने अनेक अवसरों पर इसे पसंद किया है। इसका नतीजा 2014 व 2019 के लोकसभा चुनावों तथा अनेक विधानसभा चुनावों में लोकप्रिय जनादेश के रूप में सामने आया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में भी प्रधानमंत्री मोदी ने अगले 400 दिन का रोडमैप तय कर दिया है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं को सीमान्त क्षेत्रों में रहने वाली जनता से मजबूत संबंध स्थापित करने को कहा गया है। मोदी सरकार पहले से ही 'पर्वतमाला' योजना का क्रियान्वयन कर रही है ताकि पड़ोसी देशों से सटे 13 हिमालयी राज्यों में चल रहे विकास कार्यक्रमों को मुख्यधारा में लाया जा सके। सीमान्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा निकट संबंध बनाने का आह्वान कर प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने 'राष्ट्र प्रथम' भावना को महत्व दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का संतृप्तीकरण करने को कहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर दिया है कि भाजपा कार्यकर्ता समाज के कमजोर वर्गों से संपर्क कर उनको सामाजिक पायदान पर चढ़ने में मदद करें तथा उनका आर्थिक सशक्तीकरण करें। प्रधानमंत्री मोदी का संदेश तथा उनके नेतृत्व में काम करने वाली सरकार का कामकाज सहयोगी प्रशासन का है।

जब मोदी सरकार 'प्रधानमंत्री आदर्श सांसद ग्राम योजना' जैसी योजनायें शुरू करती है तो उसका प्रयास सहयोगी प्रशासन के माडल को ऊपर उठाना होता है जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों, जनता तथा काम का क्रियान्वयन करने वाले अधिकारी शामिल हैं। हालांकि, भाजपा थोड़े मतों से दिल्ली नगर निगम के चुनाव जीतने में सफल नहीं हुई, पर यह 15 साल की सत्ता-विरोधी लहर के कारण था। इससे स्पष्ट है कि पार्टी ने जनता से निकट संबंध स्थापित किए हैं। भाजपा के सहयोगी प्रशासन माडल ने दिखा दिया है कि जनता की निर्णयों तथा उनके क्रियान्वयन में सहभागिता होने पर ही लोकतंत्र अच्छे नतीजे दे सकता है। यह विपक्षी दलों के कामकाज के एकदम उलट है जहां ड्राइंग रूम व विशेषज्ञों के माध्यम से आराम से सत्ता का संचालन होता है।

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के राजनीतिक प्रस्ताव में विपक्षी दलों की 'पत्थर फेंकने' वाली राजनीति की कठोर निन्दा की गई है जिसने पिछले आठ साल में मोदी सरकार के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं। लेकिन इन आरोपों को न्यायपालिका ने भी फर्जी व दुष्टतापूर्ण पाया है, जबकि जनता की अदालत में उनको अनेक अवसरों पर खारिज किया गया है। विपक्षी पार्टियों को अपने गिरेबान में झांक कर देखना तथा भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राजनीतिक प्रस्ताव का ईमानदारी से अध्ययन करना चाहिए। इस दस्तावेज में बताया गया है कि विपक्षी पार्टियां जनता के जनादेश के पालन में कैसे अत्यधिक विफल सिद्ध हुईं।

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का कार्यकाल भी बढ़ा दिया। कांग्रेस और विपक्षी दलों को 1980 के बाद से भाजपा अध्यक्षों की गिनती कर उनकी तुलना इसी कालखंड में अपनी पार्टियों के अध्यक्षों से करनी चाहिए। कांग्रेस में कुछ सालों को छोड़ कर गैर-गांधी परिवार के व्यक्ति को स्थान नहीं मिला। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने दिखा दिया है कि पार्टी के भीतर लागू होने पर ही लोकतंत्र नतीजे दिखा सकता है और यह बात पार्टी अध्यक्ष के चुनाव पर भी लागू होती है। भाजपा में कोई पार्टी कार्यकर्ता भी अध्यक्ष बनने की उम्मीद कर सकता है। लेकिन कांग्रेस कभी ऐसा नेता लाने व पुन: लाने में नहीं थकती है जो बार-बार विफल हो चुका हो। कांग्रेस में अब भी 30 साल पुरानी चुनाव रणनीति लागू है। सत्ता पर कब्जे के शार्टकट के मामले में कांग्रेस 'खैरात' बांटने की विशेषज्ञ आम आदमी पार्टी-आप की दयनीय छोटी बहन बन गई है।

योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के विश्वस्त सहायक मांटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) भावी पीढ़ियों के लिए हानिकारक होगी और यह नीतिगत दीवालियेपन का प्रमाण है। लेकिन कांग्रेस को चुनावों में यह वादा करते शर्म नहीं आती है कि चुनाव जीतने पर वह ओपीएस लागू करेगी। इससे संवेदनशील लोग आहत हो सकते हैं कि कांग्रेस ने नई पेंशन योजना लागू करने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अनुसरण किया था। भाजपा ने दशकों से कभी जनता के लिए कठोर परिश्रम करने से परहेज नहीं किया है। पार्टी गोवा मुक्ति आंदोलन, जम्मू कश्मीर, कश्मीरी पंडितों के पलायन, गौहत्या, राम जन्मभूमि, तीन तलाक, आदि मुद्दों पर आंदोलन से पीछे नहीं हटी। विपक्षी दलों को आंदोलनों व जनता की सेवा करने के मामले में भाजपा से सबक सीखना चाहिए।

# प्रकृति से खिलवाड़ बंद करना अनिवार्य

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



तेजी से डूबते जोशीमठ शहर की पृष्ठभूमि में, राज्य सरकार ने संकटग्रस्त शहर को बचाने के प्रयास में सभी पड़ावों को पार कर लिया है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से बहुत देर हो चुकी है क्योंकि शहर में कई स्थान पहले ही काफी हद तक डूब चुके हैं, जिससे आवास खतरनाक रूप से असंभव हो गया है। कोई आश्चर्य नहीं कि जोशीमठ के निवासी रातों-रात आगबबूला और पीड़ित हैं क्योंकि उन्होंने घरों, जमीन और आजीविका में निवेश की गई अपनी जीवन भर की बचत खो दी है।

जोशीमठ संकट कोई नई घटना नहीं है। पचास साल पहले, मिश्रा समिति की रिपोर्ट ने सलाह दी थी कि शहर भूमि धंसाव के लिए प्रवण था और बाद में 2006 में एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में कहा गया कि जोशीमठ के कुछ हिस्से प्रति वर्ष 1 सेमी की दर से डूब रहे थे। इसके अलावा जोशीमठ और उसके आसपास की जमीन धंसने का मुद्दा वर्षों से स्थानीय निवासी और पर्यावरण कार्यकर्ता समय-समय पर उठाते रहे हैं। लेकिन इन सभी चेतावनियों का कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि स्थानीय और केंद्र सरकार ने व्यापार को हमेशा की तरह जारी रखने के लिए चिंताओं को दूर करने का फैसला किया। नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर-इसरो के डेटा के अनुसार जोशीमठ में केवल 12 दिनों में जमीन 5.4 सेमी डूब गई थी, इसके बाद नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी का गैग आदेश, वास्तविकता को सुनने से सरकार के इनकार का एक और उदाहरण है। यह रवैया न तो पहले से किए गए नुकसान को कम करेगा और न ही दोष को कम करेगा, लेकिन वैज्ञानिक डेटा के लिए खुला होना और इसे देश भर के विशेषज्ञों के लिए उपलब्ध कराने से न केवल वर्तमान संकट का तेजी से समाधान खोजने में मदद मिलेगी बल्कि यह देश के अन्य भागों में भविष्य में उत्पन्न होने वाली जोशीमठ जैसी स्थितियों को रोकने में भी मददगार है।



जोशीमठ के अवशेषों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक तत्काल कार्य योजना पर पहुंचने के लिए विशेषज्ञों का एक राष्ट्रीय मंथन समय की आवश्यकता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अन्य हिमालयी शहरों को समान भाग्य होने से रोकने के लिए एक रणनीति तैयार करें। इसरो जैसे अत्याधुनिक डेटा तक इस पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा क्योंकि यह गति और अवतलन की सीमा की गणना करने में मदद करेगा। शहर की जल निकासी प्रणाली और वर्षा जल आउटलेट की पुनर्योजना के अलावा चट्टान की ताकत, शहर के भूकंपीय माइक्रोजोनेशन को समझने के लिए एक तत्काल मूल्यांकन की भी आवश्यकता है। यह निश्चित रूप से मान लिया गया है कि शहर पहले से ही मदद से परे नहीं है। जोशीमठ भी विवर्तनिक गतिविधि के कारण डूबने के लिए प्रवण है और यह उपचारात्मक उपाय करने की तात्कालिकता को जोड़ता है जो न केवल संपूर्ण हैं बल्कि टिकाऊ भी हैं। इसके एक भाग के रूप में, कुछ साहसिक और दृढ़ निर्णय लेने की आवश्यकता है। ऐसा ही एक निर्णय विष्णुगढ़ में निर्माणाधीन बिजली परियोजना को बंद करना और क्षेत्र को और संकट से बचाना हो सकता है। सरकार ने कथित तौर पर इससे अधिक की योजना बनाई थी। उत्तराखंड में 450 जलविद्युत परियोजनाएं, कोई केवल विनाशकारी कहर की कल्पना कर सकता है यदि ये परियोजनाएं शुरू हो जाएंगी। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी के शोध निदेशक डॉ. अंजल प्रकाश के अनुसार, 'अगर हम वहां पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो एनटीपीसी परियोजना को बंद कर देना चाहिए।'

जैसा कि जोशीमठ में निकासी, पुनर्वास और पुनर्वास जारी है, सरकार को जोशीमठ के तत्काल भविष्य के लिए योजना बनानी चाहिए। शहर के लिए इस पारिस्थितिक योजना में पर्यावरण कार्यकर्ता, भूवैज्ञानिक, भूकंपीय विशेषज्ञ, सरकारी प्रतिनिधि और स्थानीय निवासी आर्किटेक्ट होने चाहिए, जिनके पास क्षेत्र पर नवीनतम डेटा तक पहुंच हो।

जोशीमठ की तत्काल भविष्य की योजना के एक भाग के रूप में, सरकार को इस क्षेत्र में सभी विकासात्मक और बुनियादी ढांचागत गतिविधियों को रोक देना चाहिए और शहर को प्रबंधनीय बस्तियों में विभाजित करना चाहिए जो स्थान व्यक्तिगत रूप से पारिस्थितिक रूप से अनुरूप हों और सामूहिक रूप से पर्याप्त दूरी पर हों ताकि किसी को भी कोई पर्यावरणीय संकट न हो।

ये नए युग की 'स्मार्ट बस्तियां' तकनीक-प्रेमी हो सकती हैं, निर्माण मानदंडों का अनुपालन कर सकती हैं और निर्माण उद्देश्यों के लिए केवल पुनर्नवीनीकरण सामग्री का उपयोग कर सकती हैं। एक नए उपाय में, इन स्मार्ट बस्तियों के निवासियों को पर्यावरणीय हितधारक बनाया जाना चाहिए, जिससे प्रत्येक निवास और वाणिज्यिक संस्था अनिवार्य रूप से पारिस्थितिक लेखा परीक्षा में भाग लेगी और सरकार को तिमाही अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। वैश्विक स्तर पर जाने और जोशीमठ में सामने आ रही समस्याओं के समाधान की तलाश करने की भी तत्काल आवश्यकता है। भूमि धंसाव कई देशों में काफी बार-बार होने वाली समस्या है और पिछले एक दशक में भूमि धंसने की प्रक्रिया को रोकने के लिए कई उपाय विकसित किए गए हैं। जोसेफ.एफ पोलैंड और वर्किंग ग्रुप द्वारा प्रकाशित पेपर के अनुसार, भूमि के नीचे जलभृतों की निकासी के कारण भूमि अवतलन का मुद्दा होता है। जैसे-जैसे खाली जगह बनती है, इसके परिणामस्वरूप भूमि जम जाती है या धंस जाती है। पेपर में देखा गया है कि पंचर जलभृत की ओर जल निकायों का मोड़ समय के साथ जलभृत को फिर से भरने में मदद कर सकता है और कुछ हद तक भूमि अवतलन की तीव्र दर को रोक सकता है। विशेषज्ञ इस विकल्प को देख सकते हैं और देख सकते हैं कि क्या किसी नदी को इस उद्देश्य के लिए मोड़ा जा सकता है, यदि यह सब संभव हो सके।

दशकों से, पूरे हिमालयी परिदृश्य में पर्यटन और बुनियादी ढांचे की मांगों पर सवार बेलगाम विकास देखा गया है। परिणाम लोगों की पीड़ा, ऐतिहासिक शहरों का नुकसान और पर्यावरण की अपूरणीय क्षति है और जोशीमठ उसी का जीता जागता उदाहरण है।

## आप की बात

### छंटनी के निहितार्थ

सूचना प्रौद्योगिकी एवं सोशल मीडिया क्षेत्र में जो उछाल पिछले एक दशक के दौरान दिख रहा था क्या वो यथार्थ था या पानी का बुलबुला? दुनिया भर के लोग अपने बच्चों एवं रिश्तेदारों को सूचना प्रौद्योगिकी की शिक्षा देते थे ताकि आईटी क्षेत्र में लड़का और लड़की अपना उज्जवल भविष्य बना सके। मगर 2023 के आते आते इस क्षेत्र में भूचाल सा आ गया। गूगल ने शुक्रवार को अपने कार्यबल से 12,000 लोगों को निकालने की योजना की घोषणा कीए जबकि माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को कहा कि वह 10,000 कर्मचारियों की छटनी कर रहा है। इससे पहले इ रिटेलर अमेज़न ने 18 हज़ार कामगारों को घर बैठने को कह चूका था। 28 साल के इतिहास में अमेज़न ने अपने कर्मचारियों की संख्या में सबसे बड़ी कटौती की है। इन तूफानों को अभी लोग झेल ही रहे थे की गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अपने 6 प्रतिशत यानी 12 हज़ार कर्मचारियों को नोटिस भेज कर घर बैठने को कह दिया है। हे भगवान् क्या यह अस्थायी प्रवृति है कि भयावह सुनामी आने से पहले का हलचल? कहीं यह दुनिया में सबसे बड़ी मंदी आने का संकेत तो नहीं? आईएमएफएवं विश्व बैंक इसकी का चेतावनी पहले ही दे चुके हैं। हमें सतर्क रहना होगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### नेताजी को श्रृद्धांजलि

**नेताजी** सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता महाभियान के क्रांतिकारियों में से एक आजादी महानायक थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को ओड़िशा के कटक शहर में हुआ था। उनके पिता जानकी नाथ ने अंग्रेजों के दमनचक्र के विरोध में प्रायबहादुरष् की उपाधि लौटा दी। आईसीएस की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद सुभाष ने आईसीएस से इस्तीफा दिया। इस पर पिता ने उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा. जब तुमने देशसेवा का व्रत ले ही लिया है, तो कभी इस पथ से विचलित मत होना। सुभाष ने आजादी के आंदोलन को एक नई राह देते हुए युवाओं को संगठित करने का प्रयास पूरी निष्ठा से शुरू कर दिया। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि जब नेताजी ने जापान और जर्मनी से मदद लेने की कोशिश की थी तो ब्रिटिश सरकार ने अपने गुप्तचरों को 1941 में उन्हें ख़त्म करने का आदेश दिया था। नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर के रूप में दल्ली चलो नारा दिया। देश की राजधानी में नेताजी की मूर्ति लगवा कर प्रधानमंत्री मोदी ने उनको सच्ची श्रृद्धांजलि दी है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर,** बालाघाट

### संतुलित प्रिंट मीडिया

**सोशल** मीडिया और इंटरनेट तकनीक के जितने फायदे हैं, उतना ही साइड इफेक्ट भी है। कभी ऑनलाइन ठगी का शिकार और कभी सूचना की ठगी, उसपर उच्चतम न्यायालय का विकिपीडिया को लेकर नया बयान। इससे साबित होता है कि प्रिंट मीडिया की लोकप्रियता और विश्ववसनीयता अभी तक एक नंबर पर है। परन्तु युग डिजिटल और तेज हो गया है इसलिए लोग अन्य माध्यमों का उपयोग तो करते हैं परन्तु उन्हें विश्वसनीय नहीं मानते। इसी क्रम में कुश्ती खिलाड़ियों और कुश्ती संघ के अध्यक्ष की लड़ाई में लोग सोशल मीडिया एवं राजनैतिक दलों द्वारा भ्रमित हो रहे हैं, हालांकि खिलाड़ियों ने स्पष्ट कर दिया है कि इसमें कोई भी राजनीति न करे। हालांकि, अब खिलाड़ियों ने खेल मंत्री के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया है, पर सोशल मीडिया पैरोकारों ने मुद्दा भड़काने के सारे प्रयास किए। कहा जाता है कि एक लॉबी व्यक्तिगत रूप से कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ लामबंद थी और वही इसे भड़का रही थी। प्रिंट मीडिया ने संतुलन का परिचय दिया।

**मनोज,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मेरा** सपना विपक्षी नेताओं को एकजुट करना और आगे ले जाना है। इससे देश को लाभ होगा।

**- नीतीश कुमार**
बिहार के मुख्यमंत्री



**मुझे** आतंकी सूची में डालने का कारण अफवाहें और भारत सरकार द्वारा किया दुष्प्रचार है।

**- अब्दुल रहमान मक्की**
एलईटी आतंकी



**न्यूजीलैंड** की प्रधानमंत्री जेसिंडा अडर्न ने इस्तीफा दे दिया। भारतीय राजनीति में ऐसे नेता चाहिए।

**- जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता

# विरासत को सम्मान देते तो दर-दर ठोकरें न खाते विरोधी : योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में पार्टी नेताओं के समक्ष डबल इंजन सरकार में नया आकार लेते यूपी की तस्वीर पेश की। वहीं कानून व्यवस्था और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि विरासत का सम्मान करना भाजपा ही जानती है। विरोधी दलों की सरकारें भी यदि विरासत को सम्मान देतीं तो उन्हें दर-दर की ठोंकरें खाने को मजबूर न होना पड़ता। सीएम ने कहा कि यूपी में असीम संभावनाएं। यूपी के सामर्थ्य को सबको समझना होगा। यह देश का सांस्कृतिक हृदय स्थल है। पर्यटन के मामले में आज प्रदेश पहले नंबर पर है। काशी में एक सप्ताह में 26 लाख और सावन माह में एक करोड़ श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। यही स्थिति अयोध्या और मथुरा-वृंदावन की भी है। प्रयागराज में माघ मेले में दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। योगी ने कहा कि अगर इस सामर्थ्य को पिछली सरकारों ने समझने और सम्मान देने का प्रयास किया होता तो यूं दर-दर ठोंकरें नहीं खानी पड़तीं। इस विरासत को जो भी सम्मान देगा, समृद्धि उसका द्वार खोलेगी। जो भी उसे अपमानित करेगा, उसे दर-दर की ठोंकरें खानी ही पड़ेंगी।

सीएम ने कहा कि हमें विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। राम मंदिर आंदोलन के समय आपमें से भी अधिकांश युवा रहे होंगे। अपनी जवानी इस आंदोलन के लिए समर्पित की। सभी के मन में यही भाव था कि प्रभु राम के मंदिर निर्माण के लिए खुद को समर्पित कर रहा हूं। कोई चाह नहीं थी कि सांसद, विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री बनूंगा, एक ही भाव था विजेता का। विजयी होने के भाव का परिणाम हमें मिल गया। हमने पलायन का रास्ता नहीं अपनाया। भौतिक ताकत नहीं थी लेकिन आत्मिक ताकत थी कि मातृभूमि व प्रभु राम के लिए लड़ेंगे। सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम, कृष्ण ने यहीं जन्म लिया। बाबा विश्वनाथ धाम यहीं है। वैदिक ज्ञान को लिपिबद्ध करने की भूमि नैमिषारण्य यूपी में, मां गंगा यमुना संरस्वती का संगम, भागवत भूमि यूपी में। शक्तिपीठों से जुड़ी परंपरा यूपी में। जो लोग इस सामर्थ्य को नहीं समझते थेए वे कांवड़ यात्रा पर रोक लगाते थे। सीएम ने कहा कि हमें विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए।

## 55 वर्ष तक शासन करने वालों को नहीं दिखे यूपी के बच्चे

सीएम ने कहा कि 1998 से गोरखपुर में सांसद के रूप में सेवा का अवसर मिला। 1999 में गोरखपुर व आसपास दिमागी बुखार से मौत की बात सामने आई। काम करने पर पता चला कि 38 जनपदों में यह बीमारी फैली है। 40 वर्ष में 50 हजार बच्चों की मौत हुई। जापान ने 1905 में दिमागी बुखार का वैक्सीन खोज निकाला और इसे नियंत्रित किया लेकिन भारत में दिमागी बुखार का वैक्सीन आने में 100 वर्ष लगा। 55 वर्ष तक शासन करने वालों को यूपी के वह बच्चे नहीं दिखे, क्योंकि उनके एजेंडे में गरीब, किसान, मजदूर, युवा जिनके मासूम दम तोड़ रहे थे, वह मां नहीं थी। उनके एजेंडे में जाति, मजहब था। इंसेफेलाइटिस से होने वाली 90 फीसदी मौतें अल्पसंख्यक व अनुसूचित समाज से होती थी। अटल जी की सरकार में 2004 में हमने वैक्सीन मंगाने का प्रयास किया। 2005 में पहली खेप आई तो वैक्सीनेशन प्रारंभ हुआ। भाजपा की सरकार आने के बाद पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश जहां एक डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज की तरफ बढ़ रहा है, वहीं इंसेफ्लाइटिस से 95 फीसदी मौत पर भी नियंत्रित करने में सफलता मिली। कोरोना में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने 9 महीने में दो वैक्सीन बनाई और 220 करोड़ वैक्सीन की फ्री डोज दी जा चुकी है। कई देशों को भी फ्री वैक्सीन दी गई। स्पेनिश फ्लू से सबसे अधिक मौत भारत में हुई थी। लोग भूखमरी से भी मरे। कोरोना के दौरान फ्री राशन का डबल डोज देश में 80 करोड़ व यूपी में 15 करोड़ लोगों को मिल रहा था।

## जाति-धर्म-मजहब से ऊपर उठकर बनीं योजनाएं

सीएम योगी ने कहा कि 8 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में एक भी योजना व्यक्ति, जाति, क्षेत्र, भाषा को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि पं दीनदयाल उपाध्याय के मंत्र को अंगीकार करते हुए समाज के प्रत्येक तबके को देखकर बनाई गई। हर गरीब का जनधन खाता खुला। गरीब की कोई जाति मजहब नहीं होता। गरीबों को उसका अधिकार मिलना चाहिए। किसान को जाति मजहब पर नहीं बांट सकते। किसानों से जुड़ी केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक तबके को बिना भेदभाव दिया गया। कोई सोचता था कि यूपी में साढ़े 45 लाख गरीबों को आवास, 2.61 करोड़ गरीबों को शौचालय, फ्री में 1.74 गरीबों को रसोई गैस कनेक्शन, 1.55 करोड़ गरीबों को विद्युत कनेक्शन मिलेगा। आपके सामर्थ्य व पुरुषार्थ, पीएम मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सरकारें गठित हुईं तो 5 लाख नौजवानों को नौकरी मिली। हर जनपद के नौजवानों को प्रतिभा का उपयोग करने का अवसर मिला।

## सुरक्षा व सुशासन के मॉडल की बदौलत यूपी आने चाहते हैं निवेशक

सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा व सुशासन के मॉडल की बदौलत दुनिया का बड़ा निवेशक यूपी में आना चाहता है। 5 वर्ष में निवेश के परिणाम के स्वरूप 1.61 करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार से जोड़ा गया। ओडीओपी की ब्रांडिंग करते हुए परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहित किया गया। परिणाम स्वरूप रोजगार व नौकरी सृजित हुईं। एक्सपोर्ट बढ़ा।

पहले लोग यूपी को बीमारू राज्य कहते थे, आज परंपरागत उद्यम से एक करोड़ 60 लाख रुपये का प्रो्डक्ट निर्यात करता है। यूपी एक्सपोर्ट प्रदेश बन गया। यूपी कृषि प्रधान प्रदेश है। सबसे उर्वरा भूमि हमारे पास है।

## मिशन 2024 के 80 सीटों पर जीत के साथ मोदी को फिर से पीएम बनाना है

● कार्यसमिति में मोदी की मां हीरा बा व पूर्व सीएम मुलायम सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उत्तर प्रदेश में 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनाव में शेष बची लोकसभा सीटों को जीतकर मिशन 2024 के 80 सीटों पर जीत के लक्ष्य की पूर्ति करते हुए प्रचण्ड बहुमत के साथ केन्द्र में एक बार फ्रि से नरेन्द्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की प्रतिबद्धता पूर्ण करना है। यह लक्ष्य हम सब मिलकर पूरा करेंगे। आने वाले सभी चुनावों में भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जानता जनार्दन के आशीर्वाद से निश्चित रूप से विजयश्री अर्जित करेगी।

उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि प्रदेश में नगर निकाय चुनाव अब तक सम्पन्न हो चुके होते लेकिन विपक्षी दलों ने तरह.तरह के हथकंडे अपनाकर निकाय चुनाव में अड़ंगा खड़ा करने का कुत्सित षयंत्र किया। जिसके कारण इस तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हुई किए निकाय चुनाव विलम्बित हो गया है। विपक्ष की गलत कारगुजारी से आज प्रदेश का नगर निकाय प्रशासनिक तंत्र के अधीन आ गया है। लेकिन समाज के सभी वर्गों का कल्याण करने वाली योगी आदित्यनाथ सरकार न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते हुए नगर निकाय चुनाव शीघ्र कराकर निकायों में लोकतंत्र की बहाली करायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़ों के नाम पर राजनीति करके सत्ता प्राप्त करने वाले दलों के नेताओं ने अब तक सिर्फ अपने परिवार और अपने कुछ चहेतों का ही भला किया है। लेकिन जातियों की राजनीति करने वाले परिवारवादी दल ये भूल चुके हैं कि उत्तर प्रदेश की जनता अब चुनाव में जाति और भाई-भतीजावाद की राजनीति को नकार चुकी है। इसलिये मेरा विश्वास है कि कोर्ट की अनुमति के बाद जिस दिन भी प्रदेश में नगर निकाय चुनाव होंगे प्रदेश की जनता चुनावों को बाधित करने वाले विपक्षी दलों को सबक सिखाकर बतायेगी कि लोकतंत्र क्या होता है।

भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री की कर्मठता से जहां काशी कॉरिडोर आज पूर्ण आभा से चमक रहा है, वहीं अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य व दिव्य राम मंदिर के निर्माण का कार्य तीव्र गति से पूर्णता की और बढ़ रहा है। यही नहीं चित्रकूट की रामधारा से लेकर भगवान बुद्ध की परनिर्वाण स्थली कुशीनगर, राधा-कृष्ण की नगरी मथुरा-वृन्दावन प्रदेश की सांस्कृतिक प्रगति के आधार बन रहे है।

चक्र तीर्थ नैमिषारण्य, मां विन्ध्यवासिनी धाम के विकास का कार्य निरंतर प्रगति की ओर है। उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटन और धार्मिक सांस्कृतिक महत्व के मेले, तीर्थस्थलों के विकास तथा वहां आवश्यक सुविधाओं के आधारभूत ढांचे का विकास करते हुए आने वाले तीर्थयात्री एवं पर्यटक की सुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से एतिहासिक कार्य किए जा रहा है।

सफल कुम्भ का आयोजन कर चुकी योगी सरकार जहां आने वाले महाकुम्भ 2025 की तैयारी तेज गति से कर रही है वहीं प्रतिवर्ष होने वाले माघ मेले की सुचारू व्यवस्था भी कर रही है। ऐतिहासिक और पौराणिक धरोहरों की सुरक्षा संवर्धन तथा इससे जुड़े व्यक्तियों, कलाकारों व स्थानीय समुदाय की आमदनी बढ़ाने व रोजगार के साधन सृजित करने के निरंतर प्रयासों की सराहना हो रही है।

## सपा के शासनकाल में नौकरियां बिकती थीं : बृजेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम करना होगा

**भाजपा** प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आगामी चुनावों के हमें पार्टी की विजय अभियान को और गति देने के लिए अपने वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम करना होगा। समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को जिन्हें हमारी विचार धारा पंसद है या जो तटस्थ है उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करना होगा।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने युवाओं को विशेष रूप से पार्टी से जोड़ने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने योजनाओं के माध्यम से नौजवान साथियों को पार्टी से जोड़ने का काम करना है। सबको पता है कि सपा के शासनकाल में कैसे नौकरियां बिकती थी? तमाम आयोग और विभाग कैसे नौकरियों में भ्रष्टाचार करते थे? भाजपा सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ लाखों लोगों को नौकरियां देने का काम किया है।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के द्वितीय सत्र के प्रारम्भ में प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने शोक प्रस्ताव रखा। पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माताजी स्व हीरा बा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यपाल स्व केशरी नाथ त्रिपाठी, पूर्व मुख्यमंत्री स्व मुलायम सिंह यादव, पूर्व विधायक सुन्दर लाल दीक्षित, पूर्व विधायक स्व विक्रमाजीत मौर्य, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामनरेश रावत, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामवीर उपाध्याय, पूर्व विधायक अरविन्द गिरी, क्षेत्रीय अवध क्षेत्र शेष नारायण मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रतापगढ गणेश नारायण, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रयागराज पंडित राघवेन्द्र मिश्रा, अध्यक्ष फिल्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश राजू श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वृंदावन मथुरा गोविंद शरण अग्रवाल, वरिष्ठ लिपिक भाजपा प्रदेश कार्यालय महेन्द्र सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग प्रभुनाथ चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष तेजकुमार, पूर्व मंत्री अमरनाथ यादव, पूर्व सांसद आनन्द रतन मौर्य, सत्य प्रकाश गुप्ता, नीरज मेहरोत्रा, राम गोपाल गुप्ता समेत अनेकों दिवंगत कार्यकर्ताओं के प्रति कार्यसमिति ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और दो मिनट मौन रखकर सभी दिवंगतों की आत्मा को शांति की प्रार्थना की।

## लोकसभा, निकाय व एमएलसी चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लोकसभा, निकाय, एमएलसी चुनाव के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों व संगठनात्मक अभियानों की योजना रचना पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रस्तुत की।



धर्मपाल सिंह ने कहा कि 5 फरवरी तक प्रदेश के सभी 98 संगठनात्मक जिलों की तथा 12 फ्ररवरी तक 1918 मंडलों की कार्यसमिति का आयोजन करके संगठन की कार्य योजना विस्तार से एक-एक कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी तक पहुंचाना है। मंडल तथा बूथ स्तर तक समीक्षा करके प्रभावशाली सशक्त मंडल व सशक्त बूथ की संरचना का निर्माण कर सभी वर्गों का समायोजन कर सुगठित करने का काम करना है। सशक्त मंडल के लिए प्रत्येक माह मंडल पदाधिकरी बैठक हो तथा मंडल में सातों मोर्चो की कार्यकारिणी गठनए पदाधिकारी कार्य विभाजन तथा जिले के प्रभारियों के मंडल में प्रवास सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही मंडल पदाधिकारियों के शक्ति केंद्र पर प्रवास भी निश्चित होना चाहिए। मंडल में ऐसे पदाधिकारियों की तैनाती करना है जो पंचायत, नगर निकाय, विधानसभा व लोकसभा चुनाव की जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम हों। उन्होंने कहा कि फ्ररवरी से संगठन का बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रारंभ होगा। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ में पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति तथा प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम से जुड़ने की अनिवार्यता पर काम प्रारंभ करना है। वहीं मन की बात कार्यक्रम में टिफ्नि बैठक करके सभी कार्यकर्ताओं से अपने घर से भोजन लाकर सामूहिक भोजन का स्वभाव निर्माण का भी आग्रह रहे।

श्री सिंह ने कहा कि 2 से 12 फ्ररवरी के बीच जिला स्तर पर बजट पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 फरवरी पं दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को प्रत्येक बूथ पर समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए संगठन के लिए आजीवन सहयोग निधि के रूप में सहयोग लेने का अभियान प्रारम्भ होगा। 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस तथा 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती को पार्टी प्रत्येक बूथ पर मनाएगी। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि एमएलसी चुनाव के साथ ही नगर निकाय चुनाव की तैयारियां भी लगातार चलती रहेंगी। हमें अपने कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से संगठनात्मक दृष्टि से एक आदर्श प्रस्तुत करना है।

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री के पंच प्रण, गरीब कल्याण योजना एवं उत्तर प्रदेश के सुशासन को आधार बनाकर यूपी की 80 लोकसभा सीट तो जीतेंगे ही पडोसी राज्यों में भी अधिक सीट जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के माफिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब स्वय पंजाब सरकार के मंत्री यह स्वीकरोक्ति कर रहे हैं कि यूपी के काशी क्षेत्र के एक माफिया को झूठी एफआईआर के आधार पर उसे तीन वर्ष तक पंजाब की जेल में रोके रखा गया था। पंजाब में तो हमारी सरकार नहीं है।

कौन कह रहा। वहॉ की अब की सरकार पंजाब की पूर्ववर्ती कांग्रेस पर आरोप लगा है माफ्यिा को बचाने का। सह प्रभारी ने कहा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सरकार की योजनाओं के बारे में जन जन तक जानकारी पहुंच रही है। 2024 का विजय लक्ष्य पूरा कर हमें जनता के बीच और विश्वास बढ़ाना है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव पिछड़ों के विरोधी हैं : केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● लोकसभा चुनाव में विपक्षी नये गठबंधन बनायेंगे



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए कि अभी ग्लोबल इंवेस्टर समिट हो रहा है तो विपक्षी कैसे कैसे प्रलाप कर रहे हैं। जब उच्च न्यायालय ने बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया तो अखिलेश यादव पिछड़ों के सबसे बड़े हितैशी बनकर सामने आए। ये पिछड़ों के हितैषी नहीं हैं ये उनके विरोधी हैं, गरीब विरोधी हैं ये महिला विरोधी हैं। ये एक केशव प्रसाद को नहीं हज़्म कर पा रहे हैं ये क्या पिछड़ों का भला करेंगे।

मौर्य ने कहा जो यूपी में जीत नहीं पा रहे हैं वे तेलंगाना जाकर नये प्रयोग कर रहे हैं। यूपी में अखिलेश यादव के प्रयोग फेल हो चुके हैं, राहुल और प्रियंका फेल हो चुके हैं। मायावती भी फेल हो चुकी हैं। प्रदेश में जो प्रयोग सफल हुआ है वो कमल के फूल वाला पास हुआ है। भाजपा पास हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी नये गठबंधन बनायेंगे, नापाक षड्यंत्र करेंगे, ना जाने कितने मोर्चे बनेंगे और न जाने कितने पीएम उम्मीदवार भी सामने आयेंगे लेकिन हमें यही काम पूरा करना है कि 100 में 60 हमारा है, बाक़ी में बँटवारा है। हमें 100 में 60 फीसदी वोट लेकर आना है। जो 40 है उसमें भी बँटवारा है और उसमें भी बंटवारा है। उन्होंने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य भाजपा कार्यकर्ता पहले है और उपमुख्यमंत्री बाद में है। मेरे लिये प्रदेश के कार्यकर्ता और उनका सम्मान सबसे पहले है। हमने तय किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में 80 की 80 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे जाएँगे। हमें परिवारवादियों, भ्रष्टाचारियों और गुंडागर्दी की राजनीति करने वालों को करारा जवाब देना है और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का बढ़ता कद न तो देश और न प्रदेश की राजनीति करने वाले विपक्षी दलों भा नहीं रहा है। क्योंकि ये लोग जाति और परिवार की राजनीति करने वाले लोग हैं।

हमारे पास विश्व के सबसे प्रभावशाली नेता पीएम मोदी जिनके मार्गदर्शन में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए भाजपा गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए काम कर रही है। उन्होंने 2014 में सपा की गुंडागर्दी वाली सरकार में लोकसभा चुनाव में 73 सीटें भाजपा गठबंधन ने जीती थीं। 2017 के विधानसभा चुनाव में उसका सूपड़ा साफ़ कर दिया।

2019 में सपा, बसपा और कांग्रेस ने गठबंधन कर देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ना बने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया। इसके पीछे केवल यही नहीं कई विदेशी ताक़तें भी शामिल थीं जिन्हें मोदी के नेतृत्व वाले भारत से परहेज़ था। फिर भी हमने 64 सीटें जीतीं। 2022 में सबको पता है विपक्षियों ने कैसा माहौल बनाया था लेकिन 273 सीटों के साथ जनता ने विपक्ष को करारा जवाब दे दिया है।

राजनीतिक प्रस्ताव

# मिशन 2024 के लिए बीजेपी ने खींची लंबी लकीर

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ दल बीजेपी रविवार को जहां एक तरफ इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी की 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लक्ष्य को लेकर मंथन कर रही थी तो वहीं इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान से लगभग तीन किमी दूर जनेश्वर मिश्र पार्क में सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में 80 सीटें हारेगी। प्रमुख विपक्षी दल सपा ने 2014 से 2022 तक लोकसभ से विधान सभा तक भाजपा के लिए जो भी बात कही वह सच साबित नहीं हुई है। नतीजतन भाजपा का विजय रथ 2014 से यूपी में जो दौड़ा वह रुका नहीं। हालांकि मैनपुरी लोकसभा सीट का उप चुनाव जीतकर सपा को बूस्टर डोज अवश्य मिल गई है। मगर भाजपा ने सपा के लोकसभा चुनाव हारने के कथन से इतर 80 सीटों के जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर अपने मिशन 2024 को पूरा करने के लिए एक लंबी लकींर खींची है।

● धार्मिक, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व अंत्योदय के साथ मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प



भाजपा ने अपने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए धार्मिक, सांस्कृति राष्ट्रवाद के साथ-साथ अंत्योदय के पथ पर आगे बढ़ते अपने मिशन को पूरा करने की रणनीति बनाई है। इसमें खासतौर पर हर वर्ग को साथ में लेकर चलते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेद-भाव के दिलाना है। बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने जो राजनैतिक प्रस्ताव रखा, उसमें इस संकल्प को दोहराया गया है। भाजपा अपने धार्मिक पर्यटन के जरिए अपने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार तो दे ही रही है, साथ ही नए पर्यटन स्थलों के विकास से पनपने वाले रोजगार के जरिए अंत्योदय के सपने को भी पूरा कर रही है। भाजपा ने अपने राजनीतिक प्रस्ताव में स्पष्ट कहा है कि देश में सत्ता की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संभालने के बाद से सांस्कृतिक उत्थान के कार्यों में अभूतपूर्व तेजी आई है। अयोध्या में श्री राम जन्म-भूमि निर्माण का कार्य प्रगति पर है वहीं काशी धाम कॉरिडोर बनने, चित्रकूट तीर्थ, नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र का विकास, विंध्यवासिनी धाम का सुंदरीकरण, महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर और मथुरा-वृन्दावन में बांके बिहारी कॉरिडोर का सुव्यवस्थित विकास होने से श्रद्धालुओं की संख्या में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है। ऐतिहासिक, पौराणिक व धार्मिक महत्व के स्थलों का संरक्षण व संवर्द्धन किये जाने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं और आमजन की आय में भी वृद्धि होने लगी है।

जी-20 आयोजन के तहत उप्र के चार शहरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने से उप्र विश्व पटल पर और उभर कर आएगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय पथ पर निरन्तर आगे बढ़ते हुए गांव-गरीब किसान व समाज के सभी वर्गों के सर्वागीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। भाजपा ने अपने संकल्प में कहा कि सशक्त भारत के निर्माण की खातिर दिन-रात पसीना बहाने वाले करोड़ों कार्यकर्ताओं की लगन व परिश्रम तथा जनता के आशीर्वाद से 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुनः सत्तासीन होंगे। विपक्षी दलों द्वारा भाजपा के विकास व विजयरथ को रोकने की कोशिशों का मुँहतोड़ जवाब जनता देगी।

# मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे अखिलेश: नितिन अग्रवाल

**संवाददाता।** सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश के 30 से अधिक जनपदों में व्यापारी सम्मेलन के जरिए व्यापारियों को एकजुट करने के बाद सीतापुर पहुंचे प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विशाल व्यापारी महासम्मेलन में जिले के व्यापारियों में जोश भरा और आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय पताका फहराने का संकल्प भी उन्हें दिलाया। इसके अलावा मंत्री नितिन अग्रवाल ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि वह सरकार से आग्रह करेंगे कि व्यापारियों को भी राजनीति में मौका दें।

सीतापुर के जीके ग्राण्ड गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा आयोजित व्यापारी महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे मंत्री नितिन अग्रवाल ने करीब आधे घंटे तक अपने उद्बोधन से व्यापारियों को एकजुट करने के साथ निकाय और लोकसभा चुनाव में विजय पताका फहराने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में एक तीर से कई निशाने साधे। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन व्यापारियों ने कांग्रेस को सत्ता में बिठाने का काम किया था उन्हीं व्यापारियों को कांग्रेस सरकार में उपेक्षा का शिकार होना पड़ा और इसी का नतीजा है कि व्यापारियों ने कांग्रेस का देश और प्रदेश दोनों से सफाया कर दिया। सपा मुखिया

- **व्यापारी महासम्मेलन के जरिए एक तीर से कई निशाने साध गए कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल !**
- **सीतापुर पहुंचे आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने व्यापारियों में भरा जोश**
- **व्यापारी सागर गुप्ता व राजीव गुप्ता ने मंत्री नितिन अग्रवाल को गदा देकर किया सम्मानित**
- **महासम्मेलन में करीब एक सैकड़ा व्यापारियों को किया गया सम्मानित**

अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं, जो प्रदेश को संभाल नहीं पाए वह देश की सत्ता में बैठने का ख्वाब देख रहे हैं। कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में सपा सरकार पर जमकर हमला बोला और इस दौरान उनका पूरा फोकस लोकसभा 2024 के चुनाव पर रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम आयोजक उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सागर गुप्ता व राजीव गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री नितिन अग्रवाल का स्वागत माला पहनाकर व गदा देकर किया। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, समाजसेवी कमल नयन आर्य व सभासद प्रदीप गुप्ता ने भी कैबिनेट मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि यहां का माहौल देखकर विश्वास हो गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। मंत्री नितिन अग्रवाल ने होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट से लेकर जी-20 सम्मेलन तक का जिक्र किया और मोदी योगी की जमकर तारीफ की। साथ ही भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनायी। कैबिनेट मंत्री ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि वह राजनीति में व्यापारियों को आगे बढ़ाने के लिए पार्टी से अनुरोध भी करेंगे। मीडिया के सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह और बागेश्वर धाम के महंत धीरेन्द्र शास्त्री पर चल रहे विवाद के प्रश्न पर मंत्री नितिन अग्रवाल ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि इस मामले में खेल मंत्रालय में जांच चल रही है वहीं बागेश्वर धाम विवाद के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आशीष शास्त्री व मनीष शास्त्री द्वारा किया गया। व्यापारी सम्मेलन में कार्यक्रम आयोजक सागर गुप्ता व राजीव गुप्ता ने जिले के करीब 1 सैकड़ा व्यापारियों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

इसके अलावा कार्यक्रम को पूर्व मंत्री व संगठन के प्रदेश महासचिव ब्रजेश शुक्ला, मिश्रिख ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पाण्डेय, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनीन्द्र अवस्थी, उद्योग व्यापार संगठन के लखीमपुर जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरू' के पुत्र ऋषभ राठौर, पिसावां ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, ललित श्रीवास्तव 'चंचल', दिनेश शर्मा, विश्राम सागर राठौर, ललित भट्ट, पंकज गुप्ता, बजरंग मुनि दास, जीत रस्तोगी, आशीष श्रीवास्तव, अंकुर बाथम, मोनू खेतान, अभिषेक जिंदल, अनिल गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, विजय बंसल, मुन्ना गुप्ता, राजेश शर्मा, संतोष चौरसिया, अवनीश मिश्रा, संतोष गुप्ता, कपिल गुप्ता, शोभित गुप्ता, सौरभ जायसवाल, सहित प्रधान, व्यापारीगण मौजूद रहे।

# सीतापुर जंक्शन से गुजरने वाली तीन ट्रेनों की अब बदलेगी टाइमिंग

**संवाददाता।** सीतापुर

- **एक ट्रेन सीतापुर से ही मैलानी को चलाई जाएगी, चल रही तैयारी**
- **सीतापुर के सांसद ने यात्रियों की सुविधा को लेकर किए थे प्रयास**
- **लखनऊ मुख्यालय पर चल रही प्लानिंग रेलवे बोर्ड करेगा फैसला**
- **सीतापुर जंक्शन से तीनों ट्रेनों से एक हजार यात्री करते हैं सफर**

**सीतापुर** से चलकर लखनऊ और लखीमपुर के रास्ते मैलानी जाने वाले यात्रीगण ध्यान दें। आपके लिए अच्छी खबर है। जल्द ही आपकी ट्रेनों की टाइमिंग में बदलाव किया जा सकता है। यह बदलाव रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत भरा रहेगा। समय में बदलाव होने से नौकरी पेशा, छात्रों, दूधिया समेत अन्य यात्री सुविधा का लाभ ले सकेंगे। यह बदलाव सीतापुर से गुजरने वाली तीन ट्रेनों में किया जाएगा। इसकी प्लानिंग चल रही है। अंतिम फैसला रेलवे बोर्ड को लेना होगा। दरअसल, आपको बता दें कि अभी सीतापुर जंक्शन से गुजरने वाली ट्रेनों का समय ऐसा है, जिससे सुबह-शाम नौकरी पेशा करने वाले सरकारी, प्राइवेट कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, दुधिया आदि को असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह समस्या लंबे समय से चली आ रही थी। मुसाफिरों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा ने ट्रेनों की टाइमिंग में बदलाव के लिए पत्र लिखकर गुजारिश की थी। उसी के बाद रेलवे ट्रेनों के समय में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है।

आपको बता दें कि अभी मैलानी से चलकर लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन सुबह सात बजे मैलानी से रवाना होती है। सीतापुर जंक्शन पर सुबह करीब 8:50 बजे पहुंचती है। यहां पांच मिनट रुकने के बाद 8:55 बजे लखनऊ को रवाना होती है, लेकिन इस ट्रेन में बदलाव होने से मैलानी से पांच बजे चलकर सीतापुर जंक्शन पर सुबह सात पहुंचेगी। इसके बाद 7 बजकर पांच मिनट पर लखनऊ को रवाना होगी। इसी तरह से लखनऊ से सीतापुर को दोपहर 12:30 बजे आने वाली पैसेंजर ट्रेन शाम तीन बजे लखनऊ के लिए चलती है, लेकिन बदलाव के बाद अब इसे दोपहर डेढ़ बजे सीतापुर जंक्शन पर लाने के बाद शाम को पांच बजे लखनऊ के लिए रवाना करने की तैयारी है। ऐसा होने से शाम को नौकरी कर लखनऊ जाने वाले नौकरीपेशा लोग इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। वहीं, मैलानी से शाम को आने वाली पैसेंजर ट्रेन अभी शाम छह बजे जंक्शन पर आती है, फिर लखनऊ को रवाना होती है, लेकिन इस ट्रेन के समय में भी बदलाव होगा। बताते हैं कि नए निर्णय के बाद यह ट्रेन अब लखनऊ नहीं जाएगी बल्कि सीतापुर से ही मैलानी वापस होगी। इसके समय में भी बदलाव होगा। बदलाव के बाद यह ट्रेन शाम को 5 बजकर 25 मिनट पर जंक्शन पहुंचेगी। पांच मिनट रुकने के बाद मैलानी रवाना हो जाएगी। बदलाव को लेकर लखनऊ दफ्तर में प्लानिंग चल रही है। अनुमोदन बनाकर गोरखपुर मंडल को भेजा जाएगा, जहां से यह प्रस्ताव रेलवे बोर्ड दिल्ली को जाएगा। वहां से इस पर मुहर लगते ही ट्रेनों में बदलाव होगा। सीतापुर जंक्शन के अधीक्षक एके शुक्ला की माने तो इन ट्रेनों में बदलाव को लेकर प्लानिंग चल रही है। एक सप्ताह के अंदर प्रस्ताव पास होते ही समय में बदलाव हो सकता है। ट्रेनों की टाइमिंग में बदलाव होने से काफी यात्रियों को सहूलियतें मिलेंगी। अभी सीतापुर जंक्शन से तीनों ट्रेनों से करीब एक हजार यात्री सफर करते हैं। बदलाव के बाद यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने की उम्मीद है। इसका फायदा कहीं न कहीं रेलवे को भी होगा।

# जान जोखिम में डाल राहगीरों ने पार की 'दुश्वारियों' की क्रॉसिंग!

**संवाददाता।** सीतापुर

- **हेमपुर रेलवे फाटक बंद रहने से दिन भर परेशान हुए लोग**
- **सबसे ज्यादा कार और बाइक सवारों को झेलनी पड़ी दिक्कतें**
- **बाइक सवार पटरी के बीच से वाहनों को निकालने को मजबूर**
- **सुरक्षा के लिहाज से कई जगहों पर तैनात रही पुलिस**

**रेल** ट्रैक की मरम्मत को लेकर रविवार को लेकर बंद किए गए हेमपुर फाटक की वजह से लोगों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ीं। खासकर कार और बाइक सवारों को सबसे ज्यादा दिक्कतें हुईं। बड़े वाहनों को तो पुलिस दूसरे रूट से डायवर्ट कर रही थी, लेकिन बाइक और कार सवार फाटक पर पहुंचने के बाद फंस जा रहे थे। यह सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

दरअसल, सीतापुर जिला मुख्यालय से शाहजहांपुर की ओर चलने पर रास्ते में हेमपुर रेलवे फाटक संख्या 45 सी पड़ता है। यहां पर रेल ट्रैक की मरम्मत के लिए रेलवे की ओर से रविवार को हेमपुर फाटक बंद किया गया। कई दिन पहले ही सेक्शन इंजीनियर जितेंद्र सिंह की ओर से इसकी सूचना सार्वजनिक कर दी गई थी। उन्होंने, डीएम, एसपी को पत्र लिखकर भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मदद मांगी थी। रविवार को तय समय पर रेलवे ने हेमपुर फाटक को बंद कर दिया। इधर, जिला मुख्यालय से बाईपास के रास्ते शाहजहांपुर की ओर जाने वाले वाहनों को नवीन चौक के पास चेक पोस्ट लगाकर पुलिस रोक रही थी और दूसरे रास्ते भेज रही थी। इसी तरह से शाहजहांपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को महोली में रोककर दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा था, लेकिन फिर कार और बाइक सवार हेमपुर फाटक पर पहुंच जा रहे थे। कार सवारों को रास्ता न मिलने की वजह से लौटना पड़ रहा था, जबकि बाइक सवार जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी को पार निकल रहे थे। दिन भर में कई बार ऐसी तस्वीरें भी दिखीं, जिसमें बाइक सवारों से कुछ ही फासले पर ट्रेन और मालगाड़ी थे। जिन्हें देखकर जल्दबाजी में बाइक सवार वाहनों को निकाल रहे थे। हालांकि, यहां पर तैनात पुलिस कर्मी लोगों को रोक रहे थे, लेकिन फिर भी वह ऐसा करने से बाज नहीं आ रहे थे। यह सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। पूरे दिन जाम जैसे हालात बनते रहे। रेलवे ट्रैक की मरम्मत की वजह से लोगों को पूरे दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, देर शाम रेलवे फाटक के खुलने के बाद आवागमन सामान्य हो सका।

# सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**संवाददाता।** निघासन.खीरी



**सूर्या** फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। अवध क्षेत्र के निघासन ब्लाक के ग्राम पंचायत लुधौरी के उप ग्राम सहतेपुरवा में आज मुख्य अथिति प्रदीप गुप्ता, समाज सेवी व विशिष्ट अतिथि रमाशंकर राज, सोबरन लाल राज, लेखराम राज ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें बच्चों के द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता टीमों क्रिकेट सहते पुरवा व कबड्डी बॉलीबाल में दरेरी सूर्य नमस्कार प्रथम पुष्पेंद्र द्वितीय विजय तृतीय अमित स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम रविन्द्र द्वितीय अंकुश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को शील्ड व मैडल देकर पुरुस्कृत किया गया।

यह जानकारी सूर्या फाउंडेशन के अवध क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सूर्या फाउंडेशन गांव के बच्चों व युवाओं में खेल कूद के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है। सभी विजेता प्रतिभागी पूरे जोश और उत्साह के साथ खेल को खेले जिससे उन्हें जीत हासिल हुई। इसी तरह युवा हमेशा अपनी कठिन परिश्रम व मेहनत से अपने आप को सफल बना सकते है।

इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के कार्यकर्ताए सियाराम राज, जूनियर फील्ड कैडर मनोज कुमार, राजू बच्चे व युवाए समहू की माताएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षिका के समर्पण ने दी विद्यालय को नई उड़ान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

- **खरगपुर बिलरिया का प्राइमरी स्कूल बना बेस्ट स्कूल ऑफद वीकए डीएम ने दी बधाई**

**खीरी** में बेहजम ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय खरगपुर बिलरिया को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल 'बेस्ट स्कूल ऑफ वीक' मुहिम के लिए चयनित किया गया है। यह विद्यालय शिक्षिका नाजनीन राना के प्रयासों से क्षेत्र की आन, बान और शान बना है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने भी शिक्षिका के जज्बे को न केवल सराहा बल्कि शुभकामनाएं दी। विद्यालय में हुए नवा चारों की छवियों को बधाई के साथ सोशल प्लेटफार्म पर शेयर किया, जिससे बेसिक शिक्षा परिवार में जबरदस्त उल्लास है।

ब्लॉक बेहजम का प्राथमिक विद्यालय खरगपुर बिलरिया आस.पास के क्षेत्र में इस सरकारी विद्यालय की चमक, शिक्षिका की पढ़ाने की शैली बरबस सभी को आकर्षित कर रही है। जुझारू, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका नाजनीन राना ने स्वयं के प्रयासों से ग्राम प्रधान को प्रेरित कर आपरेशन कायाकल्प, कम्पोजिट ग्रांट का बेहतरीन सदुपयोग से बेहद आकर्षक विद्यालय बनाने का कार्य किया। विद्यालय में फर्नीचर के अलावा सभी पैरामीटर पूरे हैं। विद्यालय में इन्वर्टर लगा है। नौनिहालों में स्वच्छता व पढ़ाई को लेकर जागरूकता साफ देखी जा सकती है।

प्राथमिक विद्यालय खरगपुर बिलरिया में बच्चों को आधुनिक रूप से शिक्षित किया जा रहा। मौका निकालकर वह गांव में लोगों के घर.घर गईं और बच्चों के प्रवेश के लिए प्रेरित किया। इसका व्यापक असर दिखा। हर माह अभिभावक व एसएमसी की बैठक भी होती है। ताकि व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखा जा सके। ग्रामवासियों से विद्यालय को भी लगातार सहयोग मिल रहा है, जिससे विद्यालय में उपस्थिति लगभग 80 प्रतिशत तक रहती है। 86 नामांकित छात्रों के सापेक्ष 52 बच्चों को निपुण बालक.बालिका के रूप में चिह्नित किया गया। विद्यालय के स्तर पर नवाचार कार्य लगातार जारी है।

इस स्कूल की दीवारों पर बनी पेंटिंग बच्चों ही नहीं व अभिभावकों को आकर्षित कर रही हैं। यहां शिक्षिका नाजनीन द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ नैतिकता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त शिक्षण सामग्री मौजूद है। बच्चों को योग, खेल व जूडो.कराटे की भी ट्रेनिंग दी जाती है। यहां टाइल्स युक्त किचन भी बना है।

ब्लॉक बेहजम के खरगपुर बिलरिया गांव में मैम जी के नाम से मशहूर शिक्षिका नाजनीन राना ने अपने वेतन से विद्यालय में इनवर्टर बैट्री, दस पंखे लगवाए। उनका कहना है कि बच्चों को पठन.पाठन के दौरान कोई असुविधा ना हो इसलिए यह काम किया।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**मोहम्मदी खीरी।** दो माह की ब्याही महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। मायके वालों की तहरीर पर पांच लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार गोला की निवासिनी प्रिया गुप्ता का विवाह मोहम्मदी के मोहल्ला पश्चिमी लखपेड़ा में 2 दिसंबर को हुआ था। पिता विनोद गुप्ता ने आरोप लगाया कि अपनी पुत्री को काफी दहेज दिया परंतु 50000 रुपए नकद और मोटरसाइकिल की मांग लगातार की जाती रही। मेरी बेटी को मारपीट कर हत्या कर दी गई। पिता की तहरीर पर पति जितेश, सास मीरा, ससुर विनोद सहित नंद और नंदोई सहित 5 लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विवेचना कर रही है।

## खीरी में आज यातायात जागरूकता के लिए बनेगी मानव श्रंखला

**लखीमपुर खीरी।** यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर आज मानव श्रृंखला बनाने का आयोजन होगा, जिसमें सुबह 10:30 बजे मानव श्रंखला बनेगी, 11 बजे सड़क सुरक्षा शपथ होगी। जिसकी संपूर्ण तैयारी डीएम के निर्देश पर संबंधित विभागों द्वारा पूरी कर ली गई है।जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर मानव श्रृंखला का निर्माण होने जा रहा है। ऐसे में शहर में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी इसमें होनी चाहिए। इसके लिए स्कूली छात्र.छात्राओं के साथ साथ समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी तथा स्काउट गाइड आदि प्रतिनिधियों की भी सहभागिता होगी। इसके साथ यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी तहसील मुख्यालयों पर भी एसडीएमए ब्लॉक मुख्यालयों पर बीडीओ के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाई जाएगीए जिसमें संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी अहम क़िरदार निभायेगे।

## बकाया भुगतान को लेकर गन्ना किसानों का आंदोलन जारी

**गोला गोकर्णनाथ.खीरी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का गन्ना भुगतान को लेकर आज भी आंदोलन जारी है।25 जनवरी को महापंचायत होगी जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष सरदार वीएमसिंह गन्ना किसानों को संबोधित करेंगे।संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा बजाज ग्रुप अपनी हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मिल प्रबंधतंत्र के बीच बातचीत हुई थी जिसमें 5 करोड रुपए से अधिक प्रतिदिन किसानों के खातों में भेजने का आश्वासन दिया गया था लेकिन पिछले दो दिनों में बात पूरी नहीं की गई। आगे कहा कि पलिया में भी वादा पूरा नहीं हुआ जिससे गोला गोकर्ण नाथए खंभारखेड़ा के किसान आक्रोशित है। श्री दीक्षित के अनुसार किसानों का दर्द ना तो उत्तर प्रदेश सरकार समझ पा रही है ना ही चीनी मिल मालिक इससे मजबूर होकर 25 जनवरी को किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है ।

# 24 से 26 जनवरी तक मनेगा यूपी दिवस, तैयारियों में जुटा प्रशासन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**यूपी** दिवस को बड़े ही धूमधाम के साथ 24 जनवरी से मनाया जाएगाए, जो 26 जनवरी 2023 तक चलेगा। खीरी में जिला प्रशासन यूपी दिवस को भव्यता से मनाने के लिए तैयारियों में जोर.शोर से जुटा है।

रविवार की दोपहर दो बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग राजकीय इंटर कॉलेज के खेल ग्राउंड पहुंचकर यूपी दिवस. 2023 की तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों के संग अबतक हुई तैयारियों को चाकआउट किया, जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने लग रहे पंडाल एवं स्टालों का अवलोकन किया। इस आयोजन में किड्स जोन एवं फूड जोन भी बनाया जा रहा है ताकि कार्यक्रम में आने वाले बच्चे झूले, स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लें। तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा। इस दौरान आयोजन की व्यवस्था देख रहे डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने अब तक हुई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। आमजन को भी यूपी दिवस का आमंत्रण दिया गया है और बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई इंतजाम किए गए हैं।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जीआईसी ग्राउंड में 24 जनवरी से आयोजित यूपी दिवस में आमजन भी आमंत्रित हैं, जो 26 जनवरी तक चलेगा। यहां मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला होगी। बच्चों के आकर्षण के लिए झूले, स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन का भी प्रबंध है। थारू संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। कृषि उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह की विभिन्न गोष्ठियों होंगी। नवाचारों एवं उत्कृष्ट अविष्कारों की प्रदर्शनी के साथ सभी विभागों के द्वारा प्रतिभाग कर जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा।

## वायरल बुखार से दो और मासूमों की मौत

**मोहम्मदी.खीरी।** नगर मे धीरे.धीरे बायरल बुखार पैर पसार रहा है। आज एक मोहल्ले में एक तीन माह की बच्ची और एक सात माह के बच्चे की मौते हो गयी। नगरपालिका का कहना है दूषित पानी पीने से बच्चों की मृत्यु नहीं हुई है, वहीं स्वास्थ्य विभाग डंके की चोट पर कह रहा है कि दूषित पानी पीने और नगर के मोहल्लों मे व्याप्त गंदगी की वजह से यह मौतें हुई हैं। बच्चों की मृत्यु हो रही है। आज मोहल्ला पछचमी लकपेड़ा में तीन माह की एक बच्ची, जो बायरल बुखार से पीड़ित थी उसने दम तोड़ दिया। परिवार वालों का कहना है कि बच्ची बीमार थी जिसका इलाज कराया गया। मोहल्ले के एक डाक्टर ने खसरा बताया था, बच्ची को बुखार आ रहा था। वहीं मोहल्ला सरैया में बायरल बुखार में तीन बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, और एक बच्चे ने जिला अस्पताल मे दम तोड़ दिया है। देखने में आ रहा है,जो नगर के अपने आपको जिम्मेदार मानते हैं, वो इस सबको देखकर मौन घारण किये हैं। कुल मिलाकर इस बायरल बुखार की चपेट मे घीरे घीरे पूरा नगर आता दिख रहा है। वही बरबर में भी बायरल बुखार लोगों को अपनी चपेट मे ले रहा है।

# पेज एक का शेष

## कुछ लोग...

अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कानून बनाने का अधिकार संसद का है। न्यायमूर्ति सोढ़ी ने कहा, क्या आप संविधान में संशोधन कर सकते हैं? केवल संसद ही संविधान में संशोधन करेगी। लेकिन यहां मुझे लगता है कि उच्चतम न्यायालय ने पहली बार संविधान का अपहरण कर लिया। अपहरण करने के बाद उन्होंने (उच्चतम न्यायालय) कहा कि हम (न्यायाधीशों की) नियुक्ति खुद करेंगे और इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच टकराव बढ़ने के बीच रिजिजू ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली को भारतीय संविधान के प्रतिकूल बताया है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम (एनजेएसी) और एक संबंधित संविधान संशोधन को रद्द करने के लिए शीर्ष अदालत पर सवाल उठाया है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्तियों को मंजूरी देने में देरी पर भी शीर्ष अदालत ने सरकार से सवाल ॉकिया है।

## राहुल की...

सफाया हो गया है और अगले दिन राजौरी के धंगरी गांव में हमला हुआ, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के सात लोग मारे गए। पार्टी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि यात्रा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों और जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इसकी योजना बनाई गई है। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार, प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रभारी रमेश ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश में अघोषित आपातकाल लगाया है। उन्होंने कहा, घोषित आपातकाल से ज्यादा खतरनाक अघोषित आपातकाल है... भाजपा ने देश में लोकतंत्र की भावना को समाप्त कर दिया है। हालांकि, चुनाव हो रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम लोकतांत्रिक हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर, कांग्रेस नेता ने कहा, यह एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन अभी जो अधिक गंभीर है, वह जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक गतिविधियों की बहाली है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर गृह मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय बन गया है। केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कब होंगे और इसे पूर्ण राज्य का दर्जा कैसे मिलेगा, जैसे वास्तविक मुद्दे हैं।

## शाहरुख ने...

हो। गौरतलब है कि शाहरुख खान के इस मामले में फोन करने से पहले ही मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा था कि अगर कानून-व्यवस्था का उल्लंघन होता है, तो कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री के पूर्व के बयान और हालिया टिप्पणी को लेकर उनपर निशाना साधा। शाहरुख पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता बबीता शर्मा ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री को इस तरह की बातें करने की आदत है। एक दिन उन्होंने कहा था कि वह हमारे वरिष्ठ नेता जयराम रमेश को नहीं जानते, जबकि शर्मा दशकों तक कांग्रेस में रहे। असम राज्य फिल्म वित्त और विकास निगम की पूर्व अध्यक्ष और अदाकारा शर्मा ने कहा, यह ध्यान आकर्षित करने के लिए एक तरह का पब्लिसिटी स्टंट हो सकता है। बबीता शर्मा ने सोशल मीडिया पर यह भी लिखा कि शाहरुख ने गुवाहाटी में गोल्ड सिनेमा फ्रेंचाइजी के मालिक को भी फोन किया था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इसके एक थिएटर के सामने प्रदर्शन किया था। वहीं, असम जातीय परिषद (एजेपी) के महासचिव और सांस्कृतिक कार्यकर्ता जगदीश भुइयां ने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया, शाहरुख खान कौन हैं? मुख्यमंत्री ने शाहरुख खान से रात 2 बजे क्यों बात की, जिन्हें वह जानते भी नहीं हैं?

## पुलिस बल...

चर्चा करने और अपनी टीम के बीच सर्वोत्तम तरीकों को विकसित करने के लिए राज्य और जिला स्तरों पर डीजीपीआईजीपी सम्मेलनों के मॉडल को दोहराने का आह्वान किया। सम्मेलन में पुलिस तंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिसमें आतंकवाद रोधी, जवाबी कार्वाई और साइबर सुरक्षा शामिल हैं। तीन दिवसीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित अन्य ने हिस्सा लिया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हाइब्रिड मोड में विभिन्न स्तरों के लगभग 600 और अधिकारियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

## कैलीफोर्निया में...

बंद करने को कहा। लोगों ने चोई को यह भी बताया कि एक व्यक्ति के पास मशीन गन है और उसके पास गोला बारूद भी है। गोलीबारी उस जगह के निकट हुई, जहां हजारों लोग लूनर न्यू ईयर समारोह में शामिल हुए थे। शनिवार को दो दिवसीय उत्सव की शुरुआत हुई थी, जो दक्षिणी कैलिफोर्निया में सबसे बड़े लूनर न्यू ईयर कार्यक्रमों में से एक है।

## बोस के...

कि इन शिविरों में लाए गए युद्ध बंदियों से पहले गहन पूछताछ की गई, ताकि भारतीय स्वतंत्रता के प्रति उनकी वफादारी के आधार पर उन्हें अलग किया जा सके। युद्ध बंदियों की कलर कोडिंग उन्हें सबसे अधिक से कम से कम वफादार के रूप में चिन्हित करने के लिए की गई थी। नेताजी और भारतीय स्वतंत्रता के प्रति सबसे अधिक वफादार आईएनए सैनिकों को 'ब्लैक' के रूप में चिन्हित किया गया था और उन्हें ब्रिटिश सेना के हाथों बहुत अधिक यातनाएं झेलनी पड़ीं। कम वफादार लोगों को ग्रे और बहुत कम वफादार सैनिकों को 'व्हाइट' के रूप में चिन्हित किया गया था। नीलगंज कैंप में 25 और 26 सितंबर, 1945 की दरम्यानी रात सुनियोजित नरसंहार हुआ था। युद्धबंदियों को परिसर की सीमा के बाहर स्थित मुस्लिम पुकुर (मुस्लिम तालाब) नामक तालाब में ले जाया गया। चलते समय उन्होंने भारत माता और नेताजी की प्रशंसा में गीत गाए। रात में ग्रामीणों ने गोलियों की आवाज सुनी जो पूरी रात वातावरण में गूंजती रही। जब दिन निकला तो ग्रामीण गोलियों की वजह जानने के लिए शिविर की और दौड़े। वहां पाया कि आईएनए सैनिकों के शवों के ढेर को सैन्य ट्रकों में ले जाया जा रहा था। शवों को कथित तौर पर लावण्यवती नदी (जिसे अब नोवाई नहर कहा जाता है, जो कि शिविर के निकट है) और गंगा नदी में फेंक दिया गया था। कुछ शव कथित तौर पर उसी शिविर के अंदर दफना दिए गए थे। एक ही दिन में सभी शवों का निस्तारण कर दिया गया। अभी तक महज अफवाह के तौर पर सुनी गई उस घटना की हकीकत जानने के लिए उसके रिकॉर्ड खोजते हुए सान्याल ब्रिटिश सेना के मेजर जनरल स्टुअर्ट द्वारा कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी रिपोर्ट को खंगाला। इससे उन्होंने पुष्टि की कि वाकई ऐसी घटना उसी रात हुई थी, जैसा कि स्थानीय लोगों ने दावा किया है। यानी वह घटना अफवाह नहीं, सच थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 26/5 मद्रास रेजिमेंट नीलगंज कैंप की सुरक्षा के लिए तैनात थी और इसकी कमान लेफ्टिनेंट कर्नल वॉन ने संभाल रखी थी, जो रेजिमेंटल सेंटर में थे। शिविर की कमान मेजर नांबियार के पास थी और गोलीबारी के लिए जिम्मेदार कंपनी की कमान कैप्टन ईआरआर मेनन के पास थी। रात के लगभग 10 बजे उन्होंने पिंजरों में युद्ध बंदियों को गिनती के लिए बाहर निकल लाइन में लगने का आदेश दिया, लेकिन उन्होंने आदेश मानने इनकार कर दिया।

# एफएसडीए की छापेमारी में 23 नमूने फेल, मुकदमे की तैयारी

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**एफएसडीए** के अधिकारी विजेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र रावत व आशीष कुमार द्वारा विगत दिनों चलाये गये अभियान के अंतर्गत उक्त नमूनों 23 नमूने फेल पाए गए हैं। जिसमें रेलवे रोड के मोहल्ला न्यामत खां स्थित ताराराानी के प्रतिष्ठान से लिये गये पनीर का नमूना फेल आया। गंगा दरवाजा कायमगंज स्थित नितिन गुप्ता के प्रतिष्ठान से लिये गये आटे का नमूना फेल आया। भोपत पट्टी स्थित अतुल शर्मा के प्रतिष्ठान से लिये गये सिंघाड़े के आटे का नमूना फेल आया। महावीरगंज स्थित सुरेन्द्र अग्रवाल के प्रतिष्ठान से लिये गये कूटू व सिंघाड़े के आटे के दोनों नमूने फेल आये।

आजाद नगर कमालगंज स्थित रामनिवास के प्रतिष्ठान से लिये गये सेंधा नमक का नमूना फेल आया। सेंट्रल जेल रिशू के प्रतिष्ठान से लिये गये मिश्रित दूध का नमूना फेल आया, सेंट्रल जेल अजीत के प्रतिष्ठान से लिये गये मिश्रित दूध का नमूना फेल आया, बघार स्थित शिवंनदन के प्रतिष्ठान से लिये गये मूंगफली दाना का नमूना फेल आया, रेलवे रोड कमालगंज स्थित राजीव कुमार के प्रतिष्ठान से लिये गये दही का नमूना फेल आया, जहानगंज स्थित नरेन्द्र पाल के प्रतिष्ठान से लिये गये किशमिश का नमूना फेल आया, भोलेपुर स्थित रिषभ गुप्ता के प्रतिष्ठान से लिये गये साबूदाना का नमूना फेल आया, रेलवे रोड कमालगंज स्थित रमाशंकर के प्रतिष्ठान से लिये गये दही का नमूना फेल आया, भगुआ नगला स्थित अजय वीर सिंह के प्रतिष्ठान से लिये गये मखाना का नमूना फेल आया, बिजाधरपुर स्थित देवेन्द्र कुमार सक्सेना के प्रतिष्ठान से लिये गये पनीर का नमूना फेल आया, अंगूरीबाग स्थित आदेश कुमार के प्रतिष्ठान से लिये गये पेड़े का नमूना फेल आया, सधबाड़ा स्थित अजय राजपूत के प्रतिष्ठान से लिये गये छुआरे का नमूना फेल आया,।

कायमंज स्थित नकुल कुमार के प्रतिष्ठान से लिये गये छुआरे का नमूना फेल आया, कायमंगज स्थित आमोद कुमार के प्रतिष्ठान से लिये गये मखाने का नमूना फेल आया, राजेपुर स्थित राकेश के प्रतिष्ठान से लिये गये साबुदाना का नमूना फेल आया, सोताबहादुर स्थित मुन्ना के प्रतिष्ठान से लिये गये आम पाउच का नमूना फेल आया, पांचालघाट चैराह स्थित राजू के प्रतिष्ठान से लिये गये आम पकाने हेतु केमिकल पाउच का नमूना फेल आया। परिणामस्वरूप इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की तैयारी की जा रही है।

## नगर में पैदल रूट मार्च निकाल लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास

**जालौन ( उरई )।** एमएलसी चुनाव और आगामी गणतंत्र दिवस के पर्व को लेकर एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की गई। अगले कुछ दिनों में एमएलसी चुनाव संपन्न होना है, साथ ही राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस भी आने वाला है। ऐसे में नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों को सावधान करने के लिए एसडीएम सना अख्तर एवं सीओ उमेश पांडेय के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद सिंह समेत पुलिस फोर्स ने नगर की सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। नगर की सड़कों पर उतरी पुलिस फोर्स को देखकर एक बार तो लोग सहम गए। लेकिन जब उन्हें पता चला कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए नगर की सड़कों पर उतरी है तो उन्होंने पुलिस की सराहना की।

## डीआईजी और एसपी ने छात्रों को दी पुलिस कार्य प्रणाली की जानकारी



**चित्रकूट।** पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने गृह मंत्रालय से संचालित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी लखनऊ के पुलिस विज्ञान में डिप्लोमा कर रहे बीस छात्रों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय राघव प्रेक्षागार में वार्ता की।

रविवार को वार्ता में छात्रों को पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डीआईजी डॉ विपिन मिश्रा ने छात्रों को पुलिस विभाग में सीसीटीएनएस में किये जा रहे कार्य एवं पुलिस संबंधित कार्य प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों के जवाब भी दिये। सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने छात्रों को थाना कोतवाली कर्वी का विजिट कराया। कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा ने थाना स्तर पर किये जाने वाले कार्यों एवं सभी प्रकार की कार्यवाही की जानकारी दी। छात्रों को पुलिस लाइन भी दिखाया गया। यहां पुलिस के रहने व खाने-पीने की दिनचर्या एवं पुलिस को उपलब्ध संसाधनों एवं रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पतारा में ट्रेन की चपेट में आया युवक, गंभीर हालत में रेफर

**संवाददाता।** घाटमपुर

**पतारा** के जगन्नाथपुर गांव किनारे से निकली कानपुर-बांदा रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक कूड़ा फेंककर वापस घर लौट रहा था। ग्रामीणों ने फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

घाटमपुर थाना अंतर्गत पतारा चौकी क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी 27 वर्षीय विनोद कुमार मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन यापन करता है। रविवार दोपहर विनोद गांव के किनारे से निकली कानपुर-बांदा रेलवे लाइन के दूसरी तरह घर से निकला हुआ कूड़ा फेंककर वापस घर लौट रहा था, तभी विनोद ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने युवक को रेलवे ट्रैक के किनारे घायल अवस्था में पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेस की मदद से युवक को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर युवक को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर युवक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले में घाटमपुर थानाध्यक्ष रामबाबू ने बताया कि जानकारी मिली है। घटना की जांच की जा रही है तहरीर के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सहायक अध्यापक पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**फतेहपुर।** असोथर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दतौली में फर्जी अभिलेखों से सहायक अध्यापक की नौकरी कर रहे साकेत तिवारी पर बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू हो गई। आठ साल से नौकरी कर रहे सहायक अध्यापक को पहली नोटिस जारी की गई। तीन नोटिसों के बाद संबंधित शिक्षक पर बर्खास्तगी कार्रवाई होना तय है। संपूर्णानंद विश्वविद्यालय की फर्जी डिग्री से नौकरी कर रहे साकेत तिवारी प्राथमिक विद्यालय दतौली में सहायक अध्यापक हैं। अप्रैल महीने में अर्जुन नामक व्यक्ति ने शिक्षक की आईजीआरएस में शिक्षक के अभिलेख फर्जी होने की शिकायत की थी। बीएसए संजय कुमार कुशवाहा ने दो बार बीईओ के अभिलेखों के सत्यापन के लिए विश्वविद्यालय भेजा, लेकिन विश्वविद्यालय ने अभिलेखों का सत्यापन नहीं किया। सप्ताह भर पहले आई सत्यापन रिपोर्ट साकेत तिवारी के सभी शैक्षिक अभिलेख फर्जी साबित हुए हैं।

## सांसद ने किया विशाल निःशुल्क नेत्र व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

**चित्रकूट।** विगत वर्षों की भांति स्व. पंडित इंद्रजीत मिश्र की पुण्य स्मृति में रविवार को रेलवे स्टेशन रोड स्थित पंडित राजधर मिश्र जी के हाता में विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर व लेंस प्रत्यारोपण का शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंजीकृत हुए 1530 में से 200 नेत्र रोगियों को आपरेशन के लिए जानकीकुंड चिकित्सालय रेफर किया गया। इसके अलावा 500 मरीजों को चश्मा व कम्बल वितरित किया गया।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, श्री सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड के निदेशक डॉ. वीके जैन, एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य शिव औतार त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, राहुल तिवारी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रवि त्रिपाठी, तहसीलदार विवेक कुमार आदि मौजूद रहे। सर्व प्रथम बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने भारत रत्न नाना जी देशमुख ,परम संत स्वामी श्रीरणछोड़ दास जी एवं इंद्रजीत मिश्र की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने समाजसेवी कमलेश मिश्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

## अब गांव में भी विदेशी पक्षी साइबेरियन का दीदार करेंगे ग्रामीण, वन विभाग खर्च करेगा साठ लाख

**संवाददाता।** हमीरपुर

**सात** समंदर पार कर अब जनपद में मेरापुर के संगम तट के बाद अब सरीला ब्लाक के ममना गांव में तालाब में विदेशी साइबेरियन पक्षी भी अठखेलिया करते नजर आयेंगे। शासन के निर्देश पर ममना गांव में इन प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित रखने के लिए 60 लाख की धनराशि खर्च की जाएगी। सरीला ब्लाक के बन क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि कनाड़ा व साइबेरिया देश से बर्फीले वातावरण से बचने के लिये हजारों मील उड़कर विदेश से आने वाले साइबेरियन पक्षियों को रुकने के लिये वन विभाग की वेटलैंड योजना के तहत पानी से भरे लबालब 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले ममना के तालाब का सुंदरीकरण करने का काम शुरू किया जायेगा। इन पक्षियों में लालसर, अधंगी, मलकई, कोचरा,



कबूतरी, खोखैर, नदीम, नकटा, केपला, कारण, सिलौंग, सिल्ली आदि प्रजातियां प्रमुख हैं। वनक्षेत्राधिकारी (रेंजर) ने बताया कि करीब 46 पक्षियों की मेहमान प्रजातियां साइबेरिया और कनाडा से उड़कर हमारे यहां का रुख करती हैं। साइबेरिया व कनाड़ा दोनों ही देशों में बहुत अधिक ठंड पड़ने व पारा माइनस पर पहुंचने की स्थिति में पूरा देश बर्फ से ढक जाता है, जिस कारण वहां के पक्षी भोजन व चारे की तलाश में भटकते-भटकते हमारे यहां आ जाते हैं। झील, तालाब एवं जलाशयों में ऊंचाई से डुबकी लगाना इन पक्षियों को खूब भाता है। इनका मुख्य भोजन छोटी मछलियां, जलाशयों के अंदर उगने वाला नरम पौधा व कीट आदि होता है। लेकिन इनके रुकने के लिए उचित वातावरण न मिल पाने से पक्षियों का झुंड तालाब में नहीं रुक पाता है। इसके लिए लाखों रुपये की योजना तैयार की जा रही है। 20 हेक्टेयर भूमि में फैले इस तालाब में अभी कई व विभिन्न प्रकार के शैवाल छाए हुए हैं।

## सिक्योरिटी गार्ड को मारपीट कर बाइक लूटी

**फर्रुखाबाद।** बाजार जा रहे सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट कर उसकी बाइक लूट ली गयी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेरा निवासी मोती चरण सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। बीते शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे मोती डियूटी समाप्त कर बाजार जा रहा था। उसी दौरान इटावा बरेली हाईवे पर तेरा गांव की मोड़ पर पीछे से 4 -5 अज्ञात बाइक सवार आए तथा मारपीट करने लगे। उन्होंने डंडों व वेल्टों से मारा पीटा, मुश्किल से मोती चरण जान बचाकर भागा। थोड़ी दूर भागने के बाद उसने अपने परिजनों व 112 पुलिस सूचना दी। पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक बाइक लेकर लुटेरे फरार हो चुके थे।

## दुर्वासा ऋषि आश्रम शीघ्र प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा हाल ही में जिला गंगा संरक्षण समिति की आयोजित बैठक में लिए निर्णय के क्रम में सिंगूर नदी के घाट पर स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने दुर्वासा ऋषि आश्रम पर स्थित घाट का निरीक्षण किया तथा घाट पर नियमित तौर पर जनता द्वारा किये जाने वाले मूर्ति विसर्जन की मूर्तियों में खंडित मूर्तियों व अन्य खराब मूर्तियों को रिसाईकल करने हेतु एवं घाट के स्थान पर किसी अन्य स्थान पर गड्ढा खोदकर उसमें मूर्ति विसर्जन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौराणिक दृष्टिकोण से यह स्थल अत्यंत पवित्र है एवं एक पर्यटन स्थल बनने की ओर अग्रसारित हो रहा है तथा घाट पर गंदगी न हो इस हेतु इस स्थान को प्लास्टिक मुक्त जोन भी शीघ्र घोषित किया जाएगा। उन्होंने आश्रम के क्षेत्र में प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाने हेतु उपस्थित जनता को समझाया। उन्होनें दुर्वासा ऋषि आश्रम के साथ लगा हुआ सिंधु नदी का घाट जो कि जिले का प्रमुख अंत्येष्टि स्थल है जो कि गांव पंचायत द्वारा बनाया गया है जिसके रखरखाव में कमी से व्यवस्थित नहीं है। इस हेतु उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत को निर्देशित किया कि जो भी आते हैं दाह संस्कार हेतु उनको पर्ची मुहैया कराई जाए तथा रिकॉर्ड कीपिंग करें। उन्होंने अंत्येष्टि हेतु आने वाले व्यक्तियों हेतु शौचालय का प्रथक से निर्माण करने के निर्देश दिए जिससे अंत्येष्टि स्थल तथा पर्यटन स्थल अलग हो सकें। उन्होनें आवास विकास द्वारा नवनिर्माणाधीन शौचालय तथा हाल के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया जिसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मुहिम जो जिला गंगा संरक्षण समिति द्वारा चलाई जा रही है।

## शिक्षकों के हित में काम कर रही भाजपा सरकारः मलयज



**फतेहपुर।** इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. बाबूलाल तिवारी के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुये शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मलयज शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षकों के हित में लगातार काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। रविवार को लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज पनी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश सह संयोजक ने कहा कि वित्त विहीन शिक्षकों के वेतन वितरण अधिनियम पर भी विचार चल रहा है। सरकारी और एडेड विद्यालयों के शिक्षकों को समय से वेतन मिल रहा है। शिक्षकों का हित सिर्फ भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। प्रत्याशी के पक्ष में अभी तक प्रयागराज, कौशांबी समेत कई जनपदों में भ्रमण कर शिक्षक मतदाताओं से मिले जिसमें सभी जगह भरपूर समर्थन मिल रहा है। फतेहपुर जनपद में भ्रमण के दौरान विद्यालय प्रबंधक, शिक्षकों से मुलाकात कर प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा और शिक्षकों की समस्याओं को भी सुना है। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रयागराज महानगर अध्यक्ष मूलचन्द्र त्रिपाठी, कानपुर बुन्देलखंड शिक्षक संस्थान प्रकोष्ठ के संयोजक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नमामि गंगे संयोजक शैलेन्द्र शरन सिम्पल, सुरेन्द्र पाठक मौजूद रहे।

## जनेश्वर मिश्र के पास नहीं था गाड़ी-बंगलाः अनुज यादव

**● सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि**

**संवाददाता।** चित्रकूट

**समाजवादी** पार्टी के महान चिंतक एवं प्रखर वक्ता पं. जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर सपाइयों ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने सपाइयों के बीच उनके जीवन एवं संघर्षों से भरे दिनों को याद किया।

रविवार को सपा जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के प्रति निष्ठा के कारण उन्हें छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है। कई बार लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य रहे पं जनेश्वर मिश्र, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एचडी देवगौडा और इन्द्र कुमार गुजराल के मंत्रिमंडलों में काम किया। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न तो खुद की गाड़ी थी और न ही बंगला। समाजवादी विचारधारा के प्रति अपार निष्ठा रखने वाले पं जनेश्वर मिश्र के



रोम-रोम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में एशिया का सबसे बडा पार्क बनाकर श्रद्धांजलि देने का काम किया है।

सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि बलिया के साधारण किसान परिवार में जन्मे पं जनेश्वर मिश्र ने संघर्षों के बूते देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है। पढ़ाई को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 1967 से अपना राजनीतिक सफर शुरु कर फूलपुर सीट से 1969 के उपचुनाव में मिश्रा लोकसभा पहुंचे। महान समाजवादी नेता राजनारायण ने उन्हें छोटे लोहिया का नाम दिया। छोटे लोहिया का संघर्ष अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आजीवन जारी रहा। पं. जनेश्वर मिश्र कहते थे कि देश को विकास और तरक्की का रास्ता लोहिया और अम्बेडकर की सोच का रास्ता है। भ्रम और अतिवाद देश को पतन की ओर ले जायेगा। इस मौके पर प्रवक्ता सुभाष पटेल, मो गुलाब खां, जिला महासचिव फराज खान, वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल, पप्पू जायसवाल, अमर सिंह पटेल, चन्द्रभान यादव, रामप्रसाद वर्मा, सीताराम कश्यप, रामसनेही खंगार, राधेश्याम निषाद, मो रेहान, आशुतोष अग्रहरि, रामनरेश अग्रहरि, रोहित यादव, शेरा यादव, अनूप यादव आदि मौजूद रहे।

### सपाइयों ने मनाई छोटे लोहिया की पुण्यतिथि

**फतेहपुर।** शहर के शादीपुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में रविवार को समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 13 वीं पुण्यतिथि माल्यार्पण करके मनाई गई। तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके विचारों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। निवर्तमान जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समतामूलक समाज की स्थापना, आर्थिक गैर बराबरी व सामाजिक आर्थिक गैर बराबरी करने वाले नेता थे। वह समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया के बड़े अनुयायियों में गिने जाते थे। छात्र जीवन में ही उनके ऊपर लोहिया के विचारों का प्रभाव पड़ गया था। समाजवादी युवजन सभा ज्वाइन करने के बाद मिश्र पहली बार राम मनोहर लोहिया के संपर्क में आए। उनके साथ लंबे समय तक काम किया। कहा कि आज भाजपा सरकार की अहंकारी और दमनकारी नीति के चलते सभी समाजवादी साथियों को संकल्प लेना है कि जनेश्वर मिश्र के पद चिन्हों पर चलकर आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश से उखाड़ फेंकना है। इस मौके पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, नफीस उद्दीन, चौधरी मंजर, सुरेश मिश्रा, जयशंकर पाठक भी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### महिला की सड़क हादसे में मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** अपने पुत्र के साथ बाईक से रिश्तेदारी से लौट रही महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी गीता शुक्ला (65) पत्नी ऋषिकेश अपने पुत्र मोनू के साथ बाइक से अपने रिश्तेदारों के यहां हमीरपुर गई थी। जहां से लौटते समय मौदहा और सुमेरपुर की सीमा पर नेशनल हाईवे में वृद्धा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे तत्काल प्रभाव से एम्बुलेंस की सहायता से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पुत्र के साथ हमीरपुर में किसी रिश्तेदार के यहां मौत होने के बाद सांत्वना देने गई थी।

### कार की टक्कर से दूधिया की मृत्यु, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** शुक्रवार की पनवाड़ी मार्ग स्थित बिलरख गांव की मोड़ पर दूध बेचकर बाइक से घर लौट रहे युवक की तेज रफ्तार चार पहिया कार की टक्कर से मौत हो गई। थी। मृतक के पिता ने की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के बिलरख गांव निवासी मंगल सिंह यादव ने बताया कि उसका बड़ा पुत्र 30 वर्षीय राजकुमार दूध बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार की शाम राठ कस्बे से दूध बेचकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी मुख्य मार्ग से बिलरख गांव मोड़ पर पनवाड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर कार चालक मुजीबुर रहमान पुत्र मुहम्मद नलवाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### चौकीदार समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** मृत अन्ना गौवंश को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर खींचकर घसीटते हुए ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने पर सचिव ने चौकीदार सहित तीन लोगों पर जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम विकास अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि वह वर्तमान में खेड़ा शिलाजीत के पद पर कार्यरत है। उसे गांव की गौशाला में अन्ना गौवंश की देखभाल की जिम्मेदारी भी है। बताया कि 12 दिसंबर 2022 की सुबह खेड़ाशिलाजीत स्थित उपरोक्त गौशाला की जिम्मेदारी में लगे चौकीदार छोटेलाल पुत्र दीनदयाल, हिंदूपत पुत्र सुखनंदन, वीरपाल पुत्र सुंदरलाल ने मृत गौवंश को ट्रैक्टर के पीछे बांध कर खिचवाकर क्रूरतापूर्वक घसीटते हुए पास जंगल में फिकवा दिया। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया गया, जो कि सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। सचिव ने तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर वृद्ध घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के फत्तेपुर रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आसपास के लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तो वही हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया है। कस्बे के फत्तेपुर रोड पर आसिफ उर्फ मस्ताना निवासी बदौसा जिला बांदा हाल मुकाम फत्तेपुर एक खड़े ट्रैक्टर के आगे बैठ कर धूप ले रहा था तभी ट्रैक्टर चालक ने बिना देखे ही ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया है, तो वही ट्रैक्टर मालिक ने अनजाने में हुई गलती के लिए गलती मान उसके इलाज के खर्चे की जिम्मेदारी ली है।

### पुलिस ने 22 वर्षीय बालिका को परिजनों को किया सुपुर्द

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआसरे यादव ने बताया कि रात में उनकी टीम भ्रमण शील थी। मानसिक रुप से विक्षिप्त 22 वर्षीय बालिका कुमारी संगीता उन्हें मिली। उससे बात की गई तो पता चला कि वह लवकुशनगर जिला छतरपुर मध्य प्रदेश की है। पुलिस ने तत्काल लवकुशनगर मप्र से कुमारी संगीता से परिजनों से सम्पर्क किया। उन्हें कोतवाली कर्वी बुलाकर संगीता को परिजनों के सुपुर्द किया। पुत्री को पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पुलिस की जमकर सराहना की। टीम में दरोगा रामआसरे यादव, सिपाही आकाश, गोलू भार्गव, महिला सिपाही करुणा मिश्रा, संयोगिता चौहान शामिल रहे।

### डीएम के आदेश पर पोस्टमार्टम के लिए निकाला गया बच्चे का शव

**फतेहपुर।** नर्सिंग होम में बच्चे की मौत के बाद दफन शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्र खोदकर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया। फोरेंसिक एक्सपर्ट के आने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम होगा। मलवां थाना क्षेत्र के कोराईं गांव निवासी अमरीश दुबे के 40 दिन के बेटे मानविक की 10 जनवरी को जेके चिल्ड्रेन हास्पिटल में मौत हो गई थी। मामले में अमरीश दुबे ने नर्सिंग होम के डा. जेके उमराव के खिलाफगैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पिता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी।डीएम के आदेश पर तहसीलदार और मलवां, सदर कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में कोराईं स्थित दुर्गा मंदिर के सामने खेत में दफन शव को निकाला गया। एक कपड़े में बच्चे के शव को सुरक्षित किया गया है। थानाध्यक्ष आलोक पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम फोरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी में कराया जाएगा। इसके लिए सीएमओ का पत्र लिखा गया है।

### जंगल में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के मझिगवा गांव निवासी मानसिक विक्षिप्त युवक शमशेर उर्फ भूरा शुक्रवार शाम से लापता था जिसका शव शनिवार सुबह जलंधरपुर पहाड़पुर के बीच जंगल में पेड़ से लटकते मिला है। क्षेत्र के मझिगवा गांव निवासी राम औतार निषाद का 30 वर्षीय पुत्र शमशेर निषाद उर्फभूरा टाइल्स लगाने का अच्छा मिस्त्री था परंतु कुछ दिन से मानसिक संतुलन ठीक ना होने के कारण नशे का आदी हो गया था, जो दिन भर इधर उधर घूमता रहता था जो शुक्रवार शाम से घर से लापता हो गया था। परिजन ढूंढ रहे थे परंतु कहीं पता नहीं चला, जिसके बाद शनिवार सुबह भूरा निषाद का शव जलंधरपुर व पहाड़पुर गांव के बीच जंगल में बबूल के पेड़ मे फंदे से लटकता मिला। जिसके बाद सूचना पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। वहीं भूरा की मौत के बाद पत्नी अंजू देवी व पुत्र मधोला व छोटू का रो रो कर बुरा हाल रहा।

### राष्ट्रवादी हिंदू महासभा ने बागेश्वर धाम सरकार का किया समर्थन

**जालौन (उरई)।** राष्ट्र, समाज व धर्म के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रवादी हिंदू महासभा ने बुंदेलखंड व बालाजी सरकार का नाम लंदन तक प्रसिद्ध करने वाले बागेश्वर धाम सरकार को समर्थन दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से विवादों में घिरे बागेश्वर धाम सरकार के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री का सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोग उनका समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिसमें राष्ट्रवादी हिंदू महासभा भी शामिल है। रविवार को संगठन द्वारा औपचारिक रूप से बागेश्वर धाम सरकार का समर्थन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुज पांडेय ने बागेश्वर धाम सरकार को समर्थन घोषित किया। कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक पांडेय के आवाहन पर संगठन के सभी पदाधिकारी, सदस्य व कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्तर पर बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री द्वारा सनातन हित में किए जा रहे सभी धार्मिक कृत्यों का समर्थन करते हैं।

### सुरेश चंद्र सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के नगर अध्यक्ष मनोनीत

**जालौन (उरई)।** सुरेशचंद्र बोहद को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन का नगर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बाल्मीकि समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरित किया। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता गुड्डू संजय बाल्मीकि की संस्तुति पर नगर के वार्ड नंबर 5 निवासी सुरेशचंद्र बोहद को यूनियन का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें नगर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बाल्मीकि समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई वितरित की। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों के हित में कार्य करने की बात कही। इस मौके पर महर्षि बाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार पाथरे, वीरेंद्र खरे, राजू, बबलू खरे, अजय, मनोज, ईश्वरदयाल, अनिल, रामबाबू, श्यामबाबू, जगदीश, संजय, आदि मौजूद रहे।

### ट्रक की चपेट में आकर दंपति घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कोराई मोड़ एनएच-2 में रविवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दम्पति घायल हो गये। वही डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी राम नरेंद्र द्विवेदी का 35 वर्षीय पुत्र अवध नारायण द्विवेदी अपनी 30 वर्षीय पत्नी प्रीति द्विवेदी के साथ अपने डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे को दिखाने शहर आ रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही यह लोग कोराई मोड़ एनएच-2 पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दंपति घायल हो गये और हादसे में बच्चा बाल-बाल बच गया।

### एथर एनर्जी की पेशकश

**लखनऊ।** इलेक्ट्रिक स्कूटर मैन्युफैक्चरर एथर एनर्जी ने अपने विशिष्ट ग्राहक कार्यक्रमए एथर कम्युनिटी डे के मौके पर अपनी पेशकशों पर इंडस्ट्री फर्स्ट और कई सुविधाओं के साथ नए वर्ष की शुरुआत की। एथर द्वारा पेश किया गया एथरस्टैक 5०० व्हीकल को चलाने वाले सॉफ्टवेयर इंजन का सबसे बड़ा अपग्रेड है। टिप्पणी करते हुए तरुण मेहताए को.फाउंडर और सीईओए एथर एनर्जीए ने कहाए जब हमने एथर 450 में एथरस्टैक को लॉन्च किया था, तो यह भारत में और शायद विश्व स्तर पर भी किसी भी टू.व्हीलर के लिए पहला सॉफ्टवेयर इंजन था। यह टचस्क्रीन डैशबोर्डए ऑनबोर्ड नेविगेशन और रिमोट डायग्नोस्टिक्स जैसे मार्केट में पहली बार अनुभवों को कुशलता से संचालित करता हैए जो उस समय लक्ज़री कारों में भी बमुश्किल ही मौजूद हुआ।

# एफबीआई ने बाइडन के आवास की तलाशी ली

**● गोपनीय दस्तावेज बरामद किए**



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के संघीय** जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने राष्ट्रपति जो. बाइडन के विलमिंग्टन स्थित आवास की 13 घंटे तक तलाशी ली और अतिरिक्त गोपनीय दस्तावेज बरामद किए। विभाग ने बाइडन के कुछ हस्तलिखित नोट भी अपने कब्जे में लिए। राष्ट्रपति के वकील बॉब बाउर ने यह जानकारी दी। बाइडन ने एफबीआई को अपने आवास की तलाशी लेने की स्वेच्छा से अनुमति दी, लेकिन तलाशी वारंट नहीं होने के बावजूद यह घटना असाधारण है। बाइडन को 12 जनवरी को यह खुलासा होने के बाद शर्मिंदगी झेलनी पड़ी थी कि उनके वकीलों को मध्यावधि चुनावों से ठीक पहले वाशिंगटन स्थित पेन बाइडन सेंटर में उनके एक पूर्व कार्यालय से गोपनीय रिकॉर्ड मिले हैं। इसके बाद वकीलों को बाइडन के विलमिंग्टन स्थित आवास के पुस्तकालय से उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल के समय के छह और गोपनीय दस्तावेज मिले। बाइडन के आवासों और निजी कार्यालयों में मिले गोपनीय दस्तावेजों की कुल संख्या अब बढ़कर करीब डेढ़ दर्जन हो गई है। उपराष्ट्रपति के तौर पर 2009 से 2016 तक के उनके कार्यकाल से जुड़े दस्तावेजों सहित ए सभी दस्तावेज अब संघीय जांच ब्यूरो के कब्जे में है। इन दस्तावेजों का मिलना बाइडन के लिए ऐसे समय में राजनीतिक जवाबदेही बन गया है, जब वह फिर से चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। यह घटना पूर्ववर्ती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उतार-चढ़ाव भरे कार्यकाल के बाद अपने कार्यकाल को अमेरिकी जनता के सामने बेहतर दिखाने की बाइडन की कोशिश को नुकसान पहुंचाती है। बाउर ने शनिवार को बताया कि एफबीआई ने शुक्रवार को जिन दस्तावेजों को कब्जे में लिया है, वे बाइडन के सीनेटर एवं उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल से संबंधित हैं, जबकि नोट उनके उपराष्ट्रपति कार्यकाल के हैं। उन्होंने कहा कि यह तलाशी करीब 13 घंटे तक चली। बाउर ने बताया कि अभी न्याय विभाग ने रिकॉर्ड की समीक्षा नहीं की है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन दस्तावेजों की गोपनीयता का क्या स्तर है और क्या एफबीआई द्वारा हटाए गए दस्तावेज गोपनीय बने हुए हैं या नहीं। आम तौर पर, गोपनीय दस्तावेजों को अधिकतम 25 वर्षों के बाद सार्वजनिक किया जाता है, लेकिन कुछ रिकॉर्ड को अपेक्षाकृत अधिक समय तक गोपनीय रखा जाता है। बाइडन ने 1973 से 2009 तक सीनेटर के तौर पर सेवाएं दी थीं। बाइडन ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा था, हमने पाया कि बड़ी संख्या में दस्तावेज गलत जगह पर हैं, तो हमने उन्हें तत्काल न्याय मंत्रालय को सौंप दिया। जब बाइडन के आवास की तलाशी ली गई, तो उस समय प्रथम महिला जिल बाइडन वहां नहीं थीं। वह डेलावेयर के रेहोबोथ बीच स्थित अपने आवास पर सप्ताहांत बिताने गई थीं। अभी यह देखा जाना बाकी है कि क्या अन्य स्थानों पर संघीय अधिकारी और तलाशी लेंगे या नहीं। बाइडन के निजी वकीलों ने पहले रेहोबोथ बीच आवास की तलाशी ली थी और कहा था कि उन्हें कोई आधिकारिक दस्तावेज या गोपनीय रिकॉर्ड नहीं मिला। इस मामले ने ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति पद छोड़े जाने के बाद गोपनीय दस्तावेज और आधिकारिक रिकॉर्ड अपने पास रखे जाने संबंधी न्याय विभाग की जांच को जटिल बना दिया है। न्याय विभाग का कहना है कि ट्रंप 2021 की शुरुआत में व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद गोपनीय के तौर पर चिह्नित सैकड़ों रिकॉर्ड अपने साथ ले गए थे और उन्होंने सरकार के अनुरोध के बावजूद महीनों तक उन्हें नहीं लौटाया, जिसके बाद उन्हें पुन: प्राप्त करने के लिए एजेंसी को तलाशी वारंट के तहत कार्वाई करनी पड़ी। बाउर ने कहा कि एफबीआई ने व्हाइट हाउस से इस मामले में तलाशी पूरी होने तक टिप्पणी नहीं करने का अनुरोध किया है।

# सीरिया के अलेप्पो शहर में इमारत गिरने से 16 लोगों की मौत

भाषा। बेरूत

**सीरिया के उत्तरी** शहर अलेप्पो में रविवार तड़के पांच मंजिला एक इमारत के ढह जाने से एक बच्चे समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, यह हादसा सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज के नियंत्रण वाले शेख मकसूद क्षेत्र में हुआ। हादसे के समय इमारत में 30 लोग मौजूद थे। कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। खबरों में कहा गया है कि पानी के रिसाव के कारण इमारत की संरचना कमजोर हो गई थी। घटना के बाद मौके पर राहत एवं बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की तलाश करते नजर आए। सीरिया के 11 साल के संघर्ष के दौरान अलेप्पो में अनेक इमारतें नष्ट हो गई हैं। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। हालांकि, राष्ट्रपति बशर असद के नेतृत्व वाली सीरिया सरकार ने अलेप्पो शहर को सशस्त्र विपक्षी समूहों के कब्जे से वापस अपने नियंत्रण में ले लिया है। शेख मकसूद कुर्द बलों के नियंत्रण वाले कुछ इलाकों में से एक है। अलेप्पो सीरिया का सबसे बड़ा शहर है और यह कभी सीरिया का वाणिज्यिक केंद्र था।

# बाइडन के शीर्ष सहायक रॉन क्लैन के पद छोड़ने की संभावना

भाषा। रेहोबोथ बीच (अमेरिका)

**व्हाइट हाउस के** चीफ ऑफ स्टाफ रॉन क्लैन आगामी हफ्तों में पद से इस्तीफा देने की तैयारी कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष सहयोगी के रूप में वह दो साल से अधिक समय से इस पद पर हैं। क्लैन की योजनाओं से वाकिफ सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने क्लैन के पद छोड़ने के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत हासिल करने के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्हाइट हाउस रक्षात्मक रुख के साथ आगे बढ़ रहा है। रिपब्लिकन सांसद बाइडन प्रशासन से संबंधित कई फैसलों पर जांच के लिए जोर दे रहे हैं। इनमें अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की जल्दबाजी में वापसी समेत अमेरिका की सीमा नीति भी शामिल है। इसके अलावा वे राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन के खिलाफ जांच पर भी जोर दे रहे हैं। क्लैन ट्विटर के माध्यम से बाइडन के एजेंडे का प्रचार-प्रसार करने वाले मुखर समर्थक रहे हैं। क्लैन के बाद राष्ट्रपति के काउंसलर स्टीव रिचेटी, श्रम मंत्री मार्टी वाल्श, कोविड-19 प्रतिक्रिया में व्हाइट हाउस के पूर्व समन्वयक जेफ जींट्स, कृषि मंत्री टॉम विलसेक और व्हाइट हाउस की वरिष्ठ सलाहकार अनीता डन को इस पद की दौड़ में मुख्य दावेदार माना जा रहा है। डन ने चीफ ऑफ स्टाफ पद के लिए अनिच्छा जाहिर की है, लेकिन अगर चुनी जाती हैं तो इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला होंगी।

## नेपाल विमान हादसा : दो और भारतीय नागरिकों के शवों की पहचान हुई

**काठमांडू।** नेपाल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने पोखरा में विमान दुर्घटना में मारे गए दो और भारतीय नागरिकों के शव की पहचान की और मृतकों के परिजनों को आश्वासन दिया कि सोमवार को चारों शव उन्हें सौंप दिए जाएंगे। नेपाली अधिकारियों ने मंगलवार को 14 जनवरी को यति एयरलाइंस के यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में मारे गए लोगों के शवों को परिवार के सदस्यों को सौंपना शुरू कर दिया। विमान में 53 नेपाली यात्री और 5 भारतीयों सहित 15 विदेशी नागरिक तथा चालक दल के चार सदस्य सवार थे। उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे सभी पांच भारतीयों की पहचान अभिषेक (25), विशाल (22), अनिल (27), सोनू (35) और संजय जायसवाल के रूप में हुई।

## केन्या में नौका पलटने से तीन लोगों की मौत, एक लापता

**नैरोबी।** दक्षिण-पूर्वी केन्या मे पर्यटकों को ले जा रही एक नौका के शनिवार को पलट जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति लापता हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि करीब दो दर्जन लोगों को बचा लिया गया है। नौका के डूबने के कारणों का तत्काल पता नही चल सका है। उन्होंने बताया कि नाव में 15 विदेशी नागरिकों समेत 29 लोग सवार थे और यह वाटामु मरीन नेशनल पार्क एंड रिजर्व में पलट गई, जो मोम्बासा के उत्तर में तट के पास एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। मालिंदी सब काउंटी के पुलिस उप कमांडर सोलोमन ओदेरो के मुताबिक, नौका में सवार 25 लोगों को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। ओदेरो ने इन खबरों को खारिज कर दिया कि नाव मे क्षमता से अधिक लोग सवार थे। नाव मे सवार विदेशी नागरिकों की राष्ट्रीयता अभी सार्वजनिक नही की गई है।

## तुर्क मुसलमानों ने स्वीडन में पवित्र पुस्तक को जलाने का विरोध किया

**इस्तांबुल।** इस्लाम में पवित्र मानी जाने वाली किताब को स्वीडन मे जलाने के खिलाफ तुर्किए मे रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन हुआ। करीब 250 लोग इस्तांबुल स्थित स्वीडिश महा वाणिज्यदूतावास के समक्ष एकत्र हुए और उन्होंने विरोध स्वरूप डेनमार्क के इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता रासमुस पलदुन की तस्वीर जलाई। पलदुन ने शनिवार को स्टॉकहोल्म में तुर्किए के दूतावास के सामने इस्लाम की पवित्र किताब को कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया था जिसके बाद रात मे तुर्किए के इस्तांबुल और अंकारा शहरो मे विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इस्तांबुल मे रविवार को प्रदर्शन करने वाले हाथ मे हरे रंग के झंडे लिए हुए थे और उनके हाथो मे बैनर था जिसमे लिखा था हम स्वीडन की सरकार समर्थित इस्लामोफोबिया की निंदा करते है।

## अरब लीग की बैठक का कुछ देशों के विदेश मंत्रियों ने बहिष्कार किया

**काहिरा।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली मे रविवार को अरब के गिने-चुने प्रमुख राजनयिकों की एक सभा हुई, लेकिन कुछ प्रभावशाली देशो के विदेश मंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार किया। विदेश मंत्रियो ने दावा किया है कि लीबिया की सरकार का जनादेश समाप्त हो गया है। अरब लीग के 22 सदस्य देशो मे से पांच ने ही अपने विदेश मंत्रियों को आवधिक, परामर्शदात्री बैठक मे भेजा।

# भारत के साथ एफटीए इस साल हो सकता है पूरा: ब्रिटिश मंत्री

**● भारतीय नागरिकों को निर्बाध आवाजाही वाली वीजा पेशकश का प्रावधान नहीं होगा**

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन की** व्यापार राज्य मंत्री केमी बेडनॉश ने कहा है कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के इस साल पूरा हो चाने की उम्मीद है लेकिन इसमें भारतीय नागरिकों को निर्बाध आवाजाही वाली वीजा पेशकश का प्रावधान नहीं होगा। बेडनॉश ने द टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में कहा है कि इस व्यापार वार्ता को दिवाली 2022 तक पूरा करने की पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की तरफ से रखी गई समयसीमा व्यवहार्य नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसी वजह से एफटीए को पूरा करने की समयसीमा बदलनी पड़ी। एफटीए वार्ता की प्रभारी बेडनॉश छठे दौर की बातचीत के लिए पिछले महीने भारत आई थीं। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ व्यापार समझौते से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की थी। इसके साथ ही बेडनॉश ने कहा कि भारत के साथ होने वाले एफटीए और पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ हो चुके एफटीए में कोई खास समानता नहीं होगी। ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौता किया था। हमने यूरोपीय संघ इसलिए छोड़ा था कि हम मुक्त आवाजाही में विश्वास नहीं करते हैं। हमें नहीं लगता कि यह कारगर है। यह ऐसा समझौता नहीं है जिसमें भारत के साथ मुक्त आवाजाही के संदर्भ में बात चल रही है। हालांकि उन्होंने ऐसे संकेत दिए कि ब्रिटेन कारोबारी आवाजाही के लिए कुछ रियायतें दे सकता है। लेकिन इस संभावना से इनकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए समझौते की तरह भारत के युवाओं को भी तीन साल तक ब्रिटेन में रहने और काम करने की छूट मिलेगी। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हरेक व्यापार समझौता उस देश के हिसाब से हो। ऑस्ट्रेलिया जैसे देश को जिस तरह की आवाजाही की अनुमति मिली है, वह भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश को नहीं दी जा सकती है। भारत के साथ एफटीए पर वार्ता को तय समय पर पूरा करने की जगह ऋषि सुनक की अगुवाई वाली मौजूदा सरकार लचीला रवैया अपना रही है।

## ब्राजील में प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति ने सेना प्रमुख को हटाया

भाषा। ब्रासीलिया

**राष्ट्रपति लुइज** इनासियो लूला डा सिल्वा ने ब्राजील के सेना प्रमुख जनरल जूलियो सीजर डि अरुडा को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। उन्होंने सेना के कुछ अधिकारियों पर राजधानी ब्रासीलिया में आठ जनवरी को हुए हिंसक प्रदर्शनों की अनुमति देने का आरोप लगने के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया। ब्राजील के सशस्त्र बलों की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि जनरल अरुडा को सेना प्रमुख के पद से हटा दिया गया और उनकी जगह जनरल थॉमस मिगुएल रिबेरो पाइवा को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। जनरल पाइवा इससे पहले ब्राजीलियाई सेना की दक्षिण पूर्व सैन्य कमान के प्रमुख पद पर तैनात थे। जनरल अरुडा को बर्खास्त करने के बाद लूला ने ब्रासीलिया में रक्षा मंत्री जोस मूसियो, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रुई कॉस्टा और नए सेना प्रमुख जनरल पाइवा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद संवाददाताओं से मुखातिब हुए मूसियो ने कहा कि आठ जनवरी को हुए हिंसक प्रदर्शन सेना में शीर्ष स्तर पर विश्वास के स्तर में कमी का कारण बने हैं और सरकार ने फैसला किया कि उसमें बदलाव जरूरी है। पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को सत्ता में बनाए रखने की कोशिशों के तहत उनके समर्थकों द्वारा आठ जनवरी को सरकारी भवनों पर धावा बोले जाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने की घटना के बाद लूला ने कई मौकों पर सेना की कड़ी आलोचना की।

# पाकिस्तान में विवाहित हिंदू लड़की का अपहरण

**● इस्लाम कबूल करने से इनकार करने पर बलात्कार**

भाषा। भाषा

**कराची पाकिस्तान** के सिंध प्रांत से अगवा की गई एक विवाहित हिंदू लड़की ने कहा है कि उसके अपहर्ताओं ने इस्लाम कबूल करने के लिए उसे धमकी दी और धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर उससे दुष्कर्म किया। देश में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के खिलाफ दमन के ऐसे मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। लड़की ने सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो में कहा कि उमरकोट जिले के समारो शहर में उससे बलात्कार किया गया और पुलिस ने अभी तक संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया है। हिंदू समुदाय के एक स्थानीय नेता ने कहा कि रविवार तक मीरपुरखास में पुलिस लड़की द्वारा नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, लड़की और उसका परिवार थाने के बाहर बैठे हैं, लेकिन अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। लड़की पहले से ही शादीशुदा है। उसने वीडियो में दावा किया है कि उसे इब्राहिम मंगरियो, पुन्हो मंगरियो और उनके साथी ने अगवा किया था। लड़की ने कहा कि उन्होंने उसे धमकी दी और उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा, लेकिन जब उसने इनकार कर दिया, तो उससे तीन दिन तक बलात्कार किया गया। पीड़िता ने कहा कि अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छूटने के बाद वह घर लौट आई। हिंदू लड़कियों का अपहरण और जबरन धर्मांतरण सिंध के भीतरी इलाकों में एक बड़ी समस्या बन गया है। मुख्य रूप से थार, उमरकोट, मीरपुरखास, घोटकी और खैरपुर क्षेत्रों में हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं। इन इलाकों में हिंदू समुदाय के अधिकतर सदस्य मजदूर हैं। पिछले साल जून में, हिंदू लड़की करीना कुमारी ने यहां एक अदालत को बताया कि उसका जबरन इस्लाम में धर्म परिवर्तन कराया गया और एक मुस्लिम व्यक्ति से शादी करवा दी गई। पिछले साल मार्च में तीन हिंदू लड़कियों- सत्रन ओद, कविता भील और अनीता भील का अपहरण कर लिया गया, उन्हें इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर किया गया और आठ दिनों के भीतर मुस्लिम पुरुषों से शादी करा दी गई। एक अन्य मामले में पिछले साल 21 मार्च को सुक्कुर के रोहरी में पूजा कुमारी की उसके घर के बाहर बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। केवल लड़कियां ही नहीं बल्कि उम्रदराज हिंदू महिलाएं भी अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन की शिकार हुई हैं। चार बच्चों की मां गोरी कोहली को सिंध के खिप्रो से अगवा कर लिया गया था और बाद में पता चला कि उसने इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# न्यायिक प्रणाली में बदलाव की नेतन्याहू सरकार की योजना के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग



भाषा। तेल अवीव

**इज़राइल में** न्यायिक प्रणाली में बदलाव की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार की योजना का विरोध करने के लिए तेल अवीव में शनिवार रात हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। वरोधियों का आरोप है कि न्यायिक प्रणाली में बदलाव की नेतन्याहू सरकार की योजना ने देश के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों को खतरे में डाल दिया है। इज़राइली मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि तेल अवीव में लगभग एक लाख लोगों ने नेतन्याहू सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेतन्याहू के नेतृत्व में गठित मौजूदा सरकार को इज़राइल के इतिहास की सबसे अधिक रूढ़ीवादी और राष्ट्रवादी सरकार बताया जा रहा है। न्यायिक प्रणाली में बदलाव की सरकारी योजना के खिलाफ तेल अवीव में पिछले हफ्ते भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। नेतन्याहू ने विरोध के बावजूद न्यायिक प्रणाली में बदलाव की योजना पर आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई है। उनकी सरकार का कहना है कि शक्ति असंतुलन ने न्यायाधीशों और सरकारी कानूनी सलाहकारों को कानून निर्माण और शासन प्रणाली में बहुत हावी बना दिया है। तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर थाम रखे थे, जिन पर लिखा था, हमारे बच्चे तानाशाही के साए में नहीं जिएंगे और इज़राइल, हमारे समक्ष एक समस्या है। प्रदर्शन में शामिल विपक्षी नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री यायर लेपिड ने कहा, यह देश की रक्षा के लिए किया जा रहा विरोध-प्रदर्शन है। लोग आज यहां अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकत्रित हुए हैं। प्रदर्शनकारी छात्र लायोर ने कहा, सभी पीढ़ियां चिंतित हैं।

## नेतन्याहू ने कैबिनेट सहयोगी को बाहर का रास्ता दिखाया

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश पर अमल करते हुए रविवार को अपने एक प्रमुख मंत्रिमंडलीय सहयोगी को बर्खास्त कर दिया।नेतन्याहू के कार्यालय के एक बयान मे कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने अपने कैबिनेट सहयोगी, गृह और स्वास्थ्य मंत्री, आर्येह डेरी को निष्कासित कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कर अपराधो मे डेरी को पिछले साल दोषी ठहराए जाने की पृष्ठभूमि मे आदेश दिया था कि डेरी कैबिनेट मंत्री के रूप मे काम नही कर सकते। नेतन्याहू ने अपने मंत्रिमंडल की बैठक मे मंत्री को हटाए जाने की घोषणा की। इजराइल मे न्यायपालिका की शक्तियो को लेकर विवाद गहराया है। नेतन्याहू की धुर दक्षिणपंथी सरकार सर्वोच्च न्यायालय को कमजोर करना, न्यायिक शक्तियों को सीमित करना और राजनेताओ को अधिक शक्ति देना चाहती है।

# अमेरिका में लूट के दौरान भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी शहर** फिलाडेल्फिया में सशस्त्र लूट के दौरान भारतीय मूल के 66 वर्षीय पेट्रोल पंप कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलाडेल्फिया के एक टीवी स्टेशन 6एबीसी की खबर में कहा गया कि फिलाडेल्फिया पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक निगरानी वीडियो जारी किया जिसमें पेट्रोल पंप कर्मी पेट्रो सिबोराम की हत्या करना चाह रहे तीन संदिग्धों को दिखाया गया है। पुलिस को इनकी तलाश है। यह घटना मंगलवार को टोरेसडेल एवेन्यू स्थित 7100 ब्लॉक के एक्सॉन में हुई, जो नॉर्थईस्ट फिलाडेल्फिया के टैकोनी में एक प्रमुख व्यावसायिक सड़क है। इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों को उम्मीद है कि कोई वीडियो में दिख रहे नकाबपोश लोगों को उनके कपड़ों से पहचान कर उसके बारे में जानकारी दे। पुलिस के मुताबिक, नकाबपोश अपराधी पेट्रोल पंप के मिनी मार्ट के पिछले हिस्से में घुस गए जहां पैट्रो काम कर रहे थे।

# भीख का कटोरा लेकर दुनिया भर में घूम रहे हैं पीएम शरीफ : इमरान

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भीख का कटोरा लेकर दुनिया भर के विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं, लेकिन उनमें से कोई भी उन्हें एक पैसा नहीं दे रहा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान ने एक समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा, देखिए, इस आयातित सरकार ने पाकिस्तान के साथ क्या किया है। खान ने प्रधानमंत्री की हाल की विदेश यात्राओं पर टिप्पणी करते हुए कहा, शहबाज शरीफ भीख का कटोरा लेकर विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं, लेकिन उनमें से कोई भी उन्हें एक पैसा नहीं दे रहा है। खान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक मीडिया संगठन को प्रधानमंत्री के हालिया साक्षात्कार का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत के साथ बातचीत की इच्छा व्यक्त की थी।



उन्होंने कहा, शरीफ भारत से बातचीत के लिए भीख मांग रहे हैं, लेकिन नई दिल्ली उनसे पहले आतंकवाद को खत्म करने के लिए कह रही है (फिर वह पाकिस्तान से बात करने पर विचार कर सकती है)। शरीफ के बयान पर टिप्पणी करते हुए भारत ने कहा था कि वह हमेशा पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी का संबंध चाहता है, लेकिन ऐसे संबंधों के लिए आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल होना चाहिए। खान की यह टिप्पणी शरीफ की संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा के कुछ सप्ताह बाद आई है, जिस दौरान खाड़ी अमीरात दो अरब डॉलर का मौजूदा ऋण देने और एक अरब डॉलर का अतिरिक्त ऋण देने पर सहमत हुआ था, ताकि तेजी से घट रहे विदेशी मुद्रा भंडार के बीच आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निपटने में मदद मिल सके। सत्तर वर्षीय खान ने आगे कहा कि उन्हें 100 प्रतिशत यकीन है कि शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई काउंटर इंटेलिजेंस विंग के प्रमुख मेजर-जनरल फैसल नसीर उनकी हत्या के प्रयास के पीछे थे। उन्होंने कहा, अब मुझे 100 प्रतिशत यकीन हो गया है कि शहबाज और अन्य दो जिनका नाम मैंने प्राथमिकी में लिया था, जो दर्ज नहीं की जा सकी थी, ने मुझे मारने की साजिश रची थी। यह एक सटीक साजिश थी, क्योंकि तीन प्रशिक्षित निशानेबाजों को मेरी हत्या करने के लिए भेजा गया था। लेकिन यह ऊपर वाले की इच्छा थी कि मैं बच गया। खान को पिछले साल तीन नवंबर को पंजाब प्रांत (लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर) के वजीराबाद इलाके में उनकी पार्टी की रैली के दौरान तीन गोलियां लगी थीं। यह पूछे जाने पर कि क्या सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की सेवानिवृत्ति के बाद सैन्य प्रतिष्ठान तटस्थ हो गए।

# चीन में कोरोना नियम हटाए जाने के बाद चंद्र नववर्ष की धूम

**● मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी**




भाषा। बीजिंग

**चीन सरकार द्वारा** सख्त शून्य कोविड नीति हटाए जाने के बाद रविवार को पूरे चीन में लोगों ने चंद्र नववर्ष धूमधाम से मनाया। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गौरतलब है कि चंद्र नववर्ष को चीन में महत्वपूर्ण वार्षिक अवकाश के रूप में मनाया जाता है। चीन में मनाए जाने वाले इस नववर्ष में प्रत्एक वर्ष का नाम चीनी राशियों के बारह प्रतीकों के नाम पर रखा जाता है। कोरोना महामारी के कारण पिछले तीन वर्षों से प्रभावित इस उत्सव को इस वर्ष खरगोश के वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। चीन के अधिकांश इलाकों में कोरोना संबंधी प्रतिबंधों में ढील के बाद बहुत से लोग लॉकडाउन और यात्रा निलंबन की चिंता किए बिना अपने परिवारों से दोबारा मिलने के लिए अपने-अपने गृहनगर पहुंचे। पिछले साल की तुलना में इस साल राजधानी बीजिंग में बड़े पैमाने पर हजारों-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव के साथ ही चीन में सार्वजनिक रूप से मनाए जाने वाले वसंत उत्सव की भी वापसी हुई है। चीन के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुख्य महामारी विशेषज्ञ वू जुनयू ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की बड़ी संख्या में आवाजाही से कुछ क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण फैल सकता है।उन्होंने शनिवार को चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर लिखा, लेकिन अगले दो या तीन महीनों में बड़े पैमाने पर कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि की संभावना नहीं है क्योंकि हाल की लहर के दौरान देश के 1.4 अरब लोगों में से लगभग 80 प्रतिशत लोग संक्रमित हो चुके हैं। बीजिंग में, कई उपासकों ने लामा मंदिर में सुबह की प्रार्थना की, लेकिन भीड़ पूर्व-महामारी के दिनों की तुलना में कम दिखी। तिब्बती बौद्ध स्थल में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए एक दिन में 60,000 आगंतुकों को अनुमति दी गई। इसके लिए उपासकों को पहले से आरक्षण करवाने की आवश्यकता थी। वहीं, टैओरेंटिंग पार्क को नए साल के मौके पर पारंपरिक चीनी लालटेन से सजाए जाने के बावजूद फूड स्टाल में सामान्य हलचल का कोई संकेत नहीं दिखा। इसके अलावा, बदाचू पार्क में एक लोकप्रिय मंदिर मेला इस सप्ताह वापस आयोजित होगा, लेकिन डिटान पार्क और लोंगटन लेक पार्क में इसी तरह के आयोजनों की वापसी अभी बाकी है ।ांगकांग में, साल की पहली अगरबत्ती जलाने के लिए, शहर के सबसे बड़े ताओवादी मंदिर, वोंग ताई सिन मंदिर में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से स्थल के लोकप्रिय अनुष्ठान को निलंबित कर दिया गया था। परंपरागत रूप से, चंद्र नववर्ष की पूर्व संध्या पर रात 11 बजे से पहले इस मंदिर में बड़ी भीड़ इकट्ठा होती है, जिसमें हर कोई मंदिर के मुख्य हॉल के सामने सबसे पहले अपनी अगरबत्ती लगाने की कोशिश करता है। उपासकों का मानना है कि जो लोग मुख्य हॉल के सामने सबसे पहले अपनी अगरबत्ती रखते हैं, उन्हें अपनी प्रार्थना का उत्तर मिलने का सबसे अच्छा मौका मिलता है।

# राहुल नफरत पैदा कर सत्ता पाने की कोशिश कर रहे हैं : राजनाथ

**सिंगरौली (मध्य प्रदेश)।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां रविवार को कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी नफरत पैदा कर सत्ता पाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता सारी दुनिया में भारत को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि समाज और देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। सिंह ने मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में 25,500 गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत निःशुल्क भू-खंड वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा, इस समय एक नेता भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं, वो क्या-क्या बातें करते हैं? सिंह ने कहा, भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा है। भारत बदल चुका है। जिस शौर्य और पराक्रम का परिचय हमारे जवानों ने दिया है, वह अद्भुत है। लेकिन ए कांग्रेस के नेता सेना के जवानों के बारे में कुछ भी बोल रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा, कांग्रेस के नेता हमारी सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं। भारत टूटा (हुआ) देश है क्या, जो कांग्रेस के नेता भारत जोड़ने के लिए निकले हैं? भारत 1947 में टूट चुका है, अब नहीं टूटेगा। भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा, जो चाहे आँख दिखाकर निकल जाए। सिंह ने कहा, आज राहुल गांधी चारों तरफ घूम-घूम कर कह रहे हैं कि हिंदुस्तान में चारों तरफ नफरत है। क्या (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी नफरत फैला रहे हैं? क्या (मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री) शिवराज सिंह चौहान जी नफरत फैला रहे हैं? कहाँ इनको नफरत दिखाई देती है? उन्होंने कहा, सारी दुनिया में भारत को कांग्रेस के नेता बदनाम कर रहे हैं। जिस भारत की इज्जत सारी दुनिया में बढ़ी है, जो भारत सारे विश्व को अपना परिवार मानता है, उसके बारे में राहुल गांधी क्या बोल रहे हैं।

सिंह ने आगे कहा, नफरत पैदा कर के राहुल गांधी सत्ता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे भारत ने कभी जाति, पंथ और मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं किया। भारत की आजादी में सभी ने योगदान दिया। सिंह ने कहा, राहुल जी लोगों के बीच जाकर मोदीजी और भाजपा के प्रति नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ये (राहुल एवं कांग्रेस नेता) मोहब्बत फैलाने की बात करते हैं। ये क्या जानते हैं मोहब्बत क्या है? भारत के मान, सम्मान और शौर्य से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

राहुल जी, नफरत की बात करके दुनिया में भारत की छवि को दुनिया में खराब मत कीजिए। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं, समाज और देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। सिंह ने कहा, राहुल अगर देश की प्रगति में योगदान नहीं दे सकते हो, तो चुप बैठो। भारत को बदनाम करने की कोशिश मत करो। उन्होंने मोदी सरकार की पिछले आठ साल की विभिन्न उपलब्धियां बताते हुए कहा, हम रक्षा के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। दुनिया की नजरों में भारत अब ताकतवर भारत बन गया है और अंर्ताष्ट्रीय जगत में भारत का कद ऊँचा हुआ है, लेकिन कांग्रेस के नेता हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम पर सवालिया निशान लगाते हैं। सिंह ने कहा कि ऐसी बहुत बातें हैं, जो खुलकर नहीं की जा सकती हैं। हमारे सैनिक बहादुर हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, रक्षा मंत्री होने के नाते मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि देश की सीमाओं पर कोई बुरी नजर डालने की कोशिश करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

## आवासहीनों को वितरित किए 25,500 निःशुल्क भूखंड

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में करीब 25,500 आवासहीन गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में निःशुल्क भू-खंड का वितरण किया। इन दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में रीवा संभाग के 6,78,408 हितग्राहियों के खातों में 135.68 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। साथ ही 35.07 करोड़ रुपए की लागत वाले बरगवां-बैढ़न मार्ग में लेवल क्रासिंग आरओबी, 248.27 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले शासकीय मेडिकल कॉलेज के भवन, 60.30 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज और ग्राम हिर्वाह बैढ़न में 33 करोड़ रुपए एवं चकरिया में 31.40 करोड़ रुपए की लागत वाले मुख्यमंत्री राइज स्कूल का शिलान्यास भी किया। केन्द्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में गरीब परिवारों को आवास के लिए मुफ्त में जमीन आवंटित कर पुण्य का काम किया गया है। ऊर्जाधानी (ऊर्जा क्षेत्र में राजधानी) सिंगरौली जिले के करीब 25,500 परिवारों को निःशुल्क आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध कराना अद्भुत कार्य है। मुख्यमंत्री चौहान की गरीबों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता से ही यह महान कार्य सम्भव हुआ है। सिंह ने कहा कि सिंगरौली के शासकीय माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़ कर निकलने वाले छात्र सिंगरौली में ही नहीं, बल्कि देश और विदेश में तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। यह शिवराज सरकार का बड़ा काम है। यहां एक मेडिकल कॉलेज भी खुलेगा। हमने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि उनकी सरकार केन्द्र से जनता के लिए 100 पैसे भेजती है, लेकिन 14 पैसे ही जनता तक पहुँचते हैं, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी की सरकार 100 रुपए जनता के लिए भेजती है, तो पूरे 100 रुपए जनता के खाते में पहुँचते हैं। सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने के लक्ष्य से काम कर रही है और अभी तक देश में 642 नए मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गए हैं। हर राज्य में एम्स भी संचालित होने लगा है। खदान आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। सिंह ने कहा कि भारत की इज्जत और ताकत दुनिया की नजरों में बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से अल्प समय के लिए रूस और यूक्रेन का युद्ध बंद करवा कर 22,000 बच्चों को यूक्रेन से निकाला गया। मैं रक्षा मंत्री के नाते कह रहा हूँ कि भारत और चीन की सीमा पर हमारे जवानों के पराक्रम ने हमारा सीना गर्व से चौड़ा किया है। हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम ने देश की प्रतिष्ठा को दुनिया में बढ़ाया है।

# भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हेरोइन ले जा रहे ड्रोन को मार गिराया गया

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में रविवार को पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मादक पदार्थ ले जा रहे एक ड्रोन को मार गिराया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस ने कहा कि पांच किलोग्राम हेरोइन ले जा रहे मानवरहित ड्रोन को अमृतसर के कक्कड़ गांव में मार गिराया गया। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट कर कहा, एक बड़ी सफलता में, अमृतसर पुलिस ने बीएसएफ के साथ एक संयुक्त अभियान के तहत कक्कड़ गांव में गोलीबारी कर छह पंखों वाले एक ड्रोन को मार गिराया और उसमें से पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, यह इलाका पाकिस्तान के साथ सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा से दो किमी दूर है। इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।



चमोली में ताजा बर्फबारी के बाद औली में एक रिसॉर्ट के बाहर आनन्द लेते हुए पर्यटक।

# शाह अगले महीने पटना में भाजपा के किसान सम्मेलन में शामिल होंगे

**भाषा।** पटना

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह भाजपा की बिहार इकाई द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22 फरवरी को पटना आएंगे। भाजपा का यह किसान सम्मेलन संन्यासी एवं किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल और राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शाह 22 फरवरी को पार्टी के किसान सम्मेलन में भाग लेंगे। जायसवाल ने इन अटकलों को खारिज किया कि स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती पार्टी के सवर्ण समर्थन आधार को मजबूत करने की रणनीति के तौर पर मनाई जा रही है।

उन्होंने कहा, स्वामी सहजानंद सरस्वती के योगदान को दुनिया भर के इतिहासकारों ने स्वीकार किया है। कृपया इसे किसी संकीर्ण नजरिए से न देखें।

भाजपा नेताओं ने बक्सर की हिंसा का उल्लेख करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को किसान विरोधी भी करार दिया। गौरतलब है कि बक्सर में 11 जनवरी को ताप विद्युत परियोजना के लिए अधिग्रहीत भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जब हाल में समाधान यात्रा के दौरान बक्सर गए, तो उन्होंने प्रभावित किसानों से मिलना तक उचित नहीं समझा। स्वामी सहजानंद सरस्वती का जन्म 1889 में उत्तर प्रदेश में हुआ था। उन्होंने बिहार के बिहटा में एक आश्रम स्थापित किया था जहां वह किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर सक्रिय रहे।

# तटीय कर्नाटक को हिंदुत्व की प्रयोगशाला बना रही है भाजपाः सिद्धरमैया

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए कर्नाटक को हिंदुत्व की प्रयोगशाला में बदलने की कोशिश कर रही है। उडुपी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सिद्धरमैया ने कहा कि भाजपा नेता विकास के मुद्दों की तुलना में लव जिहाद के बारे में बोलने में अधिक रुचि रखते हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा हिंदुत्व के नाम पर समाज में विभाजन पैदा करने के लिए झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व और हिंदूवाद पूरी तरह से अलग है। कांग्रेस के प्रजा ध्वनि कार्यक्रम के तहत उडुपी में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को भाजपा की मानसिकता का एहसास हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर भेदभाव के बिना लोगों में प्यार बांटने में विश्वास रखती है। सिद्धरमैया ने कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद की सभी को निंदा करनी चाहिए।

# तिवा जनजाति के मेले में पांच सदियों से हो रहा है नकदी रहित लेन-देन

**जागीरोड (असम)।** हाल के वर्षों में नकदी रहित लेन-देन का चलन बढ़ा है, लेकिन वस्तु विनिमय प्रणाली इसके बहुत पहले अस्तित्व में थी और अभी भी तिवा जनजाति द्वारा अपने वार्षिक व्यापार मेले में पांच सदियों से इस प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। तीन दिवसीय जोनबील मेला में सामानों की खरीद और बिक्री के लिए धन के उपयोग के बजाय सदियों पुरानी वस्तु विनिमय प्रणाली प्रचलित है। इस मेले को इतिहासकार 15वीं शताब्दी का बताते हैं। जोनबील मेला विकास समिति के सचिव जोरसिंग बोरदोलोई का कहना है कि यहां से लगभग 32 किलोमीटर दूर एक छोटे से गांव में आयोजित इस मेले के दौरान, तिवाओं के अलावा पड़ोसी पहाड़ियों से कार्बी, खासी और जयंतिया जनजाति के सदस्य अपने उत्पादों को लेकर आते हैं और उनका आदान-प्रदान करते हैं। मेले का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू विभिन्न जनजातियों और समुदायों के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना है।

मेले का आयोजन जनवरी के तीसरे सप्ताह में मोरीगांव में मध्य असम और पड़ोसी मेघालय की एक जनजाति तिवास द्वारा आयोजित किया जाता है। मेले के दौरान आमतौर पर औषधीय जड़ी बूटियों के अलावा खाद्य सामग्री जैसे अदरक, हल्दी, कद्दू, सूखी मछली और पीठा (चावल से बना पकवान) का कारोबार होता है। मेले के दूसरे दिन पारंपरिक सामुदायिक मछली पकड़ने का आयोजन किया जाता है और इसमें सभी क्षेत्रों के लोग भाग लेते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को इसमें भाग लिया था। सदियों से (वस्तु विनिमय की) इस परंपरा का जारी रहना, तिवा समुदाय का अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरा लगाव है। मध्यकाल से ही जोनबील मेले ने पहाड़ी और मैदानी इलाकों के लोगों के बीच शांति और भाईचारे को बढ़ावा दिया है। उन्होंने स्थाई स्थल के लिए सरकार द्वारा शीघ्र ही 20 बीघा जमीन आवंटित करने की घोषणा की थी।

# विहिप कार्यकर्ताओं ने सूरत के सिनेमा हॉल में पठान के पोस्टर फाड़े

**सूरत।** विहिप के कार्यकर्ता गुजरात के सूरत शहर में एक सिनेमाघर में घुस गए और शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान के पोस्टर फाड़ डाले। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दंगा करने के आरोप में विहिप के पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। बेशरम रंग गाने में दीपिका पादुकोण को भगवा बिकनी में दिखाने के लिए फिल्म पठान को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों के नेताओं ने 25 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। घटना शनिवार शाम सूरत के रांदेर इलाके में स्थित रूपाली सिनेमा में हुई। पुलिस निरीक्षक एएस सोनारा ने बताया, हमें रूपाली सिनेमा में फिल्म पठान के पोस्टर फाड़ने वाले लोगों के एक समूह के बारे में सूचना मिली। हमने उनमें से पांच को गिरफ्तार किया है और उन पर दंगा करने का मामला दर्ज किया है। वे विहिप के हैं।

आईपीसी की धाराओं के तहत गैरकानूनी जमावड़ा, इरादतन अपमान और अन्य बातों के अलावा आपराधिक धमकी के तहत मामला दर्ज किया गया है। हाल ही में, गुजरात में मल्टीप्लेक्स मालिकों ने गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी से मुलाकात की, जिन्होंने असामाजिक तत्वों के खिलाफ थिएटरों को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। सांघवी को लिखे एक पत्र में, मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ गुजरात ने कहा, फिल्म के बारे में आपत्ति जताने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए सही मंच या तो आधिकारिक प्राधिकरण या भारत सरकार या अदालतें होंगी, क्योंकि फिल्म को सेंसर बोर्ड द्वारा मंजूरी दे दी गई है। पत्र में कहा गया है कि ऐसे कई समूह हैं, जो अपनी समझ और एजेंडे के आधार पर सिनेमा प्रदर्शकों को अवैध रूप से निशाना बना रहे हैं।

# कश्मीर लगभग पूरी तरह से मुख्यधारा में आ चुका है : दुलत

**जयपुर।** रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख ए .एस.दुलत ने रविवार को कहा कि कश्मीर लगभग पूरी तरह से मुख्यधारा में आ चुका है और कश्मीरियों के दिमाग से पाकिस्तान निकल गया है तथा अलगाववाद और हुर्रियत सब खत्म हो गए हैं। दुलत ने हालांकि कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की कोई जरूरत नहीं थी जो जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करता था, क्योंकि इसमें कुछ बचा नहीं था और यह केवल अपनी गरिमा को बचाए रखने का एक माध्यम था। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) में यहां एक सत्र में दुलत ने प्रिंस हैरी की हालिया किताब स्पेयर का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रिटिश शाही परिवार के पूर्व सदस्य ने लिखा है कि जीवन की तमाम विसंगतियों में, उन्हें केवल एक चीज जो सामान्य दिखाई दी और जिसका उन्होंने आनंद उठाया, वह अफगानिस्तान था। दुलत ने कहा कि वह कश्मीर के बारे में यही बात कह सकते हैं।

प्रिंस हैरी अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ युद्ध में लड़ने के लिए ब्रिटिश सेना में शामिल हुए थे। दुलत ने यह भी कहा कि आतंकवाद में गिरावट जारी रहेगी लेकिन जब तक पाकिस्तान के साथ मामला सुलझा नहीं लिया जाता, आतंकवाद बना रहेगा। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के साथ वार्ता की वकालत की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान कश्मीर का अभिन्न अंग रहा है। वर्ष 1947 से, भारत सरकार जो करने की कोशिश कर रही है वह कश्मीर को मुख्यधारा में लाना और पाकिस्तान को कश्मीरियों के दिमाग से बाहर निकालना है। और मुझे लगता है कि हम काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

1999-2000 के दौरान खुफिया एजेंसी का नेतृत्व करने वाले दुलत ने कहा, आज, कश्मीर लगभग पूरी तरह से मुख्यधारा में आ गया है। हम जिस अलगाववाद, हुर्रियत की बात करते हैं, वह सब खत्म हो गया है। वह हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित उनकी नवीनतम पुस्तक ए लाइफ इन द शैडोज़: ए मेमॉयरै के बारे में वरिष्ठ पत्रकार मंदिरा नायर के साथ बातचीत कर रहे थे। वर्ष 1965 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ने कहा, मैंने तर्क दिया था कि हमें अनुच्छेद 370 को खत्म नहीं करना है क्योंकि इसमें कुछ भी नहीं बचा था। यह केवल एक पर्दा था जिसने एक कश्मीरी को थोड़ी गरिमा मिली हुई थी। गौरतलब है कि केंद्र ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया।

ब्रिटिश सेना के साथ अफगानिस्तान में प्रिंस हैरी के कार्यकाल को लेकर उनकी टिप्पणी का जिक्र करते हुए दुलत ने कहा, कश्मीर के बारे में मैं यही कह सकता हूं। हम आज भी उसे प्यार करते हैं, वहां जाते हैं, आनंद उठाते हैं ..... दुर्भाग्य से, दिल्ली ने हमेशा से ही इसे स्याह सफेद के तौर पर देखा है। वे बाकी को नहीं समझते। आप केवल गुलमर्ग या पहलगाम में छुट्टियां बिताने नहीं बल्कि सही में कश्मीर जाएं और श्रीनगर में लोगों से बात करें तो आप पाएंगे कि वे बहुत ही दयालु, भले और नेकदिल इंसान हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने मीरवाइज उमर फारूक समेत कई कश्मीरी नेताओं से बातचीत की है। मीरवाइज अभी जेल में हैं और वह कहते हैं कि उन्हें थोड़ी चालाकी से काम लेना पड़ता है क्योंकि आपने हम लोगों को यही सिखाया है क्योंकि आपने हमसे कभी सच नहीं बोला। इसलिए हमने भी आपसे झूठ बोला।

दुलत रॉ के एकमात्र ऐसे प्रमुख रहे हैं जिन्होंने पाकिस्तान की यात्रा की। उन्होंने कहा कि वह 2010 से 2012 के बीच चार बार पड़ोसी देश की यात्रा पर गए। उन्होंने कहा, मैं दो बार लाहौर गया और इस्लामाबाद तथा कराची की भी यात्रा की। ए एक बहुत ही शानदार अनुभव था। उन्होंने कहा कि उन्होंने ट्रैक 2 या पर्दे के पीछे की कूटनीति के जरिए पाकिस्तान को बेहतर तरीके से जाना। अपनी नवीनतम पुस्तक ए लाइफ इन द शैडोज में, वह भारत के वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बारे में भी बात करते हैं। डोभाल सिद्धांत और दुलत सिद्धांत के बीच समानताएं बताने के लिए पूछे जाने पर, भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख ने कहा कि उनके पास कोई सिद्धांत नहीं है। उन्होंने कहा, श्री डोभाल का एक सिद्धांत है, मुझे नहीं पता। लोग इसके बारे में बात करते हैं। वर्ष 2000 में सेवा से सेवानिवृत्त हुए दुलत ने कहा कि सेना से सेना के बीच संवाद शुरू करने के भी प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि भारत की मौजूदा बाहुबल नीति कश्मीर में आतंकवाद पर अंकुश लगाने में मददगार साबित हो रही है। दुलत ने कहा, मेरा तर्क है कि आतंकवाद कम हुआ है और कम होना जारी रहेगा। लेकिन आतंकवाद तब तक बना रहेगा, जब तक हम इसे पाकिस्तान के साथ सुलझा नहीं लेते। पाकिस्तान और चीन से भी बात करना महत्वपूर्ण है।

# पहलवान द ग्रेट खली ने संघ मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार और गोलवलकर को दी श्रद्धांजलि



**नागपुर।** लोकप्रिय डब्ल्यूडब्ल्यूई खेलों में द ग्रेट खली के नाम से चर्चित अंतरराष्ट्रीय पेशेवर पहलवान दलीप सिंह रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय रेशिमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए। आरएसएस की प्रचार शाखा, विश्व संवाद केंद्र ने अपने फेसबुक पृष्ठ पर यह जानकारी साझा की। इसमें कहा गया, पहलवान आरएसएस के संस्थापक दिवंगत डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और एमएस गोलवलकर के स्मारक पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# भारत जोड़ो यात्रा कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू-कश्मीर के सांबा पहुंची

**सांबा (जम्मू-कश्मीर)।** जम्मू के बाहरी इलाके में दोहरे विस्फोटों के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा के बीच कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पास के कठुआ से छह घंटे से अधिक समय में 21 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद रविवार दोपहर सांबा पहुंची। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पैदल मार्च अपने कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेगा और सोमवार दोपहर जम्मू पहुंचेगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शिविर स्थल पर संवाददाताओं से कहा, भारत जोड़ो यात्रा का यह 128वां दिन है। यह हीरानगर (कठुआ में) से सुबह सात बजे शुरू हुई और करीब सवा एक बजे चक नानक (सांबा जिला) पहुंची। लोगों से यात्रा को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हतोत्साहित किया है, जो राहुल गांधी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कथित तौर पर हरसंभव कोशिश कर रही है और आज के वास्तविक मुद्दों से जनता को गुमराह करने के लिए ध्यान भटकाने के हथकंडे अपना रही है।

रमेश ने कहा, भाजपा-शासित राज्यों में यात्रा के लिए लोगों की प्रतिक्रिया अभूतपूर्व थी और जम्मू-कश्मीर में भी ऐसा ही हुआ है। हमने देखा कि लोगों को कई जगहों पर पीछे हटाना पड़ा, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया और आ गए। बड़ी संख्या में लोग गांधी के साथ शामिल होने के लिए निकले। एक दिन के विराम के बाद मार्च रविवार को जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास हीरानगर से शुरू हुआ, जिसे पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने एक तरह से सील कर दिया था और सभी यातायात को दूसरे रास्तों की तरफ मोड़ दिया गया था।

कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख विकार रसूल वानी, कार्यकारी अध्यक्ष रमण भल्ला और तिरंगा लेकर यात्रा कर रहे सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ गांधी का सड़क के दोनों ओर इंतजार कर रहे लोगों ने स्वागत किया। रमेश ने कहा कि शुक्रवार को यात्रा शुरू होने से पहले, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरधारी लाल डोगरा को श्रद्धांजलि अर्पित की। डोगरा 20 से अधिक वर्षों तक जम्मू-कश्मीर के वित्त मंत्री और दो बार संसद सदस्य भी रहे। गांधी की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य सुरक्षा एजेंसी शांतिपूर्ण मार्च सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रख रही हैं।

जम्मू शहर के बाहरी इलाके नरवाल में शनिवार को हुए दोहरे बम विस्फोटों के मद्देनजर पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हमले में नौ लोग घायल हो गए थे। पुलिस को संदेह है कि नरवाल के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मरम्मत की एक दुकान में खड़ी एसयूवी और पास के कबाड़खाने में एक वाहन में विस्फोट करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया गया था। यह आतंकी हमला ऐसे समय में हुआ, जब भारत जोड़ो यात्रा और आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर क्षेत्र की सुरक्षा एजेंसी काफी चौकसी बरत रही हैं। रमेश ने कहा, यह यात्रा अराजनीतिक है। गांधी का लोगों को संदेश विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ एकजुट होने और प्रेम, भाईचारा तथा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का है। लोग संदेश की गंभीरता को समझते हैं। यात्रा के खिलाफ एक अखबार में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा लिखे गए लेख का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि यह उनकी हताशा को दर्शाता है। सिंह जम्मू-कश्मीर में उधमपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। रमेश ने कहा, वे (भाजपा नेता) यात्रा और हमारे नेता (गांधी) को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें उसी अखबार के माध्यम से जवाब दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दल देश में एक व्यक्ति के शासन के खिलाफ चुप नहीं रहेगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की जम्मू-कश्मीर प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा कि एम के भारद्वाज के नेतृत्व में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 13 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल ने यात्रा के दौरान गांधी के साथ 25 मिनट से अधिक समय तक बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गांधी के साथ अपने मुद्दों पर चर्चा की, जबकि कश्मीरी पंडितों सहित कई अन्य प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सांबा से जम्मू तक मार्च के दौरान उनसे मिलने वाले हैं। यात्रा में जम्मू-कश्मीर के आखिरी डोगरा शासक हरि सिंह के बेटे और पार्टी के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह के शामिल नहीं होने के बारे में पूछे जाने पर पाटिल ने कहा कि उन्होंने सिंह से फोन पर बात की थी। पाटिल के मुताबिक, सिंह ने गांधी को अपनी शुभकामनाएं दीं, लेकिन कहा कि वह अपने स्वास्थ्य कारणों से यात्रा में शामिल नहीं हो पाए। वानी ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने और विधानसभा चुनावों में देरी को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। पदयात्रा के दौरान, गांधी को 10-11 साल की एक लड़की के जूते के फीते बांधते हुए देखा गया।

# हिंदुत्ववादी संगठनों ने लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण के खिलाफ मार्च निकाला

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

**सकल हिंदू समाज** के तत्वावधान में विभिन्न हिंदुत्ववादी संगठनों ने रविवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण और गोहत्या के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। हिंदू जनाक्रोश मोर्चा ऐतिहासिक लाल महल से शुरू हुआ और लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर दक्कन क्षेत्र में छत्रपति संभाजी महाराज की प्रतिमा पर आकर समाप्त हुआ। मार्च के आयोजकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के ज्एष्ठ पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस घोषित करने की मांग की। मुगल बादशाह औरंगजेब के आदेश पर 1689 में संभाजी महाराज को यातना देकर मौत के घाट उतार दिया गया था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शिवेंद्र राजे भोसले, हैदराबाद से उनके समकक्ष टी राजा सिंह और कई नेता विरोध मार्च में शामिल हुए। सिंह ने कहा, लव जिहाद, अवैध धर्मांतरण, गोहत्या आदि के मामले देश में बढ़े हैं। मैं राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्र से भी लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की मांग करता हूं। लव जिहाद शब्द का इस्तेमाल अक्सर दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ता मुस्लिम पुरुषों द्वारा विवाह के नाम पर हिंदू महिलाओं को धर्म परिवर्तन के लिए लुभाने के संदर्भ में करते हैं।

सिंह ने कहा कि वह छत्रपति संभाजी महाराज के अनुयाई हैं। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, नेताओं को संभाजी महाराज पर राजनीति करना बंद करना चाहिए। जो लोग इस विषय पर राजनीति कर रहे हैं, मैं लोगों से ऐसे नेताओं का बहिष्कार करने का आह्वान करता हूं। इस महीने की शुरुआत में भाजपा ने छत्रपति संभाजी महाराज पर टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से ताल्लुक रखने वाले विपक्ष के नेता अजित पवार के खिलाफ पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन किया।

पवार ने विधानसभा को बताया था कि छत्रपति संभाजी महाराज स्वराज्य रक्षक थे और कुछ लोगों द्वारा उन्हें धर्मवीर कहना गलत है। सतारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शिवेंद्र राजे भोसले ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज स्वराज्य आंदोलन के अग्रणी थे, जिसमें धर्म की रक्षा भी शामिल थी। अब तक हमने इतिहास में जो पढ़ा है, वह यह है कि छत्रपति संभाजी महाराज एक धर्मवीर थे।

पायनियर
नई दिल्ली,सोमवार, 23 जनवरी, 2023



# भारत का सपना टूटा, विश्वकप से बाहर

### ●पेनल्टी शूटआउट में 4-5 से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गया

## पुरुष हॉकी के क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड से खाई मात



**भाषा।** भुवनेश्वर

**भारत एफआईएच** पुरुष हॉकी विश्व कप में रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच के पेनल्टी शूटआउट में 4–5 से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गया। नियमित समय में यह मुकाबला 3–3 की बराबरी पर छूटा था।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय टीम लगभग 15000 घरेलू समर्थकों के सामने अपने स्तर के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी और शुरूआती हाफ में एक समय 2–0 की बढ़त हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड को वापसी का मौका दे दिया। इस हार के साथ ही भारत का 48 साल के बाद विश्व कप का खिताब जीतने का सपना भी टूट गया। भारत के लिए ललित उपाध्याय (17वें मिनट), सुखजीत सिंह (24वें) और वरुण कुमार (40वें मिनट) ने गोल किए। न्यूजीलैंड के लिए सैम लेन (28वें) ने मैदानी गोल किया जबकि केन रसेल ने 43वें और सीन फिंडले (49वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड के सामने अब मौजूदा विश्व चैंपियन बेल्जियम की चुनौती होगी। पेनल्टी शूटआउट में, स्ट्राइक के पहले पांच सेट के बाद स्कोर भी बराबरी पर था, और आखिर में सडन डेथ में मैच भारत के हाथ से निकल गया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास सडन डेथ में भारत को जीत दिलाने का सुनहरा मौका था लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहे। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत को 2–3 से पिछड़ने के बाद शानदार बचाव किए। इसके बाद सडेन डेथ में एक और बचाव के दौरान वह चोटिल हो गए। इसके बाद कृष्ण पाठक ने सडेन डेथ के अगले तीन दौर में गोलकीपर की भूमिका निभाई। आखिर में शमशेर सिंह गोल करने से चूक गए और सैम लेन ने गोल कर न्यूजीलैंड को जीत दिला दी। निर्धारित समय में, भारत ने 11 पेनल्टी कार्नर अर्जित किए और उनमें से दो को गोल में बदला, जबकि न्यूजीलैंड को सिर्फ दो पेनल्टी कार्नर मिले। भारत को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन अग्रिम पंक्ति की फिनिशिंग कौशल की कमी देखने को मिली। भारत ने मैच के शुरू से ही आक्रामक रूख अपनाया और अभ्यास के दौरान चोटिल हुए मनदीप सिंह ने न्यूजीलैंड के सर्कल में शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने 24वें मिनट में चौथे पेनल्टी कार्नर पर सुखजीत सिंह के गोल से जल्द ही बढ़त को दोगुना कर दिया। हरमनप्रीत की ड्रैग–फ्लिक को न्यूजीलैंड के गोलकीपर रोक दिया लेकिन रिबाउंड पर सुखजीत ने शानदार मौका बनाकर उसे गोल में बदल दिया। न्यूजीलैंड ने हाफ टाइम से एक मिनट पहले सैम लेन की गोल से वापसी की। उन्होंने टीम के साथ खिलाड़ी के क्रॉस को भारतीय गोल पोस्ट की बाईं ओर मारा। मध्यांतर के समय न्यूजीलैंड की टीम 2–। से आगे थी। न्यूजीलैंड ने तीसरे क्वार्टर में बराबरी के लिए दबाव बनाया और वे कुछ मौकों पर भारतीय डी में आ गए लेकिन घरेलू टीम ने 41वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को भुना कर दो गोल के अंतर से बढ़त बना ली। भारत ने तीसरे क्वार्टर में तीन पेनल्टी कार्नर हासिल किए(

## मलेशिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में, ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला



**भुवनेश्वर।** स्पेन ने पुरुष हॉकी विश्व कप के रोमांचक क्रॉसओवर मुकाबले में रविवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में मलेशिया को 4-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) विश्व कप के इस मुकाबले मे नियमित समय मे मैच 2-2 से बराबरी पर था। स्पेन की टीम अब मंगलवार को अंतिम-आठ चरण मे खिताब के दावेदारों और पूल ए मे तालिका पर शीर्ष पर रहे ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। मध्यांतर तक दोनो टीमें गोल नही कर सकी थी। फैज़ल सारी ने 35वें मिनट मे मलेशिया का खाता खोला लेकिन मार्क मिरालेस (41वे) और जेवियर गिस्पर्ट (42वें) ने एक मिनट के अंदर दो गोलकर स्पेन को 2-। से आगे कर दिया। इसके बाद शेलो सिल्वरियस ने शानदार मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। पेनल्टी शूटआउट मे पांच खिलाड़ियों के पहले सेट के शॉट लेने के बाद स्कोर 3-3 से बराबरी पर था। मलेशिया के लिए फिरहान अशरी, फैज़ल सारी और सुहैमी शाहमी इरफान ने गोल किए, जबकि मरहान जलील और शेलो सिल्वरियस चूक गए।

# डब्ल्यूएफआई आम सभा की आपात बैठक रद्द

### ● अयोध्या में होनी थी बैठक, खेल मंत्रालय ने दिए थे निर्देश




**भाषा।** अयोध्या

**भारतीय कुश्ती** महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की आम सभा की रविवार को यहां होने वाली आपात बैठक रद्द कर दी गई है क्योंकि खेल मंत्रालय ने इस खेल संस्था और उसके अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए विभिन्न आरोपों को देखते हुए उसे सभी गतिविधियों को स्थगित करने का निर्देश दिया था। मंत्रालय ने शनिवार को कहा था कि उसने डब्ल्यूएफआई को सभी वर्तमान गतिविधियां तुरंत प्रभाव से स्थगित करने का निर्देश दिया है। इनमें महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ माने जाने वाले गोंडा में होने वाला रैंकिंग टूर्नामेंट भी शामिल है। शरण पर देश के कुछ नामी पहलवानों ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। इन पहलवानों में विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया भी शामिल हैं। मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए संस्था के सहायक सचिव विनोद तोमर को निलंबित कर दिया था। मंत्रालय ने खेल निकाय के उचित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए तोमर को निलंबित किया। शुक्रवार को शरण के पुत्र प्रतीक ने कहा था कि उनके पिता इस खेल संस्था की बैठक के बाद उनके खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बयान जारी करेंगे। खेल मंत्रालय ने भले ही शरण को डब्ल्यूएफआई के रोजर्मा के कामकाज से दूर रहने के लिए कहा है लेकिन शनिवार को वह नंदिनी नगर में आयोजित एक कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित थे। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शरण और उनकी संस्था के खिलाफ चोटी के पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के लिए शुक्रवार को निगरानी समिति गठित करने की घोषणा की थी। इस समिति के नामों की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। मंत्रालय ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि उसने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए विभिन्न आरोपों की जांच के लिए निगरानी समिति गठित करने के सरकार के फैसले से भारतीय कुश्ती महासंघ को अवगत करा दिया है।

### राउंडग्लास ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को हराया

**कोलकाता।** जुआन मेरा और लुका माजसेन के दो दो गोल की बदौलत राउंडग्लास पंजाब एफसी ने रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले में मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 4-0 से शिकस्त दी। मेरा ने 17वें और 75वें मिनट में जबकि माजसेन ने 41वें और 52वें मिनट मे गोल किए। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने हालांकि अंत मे दबदबा बनाया और कुछ ताकतवर हमले किए लेकिन विपक्षी टीम का डिफेंस इतना मजबूत था कि वह कोई गोल नही कर सकी।

### खालिन व कार्तिक ने एशियाई टूर कार्ड हासिल किए

**हुआ हिन (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फर खालिन जोशी और कार्तिक शर्मा ने एशियाई टूर क्वालीफाइंग स्कूल फाइनल चरण में पांच राउंड में 90 होल में दाव पर लगे 35 में से दो कार्ड हासिल किए। इससे दोनो 2023 मे टूर पर काफी टूर्नामेंट में शुरुआत कर पाएंगे। भारतीय जोड़ी ने पांच दौर में नौ अंडर का कुल स्कोर बनाया जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर थे।

### व्हीलचेयर टेनिस के स्टार खिलाड़ी शिंगो कुनीदा ने संन्यास लिया

**मेलबर्न।** व्हीलचेयर टेनिस के सबसे सफल खिलाड़ी शिंगो कुनीदा ने रविवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। विश्व में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी 38 वर्षीय कुनीदा ने अपने करियर मे 28 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीते। उन्होंने 2022 मे विबलडन का खिताब जीतकर चारो ग्रैंडस्लैम में खिताब हासिल करके करियर ग्रैंडस्लैम पूरा किया था। जापान के इस खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, तोक्यो पैरालंपिक मे अपना सपना पूरा करने के बाद से ही मै संन्यास के बारे मे सोच रहा था। पिछले साल पहली बार विबलडन एकल का खिताब जीतने के बाद मुझे महसूस हुआ प्रतिस्पर्धा करने की मेरी ऊर्जा अब बहुत कम बची है। कुनीदा ने अपने करियर में 11 बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता। इसके अलावा उन्होंने फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन मे आठ-आठ खिताब जबकि विबलडन मे एक खिताब जीता। इसके साथ ही उन्होंने 22 ग्रैंडस्लैम युगल खिताब भी जीते।

### मानहानि का मामला दायर करने पर विचार कर रहा हूं: हुड्डा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपो को लेकर चल रहे विवाद मे कथित तौर पर उन्हें और उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा के नाम को घसीटने पर वह इस खेल प्रशासक के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने पर विचार कर रहे है।

### हैंडबॉल के प्रसार के लिए कई फैसले

**लखनऊ।** आगामी प्रीमियर हैंडबॉल लीग का आयोजन हैंडबॉल एसोसिएशन इंडियाए साउथ एशियन हैंडबॉल फेडरेशन और ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट के समन्वय से किया जाना चाहिए ताकि दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के सदस्य देशों में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के नए अवसरों का सृजन किया जा सके। ये सुझाव दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ की सामान्य परिषद की गत 20 जनवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में महासचिव आनन्देश्वर पाण्डेय ने रखा। इस प्रस्ताव का एशियन हैंडबॉल फेडरेशनके महासचिव मोहम्मद शफीक ने स्वागत किया।

# वितिदसर्ण व सियंग बने चैम्पियन

**भाषा।** नई दिल्ली

**थाईलैंड के** कुनलावुत वितिदसर्ण और कोरिया की अन सियंग रविवार को यहां इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के अपने वर्ग में दो बार के विश्व चैम्पियन को हराकर क्रमश: पुरूष और महिला एकल चैम्पियन बने। कुनलावुत ने पुरूष एकल फाइनल में दो बार के विश्व चैम्पियन और ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को जबकि युवा खिलाड़ी अन सियंग ने महिला एकल फाइनल में दो बार की विश्व चैम्पियन अकाने यामागुची को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मात दी। कुनलावुत ने डेनमार्क के ओलंपिक चैम्पियन को 64 मिनट में 22–20, 10–21, 21–12 से शिकस्त देकर अपना पहला सुपर 750 टूर्नामेंट खिताब हासिल किया। वहीं 20 साल की अन सियंग ने यामागुची के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ते हुए दुनिया की नंबर एक जापानी खिलाड़ी को 72 मिनट तक चले महिला एकल फाइनल में 15–21 21–16 21–12 से मात दी। इस तरह वह इंडिया ओपन जीतने वाली पहली कोरियाई खिलाड़ी भी बन गईं। पिछले हफ्ते भी मलेशिया ओपन में इसी तरह के तीन गेम का फाइनल हुआ था लेकिन वह इस मुकाबले में यामागुची से हार गई थीं। वहीं पुरूष युगल का खिताब लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी के नाम रहा। इस जोड़ी का यह दूसरा विश्व टूर खिताब रहा, उन्होंने पिछले साल जापान ओपन में यही ट्रॉफी हासिल की थी। दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी ने पुरूष युगल एकल फाइनल आरोन चिया और सोह वूई यिक की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14–21 21–19 21–18 से पराजित किया। वहीं दो युगल मैच नहीं हो सके क्योंकि बीमार होने के कारण चीन के दो खिलाड़ियों को हटना पड़ा। वांग यि लियू (हुआंग डोंग पिंग के साथ मिश्रित युगल खेलने वाली) और चेन किंग चेन (महिला युगल फाइनल में जिया यि फिन के साथ खेलने वाली) को डायरिया के कारण अपने मैचों से हटना पड़ा। इस तरह जापान की युटा वाटानबे और अरिसा हिगाशिनो की जोड़ी ने मिश्रित युगल खिताब जीत लिया। वहीं महिला युगल का खिताब भी जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी के नाम रहा। मुकाबले के बाद अन सियंग ने कहा, मैं जानती थी कि मैच लंबा चलेगा। इसलिए मैंने अपने दिमाग को पहले से ही तैयार कर लिया था। इस जीत से वह जापानी खिलाड़ी के खिलाफ जीत के अंतर को कम करके 6–10 करने में सफल रहीं। अन सियंग को 2017 में राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया था, तब वह 15 साल की थीं। वह विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में कांस्य पदक विजेता मिश्रित टीम का हिस्सा बनीं और 2018 में उबेर कप में कोरिया को कांस्य पदक दिलाने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उनके नाम 11 विश्व टूर खिताब हैं और एक विश्व चैम्पियनशिप का कांस्य पदक है जिससे वह कोरिया की ओलंपिक में बड़ी उम्मीद बनती जा रही हैं।



### अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम मुश्किल, हम बेहतर कर सकते हैं: एक्सेलसेन

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को लगता है कि खेल की संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) को खिलाड़ियों की फिटनेस ध्यान मे रखकर ही अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम तैयार करना चाहिए क्योंकि यह इस समय काफी कठिन है। डेनमार्क के दुनिया के नंबर खिलाड़ी को रविवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह उप विजेता रहे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, मै अपने शरीर को शीर्ष स्तर पर बनाए रखने लिए सर्वश्रेष्ठ तरीके से आराम करने और तैयारी करने की कोशिश करता हूं। लेकिन यह आसान नही है, विशेषकर टूर्नामेंट के बीच में यात्रा के साथ यह वास्तव मे बहुत मुश्किल होता है। साथ ही आप खिलाड़ियों को हफ्ते दर हफ्ते शानदार प्रदर्शन करते रहने की उम्मीद नही कर सकते। विश्व टूर में अब काफी टूर्नामेंट होते है और खिलाड़ियों का स्वास्थ्य निश्चित रूप से ऐसी चीज है जिसे प्रत्एक खिलाड़ी को ध्यान देना पड़ता है क्योंकि आप हर टूर्नामेंट में नही खेल सके और पूरे साल अच्छा प्रदर्शन नही कर सकते।

## त्रिकोणीय श्रृंखला : वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

**भाषा।** ईस्ट लंदन

**सीनियर** खिलाड़ियों की वापसी की पूरी संभावना को देखते हुए भारत सोमवार को यहां महिला टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित चोटी की खिलाड़ियों के अस्वस्थ होने के कारण बाहर हो जाने के बावजूद भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि हरमनप्रीत कौर और अन्य खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ वापसी करेंगे या नहीं। वेस्टइंडीज को अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। पहले मैच में हरमनप्रीत के अलावा शिखा पांडे, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर भी अंतिम एकादश में शामिल नहीं थी। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना से अंतरराष्ट्रीय कैप हासिल करने वाली अमनजोत कौर ने अपने पहले मैच में ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारतीय टीम एक समय पांच विकेट पर 69 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी जिसके बाद अमनजोत ने 30 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली जिससे भारत ने छह विकेट पर 147 रन बनाए। अमनजोत को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में सीनियर खिलाड़ियों की वापसी होने पर भी निगाहें 21 वर्षीय अमनजोत पर ही टिकी रहेंगी। भारत इस मैच में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। त्रिकोणीय श्रृंखला इस लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले आखिरी टूर्नामेंट है। त्रिकोणीय श्रृंखला दो फरवरी को समाप्त होगी।

# शमी की उमरान को सलाह

### ●लाइन और लेंथ पर काम करोगे तो दुनिया पर राज कर सकते हो



**भाषा।** रायपुर

**अनुभवी तेज** गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है की उमरान मलिक का अपनी रफ्तार के कारण भविष्य उज्जवल है और यदि यह युवा तेज गेंदबाज अपनी लाइन और लेंथ पर काम करता है तो दुनिया पर राज कर सकता है। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान ने अपनी रफ्तार से प्रभावित किया है।

वह लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं लेकिन लाइन और लेंथ से जूझते हैं। शमी ने उमरान से कहा, मैं आपको केवल एक सलाह देना चाहता हूं। मुझे नहीं लगता कि आपकी जो रफ्तार है उसको खेलना आसान है। हमें केवल थोड़ा लाइन और लेंथ पर काम करने की जरूरत है। अगर हम इस पर नियंत्रण रख सकते हैं तो फिर दुनिया पर राज कर सकते हैं। इन दोनों तेज गेंदबाजों के बीच बातचीत का वीडियो बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किया गया है। आपके पास काफी ताकत है और आपका भविष्य उज्जवल है। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। उम्मीद है कि आप अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखोगे। उमरान ने शमी से पूछा कि वह प्रत्एक मैच में इतने शांतचित्त और खुश कैसे बने रहते हैं, उन्होंने कहा, जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आपको खुद पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। आपको अपने कौशल पर भरोसा रखना चाहिए। जब आप शांतचित बने रहते हैं और अपने कौशल पर भरोसा रखते हैं तो आपके पास अपनी रणनीति के अनुसार चलने का अच्छा मौका होता है। अपनी मुस्कान बनाए रखो क्योंकि यह सीमित ओवरों का क्रिकेट है जिसमें किसी की भी धुनाई हो सकती है। लेकिन खुद पर भरोसा रखो तथा पिच पर ध्यान दो और उसी के अनुसार गेंदबाजी करो।

## तीसरे वनडे मैच के लिए भारत और न्यूजीलैंड की टीम इंदौर पहुंची



**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड की टीम एक दिवसीय मैचों की जारी श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए रविवार को इंदौर पहुंचीं। यह मुकाबला मंगलवार (24 जनवरी) को शहर के होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों टीमें रायपुर से विशेष विमान के जरिए इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचीं जहां से उन्हें बस के जरिए होटल ले जाया गया। चश्मदीदों के मुताबिक दोनों टीमों के खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए हवाई अड्डे पर कई क्रिकेट प्रेमी जमा थे। पुलिस ने वहां सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए थे। एमपीसीए अधिकारी ने बताया कि न्यूजीलैंड की टीम अभ्यास के लिए सोमवार (23 जनवरी) को दोपहर के सत्र में होलकर स्टेडियम पहुंचेगी, जबकि भारतीय टीम वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र के तहत सोमवार शाम स्टेडियम पहुंच सकती है। गौरतलब है कि रायपुर में शनिवार (21 जनवरी) को खेले गए दूसरे एक दिवसीय मैच में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने न्यूजीलैंड के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया था जिससे मेजबान टीम ने आठ विकेट की जीत के साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त बना ली थी।

# अंडर-19 विश्व कप : भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया



**भाषा।** पोटचेफस्ट्रूम

**भारत ने रविवार** को यहां श्रीलंका पर सात विकेट की शानदार जीत से महिला अंडर–19 टी20 विश्व कप में ग्रुप एक सुपर सिक्स चरण में अपना अभियान फिर पटरी पर ला दिया। शनिवार को आस्ट्रेलिया से सात विकेट की हार के बाद टीम की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवर में श्रीलंका को महज 59 रन पर समेट दिया। सोलह साल की लेग स्पिनर पर्शवी चोपड़ा भारतीय गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ रहीं जिन्होंने चार विकेट झटके। बाएं हाथ के स्पिनर मन्नत कश्यप ने दो विकेट हासिल किए जिससे इन दोनों ने प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजी क्रम को चरमरा दिया। भारत ने फिर यह लक्ष्य 7.2 ओवर में ही हासिल कर लिया, हालांकि इस दौरान टीम ने शेफाली वर्मा, विकेटकीपर ऋचा घोष और श्वेता सहरावत के विकेट गंवा दिए। सौम्या तिवारी (नाबाद 28 रन) महज 15 गेंद में पांच चौके जड़ दिए। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और तेज गेंदबाज टिटास संधू ने पहली तीन गेंद में नेथमी सेनारत्ना को आउट कर दिया। फिर स्पिनरों ने जल्द ही जिम्मेदारी संभाली और कुछ ही देर में श्रीलंका की टीम संकट में घिर गई। केवल कप्तान विशमी गुणरत्ने (25) और उम्या रथनायाके (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। कसी गेंदबाजी कर रही भारतीय गेंदबाजों ने प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों को स्ट्रोक्स खेलने का जरा भी मौका नहीं दिया और उन्होंने अतिरिक्त रन के रूप में केवल एक रन दिया।

# सिटसिपास और कोर्डा क्वार्टरफाइनल में



कोर्डा

### ● आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियातेक बाहर

**भाषा।** मेलबर्न

**यूनान के तीसरे** वरीय स्टेफानोस सिटसिपास और अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा ने रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरूष वर्ग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गईं। महिला वर्ग में दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका ने 2016 के बाद पहली बार मेलबर्न पार्क के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने झू लिन को दो घंटे 40 मिनट तक चले मुकाबले में 4–6, 6–।, 6–4 से शिकस्त दी। 24वीं वरीयता प्राप्त अजारेंका ने 2012 और 2013 में आस्ट्रेलियाई ओपन जीता था और अब उनका सामना सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मंगलवार को जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने बारबोरा क्रेजसिकोवा को 7–5 , 6–2 से शिकस्त दी। अमेरिकी के 29वें वरीय कोर्डा ने हुबर्ट हुर्काज्ज को 3–6, 6–3, 6–2, l–6, 7–6 (10–7) से हराकर अपने पहले ग्रैंडस्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। तीसरे दौर में 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन और पिछले दो वर्षों में मेलबर्न पार्क के उपविजेता दानिल मेदवेदेव को हराने वाले 22 वर्षीय कोर्डा का सामना सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 18वें वरीय कारेन खाचानोव से होगा। तीसरे वरीय सिटसिपास ने 15वें वरीय यानिक सिनर को चार घंटे तक चले मुकाबले में 6–4, 6–4, 3–6, 4–6, 6–3 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया जिसमें उनकी टक्कर गैर वरीय जिरी लेचेका से होगी। पुरुष एकल में खाचानोव ने 31वें वरीय योशीहितो निशिओका को 6–0, 6–0, 7–6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में विंबलडन चैम्पियन एलेना रायबाकिना ने स्वियातेक को सीधे सेटों में हराकर पहली बार महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में 22वीं वरीयता प्राप्त रायबाकिना ने अपनी तीखी सर्विस से स्वियातेक को परेशान किया और डेढ़ घंटे तक चले मैच में 6–4, 6–4 से जीत दर्ज की। रायबाकिना क्वार्टर फाइनल में 2017 की फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको से भिड़ेगी जिन्होंने एक अन्य मैच में कोको गॉफ को 7–5, 6–3 से पराजित किया। रायबाकिना की तरह लाटविया की ओस्टापेंको भी पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम आठ में पहुंची है। स्वियातेक तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। उन्होंने पिछले साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। रायबाकिना की रैंकिंग उनके कौशल का सही आकलन नहीं करती क्योंकि पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद उन्हें रैंकिंग में कोई फायदा नहीं मिला था। डब्ल्यूटीए और एटीपी ने तब रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को विंबलडन में प्रवेश नहीं देने के ऑल इंग्लैंड क्लब के फैसले के कारण इस प्रतियोगिता से मिलने वाले अंक खिलाड़ियों की रैंकिंग में नहीं जोड़े थे।

### सानिया महिला युगल में हारी जीवन–बालाजी की जोड़ी भी बाहर

**भाषा।** मेलबर्न

**सानिया मिर्जा** और कजाखस्तान की उनकी जोड़ीदार अन्ना डानिलिना ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई जिससे भारतीय खिलाड़ी का ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं के महिला युगल में करियर का भी अंत हो गया। सानिया और डानिलिना की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को बेल्जियम की एलिसन वान उइतवैंक और यूक्रेन की एनहेलिना कलिनिना से दो घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 4–6, 6–4, 2–6 से हार का सामना करना पड़ा। एन श्रीराम बालाजी और जीवन नेदुनचेझियन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में जेरेमी चार्डी और फैब्रिस मार्टिन की फ्रांसीसी जोड़ी से शिकस्त झेलनी पड़ी।